रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 17 मई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 265 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

### 'स्पूतनिक वी' की दूसरी खेप भारत पहुंची

**नयी दिल्ली।** रूस की कोरोना वायरस वैक्सीन 'स्पूतनिक वी' की दूसरी खेप रविवार को भारत पहुंची। भारत में रूस के राजदूत निकोले कुदाशेव ने यह जानकारी दी। 'स्पूतनिक वी' की दूसरी खेप आज भारत के हैदराबाद पहुंची। श्री कुदाशेव ने ट्वीट कर कहा कि स्पूतनिक वी' की दूसरी खेप आज हैदराबाद पहुंच गई है। हम हम यह देखकर खुश हैं कि कोविड-19 के खिलाफ रूस-भारत की संयुक्त लड़ाई मजबूती से आगे बढ़ रही है। रूसी राजदूत ने कहा कि 'स्पूतनिक वी' कोरोना के नये स्ट्रेन के खिलाफ भी प्रभावी है और वैक्सीन की दूसरा खेप समय पर भारत पहुंच गई है। 'स्पूतनिक वी' की पहली खेप एक मई को भारत पहुंची थी। इसके बाद 14 मई को हैदराबाद में इस वैक्सीन की पहली खुराक दी गई।

### शोपियां में सुरक्षा बलों का तलाश अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को घेराबंदी तथा तलाश अभियान शुरू किया, जहां पर आज सुबह अत्याधुनिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद हुए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बार में पुख्ता सूचना के आधार पर प्रदेश पुलिस के विशेष अभियान दल, सेना तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने रविवार को शोपियां के पिंजुरा गांव में तलाश अभियान चलाया। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों के जवानों ने घर-घर जाकर तलाशी ली। उन्होंने कहा,तलाश अभियान आसपास के गांवों तथा जंगलों में भी चलाया जा रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 14 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में एक अरब डॉलर से अधिक की वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.44 अरब डॉलर बढ़कर 14 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गत सात अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.44 अरब डॉलर बढ़कर 589.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस साल 29 जनवरी के बाद यह सबसे अधिक है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि 07 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 43.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 546.49 अरब डॉलर पर रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से दूरभाष पर की चर्चा

# केन्द्र के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रहा छत्तीसगढ़ : भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरभाष पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से प्रदेश में कोविड-19 के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघले ने प्रधानमंत्री से कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए उनके और केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का छत्तीसगढ़ द्वारा पूरा पालन किया जा रहा है। राज्य में टेस्टिंग की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। ट्रेसिंग में भी तेजी आई है। पॉजिटिविटी दर में निरंतर कमी आ रही है, मरीजों की संख्या घट रही है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिन इलाकों में अभी भी केस ब? रहे हैं वहां अतिरिक्त टीमें लगायी गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को यह भी जानकारी दी कि प्रदेश में शासकीय और निजी कोविड अस्पतालों और केयर सेंटरों के बेडों की पूरी जानकारी को आनलाईन किया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति आसानी से इनका लाभ ले सके। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रधानमंत्री का राज्य में वैक्सीनेशन की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि चूकि वर्तमान में आक्सीजन की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है कि अतः 80 प्रतिशत अस्पतालों को और 20 प्रतिशत छोटे-मोटे उद्योगों को उपलब्ध कराने की मंजूरी दी जाए ताकि ये उद्योग भी अपना काम प्रारंभ कर सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उक्त दोनो मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

## चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से पीएम मोदी ने की बात



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के संक्रमित मामले भले ही हर दिन घट रहे हों लेकिन दैनिक मौतों के आंकड़ों ने स्थिति को और भयावह कर दिया है। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों से बात की। पीएम मोदी ने इन चारों राज्यों में कोरोना की स्थिति को लेकर चर्चा की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पीएम मोदी ने विस्तृत चर्चा की है। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने पीएम मोदी को बताया कि राज्य मे टेस्टिंग की क्षमता को बढ़ा दिया है। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पॉजिटिविटी रेट तेजी से गिर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में ग्रामीण इलाकों पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने पीएम मोदी को बताया कि राज्य में जिन इलाकों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, वहां अतिरिक्त टीम को तैनात कर दिया गया है। इसी के साथ उन्होंने पीएम मोदी से राज्य में उपयुक्त वैक्सीन देने की भी बात कही।

**उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से की बात-** पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी विस्तृत तौर पर बात की। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। सीएमओ ने बताया कि पीएम मोदी ने आज उत्तर प्रदेश में कोविड की स्थिति, कोविड के प्रबंधन और वैक्सीनेशन के बारे में बातचीत की। सीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना प्रबंधन सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। बेड की उपलब्धता, ऑक्सीजन की आपूर्ति, हर व्यक्ति को निशुल्क वैक्सीनेशन और जरूरतमंद को बेहतर उपचार को लेकर मार्गदर्शन मिला है। इसके अलावा वैक्सीनेशन वेस्टेज को कैसे रोका जाए, इस पर पीएम मोदी ने मार्गदर्शन किया।

# राहुल गांधी की सरकार को गिरफ्तार करने की चुनौती



एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोरोना टीके को विदेश भेजने को लेकर सवाल पूछते पोस्टर लगाने के आरोप में 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से भड़के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी है। श्री गांधी ने रविवार को ट्वीट किया, मुझे भी गिरफ्तार करो। इसी तरह से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सरकार के खिलाफ चिपके इस पोस्टर को अपने ट्विटर पर शेयर कर लिखा मोदी हमारे बच्चों की वैक्सीन विदेश क्यों भेज दी। श्रीमती वाड्रा यहीं नहीं रुकी और उन्होंने अपने ट्विटर प्रोफाइल की तस्वीर बदलकर इसी पोस्टर को प्रोफाइल फोटो बनाया है। पार्टी के अन्य कई नेताओं ने इसी तरह से अपने प्रोफाइल फोटो की जगह यह पोस्टर लगाए है।

## दिल्ली में 25 लोगों की गिरफ्तारी

इन पोस्टरों के बारे में बृहस्पतिवार को पुलिस को सूचना मिली थी। इसके बाद सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अलर्ट हो गए थे। इसके बाद मिली शिकायतों के आधार पर पुलिस ने 25 मुकदमे सरकारी आज्ञा के उल्लंघन और सार्वजनिक संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम की धाराओं में कई जिलों में दर्ज किए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी इस बात की जांच की जा रही है कि किसके कहने पर ये पोस्टर शहरभर में लगाए गए। उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने मुकदमों के बारे में बताया कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में तीन एफआईआर में दो लोग, पश्चिम दिल्ली में तीन एफआईआर में पांच लोग, बाहरी दिल्ली में तीन एफआईआर में तीन लोग, उत्तर पश्चिम दिल्ली में चार एफआईआर में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# दिल्ली में एक सप्ताह के लिए और लॉकडाउन बढ़ाया गया

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लॉकडाउन की वजह से दिल्ली में कोरोना का संक्रमण तेजी से कम हो रहा है इसलिए एक सप्ताह के लिए और लॉकडाउन बढ़ाया जा रहा जो 24 मई की सुबह पांच बजे तक प्रभावी रहेगा और पिछले सप्ताह की तरह ही सख्ती रहेगी। श्री केजरीवाल ने आज जीटीबी अस्पताल का दौरा कर कोविड मरीजों की रिश्तेदारों से बात कराने के लिए शुरू की गई वीडियो कॉलिंग सुविधा का जायजा लिया और कहा कि लॉकडाउन की वजह से दिल्ली में कोरोना का संक्रमण तेजी से कम हो रहा है। इसलिए दिल्ली में एक सप्ताह के लिए और लॉकडाउन ब?ाया जा रहा है। लॉकडाउन 17 मई की बजाय अब 24 मई की सुबह पांच बजे तक प्रभावी रहेगा और पिछले सप्ताह की तरह ही सख्ती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते हैं कि हमने पिछले कुछ दिनों में जो हासिल किया है, वह एकदम से खत्म हो। दिल्ली में संक्रमण दर 11 से घटकर 10 फीसद हो गई है और अगले सप्ताह तक और सुधार की उम्मीद है। साथ ही, ब्लैक फंगस के संबंध में हमें जो भी कदम उठाने की जरूरत होगी, हम वह सभी कदम उठायेंगे। उन्होंने कहा कि जब से कोरोना महामारी आई है, तब से दिल्ली सरकार का जीटीबी अस्पताल आगे बढ़ कर लोगों की सेवा कर रहा है और लोगों का इलाज कर रहा है। अस्पताल में भर्ती कोरोना मरीज अगर अपने परिवार और रिश्तेदारों से बात करना चाहते हैं, तो हम उनकी वीडियो कॉलिंग के जरिए उनके परिजनों और रिश्तेदारों से बात कराते हैं।

# चक्रवाती तूफान ताउते पूर्व-मध्य सागर पर केंद्रित

वार्ता < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

चक्रवाती तूफान ताउते रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे यह पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर केंद्रित रहा तथा पिछले छह घंटों के दौरान लगभग 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ उत्तर की ओर आगे बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को यहां विशेष बुलेटिन में यह जानकारी दी। केन्द्र ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान चक्रवाती तूफान ताउते के और तेज होने की संभावना है। इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और सोमवार (17 मई) की शाम को गुजरात तट पर पहुंचने और मंगलवार (18 मई) की सुबह पोरबंदर के आसपास और महुवा (भावनगर जिला) के बीच गुजरात के तटीय क्षेत्र को पार करने की अनुमान जताया गया है। बुलेटिन में तेलंगाना के लिए अगले पांच दिनों के लिए चेतावनी जारी की गयी है कि चक्रवाती तूफान के आने पर अगले 24 घंटों के दौरान तेलंगाना के सभी जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गरज और तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। सोमवार को तेलंगाना में आदिलाबाद, कोमाराम भीम, मंचेरियल, निर्मल, निजामाबाद, नालगोंडा, सूर्यापेट, महबूबाबाद, वारंगल ग्रामीण, वारंगल शहरी, जंगोअन, सिद्दीपेट, नागरकुरनूल, वारनापार्थी, नारायणपेट और जोगुलांभा गडवाल जिलों के अलग-अलग स्थानों पर बिजली के कड़कने और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वहीं मंगलवार को आदिलाबाद, कोमाराम भीम, मंचेरियल, जगत्याल, राजन्ना सिरिसियल, करीमनगर, पेड्डापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, महबूबाबाद, वारंगल ग्रामीण, वारंगल शहरी, जांगोअन, तेलंगाना के सिद्दीपेट और नागरकुरनूल में गरज के साथ बारिश होने की संभावना जतायी गयी है।

### चक्रवाती तूफान ताउते से प्रभावितों तक अविलंब मदद पहुंचे : नड्डा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए कि एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में हम अपनी जिम्मेदारी को इस तरह निभाएं ताकि चक्रवाती तूफान ताउते से प्रभावितों तक राहत कार्य और मदद अविलंब पहुँच सके और जान-माल की क्षति कम से कम हो। श्री नड्डा ने रविवार को च वात 'ताउते' के मद्देनजर गोवा, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, दमन और दीव एवं गुजरात के भाजपा सांसदों, विधायकों और राज्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा, 'ताउते के रूप में हमारे सामने एक संकट आया है। तू?ान प्रभावित जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकारें हैं, वहां हमें सरकार के साथ मिल कर और जहाँ हमारी सरकारें नहीं हैं, वहां स्थानीय स्तर पर प्रशासन के साथ मिल कर तुरंत एक ऐसी व्यवस्था विकसित करें कि हम प्रभावितों तक सीधे जुड़ पायें और उन्हें फौरी तौर पर राहत उपलब्ध करा सकें।'

## गृहमंत्री ने 'ताउते' से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों तथा दमन एवं दीव और दादर नगर हवेली के प्रशासक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्चस्तरीय बैठक में चक्रवाती तूफान 'तौकते' से निपटने की तैयारियों की आज समीक्षा की। प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को चक्रवाती तूफान 'ताउते' से निपटने की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद शाह ने रविवार को समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का आयोजन स्थिति से निपटने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों एवं एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करने के लिए किया गया था। बैठक में गृह मंत्री ने विशेषकर चक्रवात से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में मौजूद सभी स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य प्रशासन और जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे सभी कोविड अस्पतालों, लैब, वैक्सीन कोल्ड चेन और अन्य चिकित्सा केंद्रों में पावर बैकअप की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने वाहनों की आवाजाही में संभावित व्यवधान को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाओं और आपूर्ति का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने की भी सलाह दी। चक्रवात के मार्ग में पड़ने वाले संभावित स्वास्थ्य केंद्रों को नुकसान से बचाने और रोगियों की सुरक्षित निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार रिकवरी दर बढ़ी

# देश में कोरोना के 3,11,170 नये मामले, 4,077 लोगों की मौत

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में जारी गिरावट के बीच पिछले 24 घंटो के दौरान 3,11,170 नये मामले सामने आये हैं और इस महामारी से 4,077 लोगों की मौत हो गई है। देश में इस अवधि के दौरान 3,62,437 लोगों ने इस महामारी को मात दी है जिससे रिकवरी दर बढ़कर 83.83 फीसदी हो गयी है। इस बीच 17 लाख 33 हजार 232 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 18 करोड़ 22 लाख 20 हजार 164 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में तीन लाख 62 हजार 437 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक दो करोड़ 07 लाख 95 हजार 335 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इस दौरान 3,26,098 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 43 लाख 72 हजार 907 हो गया। सक्रिय मामले 31,091 कम होकर 36 लाख 73 हजार 802 हो गये हैं। इसी दौरान 4,077 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,70,284 हो गयी है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 15.07 प्रतिशत हो गयी है, वहीं मृत्युदर अभी 1.09 फीसदी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 25185 कम होकर 4,96,498 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 59,073 और मरीजों के ठीक होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 47,67,053 हो गयी है जबकि 960 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 80,512 हो गया है। केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 3142 बढ़कर 4,45,692 हो गये तथा 29,442 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 16,66,232 हो गयी है जबकि 96 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 6339 हो गयी है।

### विश्व में कोरोना से 33.71 लाख से ज्यादा की मौत

विश्वभर में कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब तक करीब 16.26 करोड़ से इससे प्रभावित हो चुके हैं तथा 33.71 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 16 करोड़ 25 लाख 88 हजार 032 हो गयी है, जबकि 33 लाख 71 हजार 120 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 29 लाख 24 हजार से अधिक हो गयी है जबकि 5.85 लाख से ज्यादा लोगों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। दुनिया में कोरोना संक्रमितों के मामले में भारत दूसरे स्थान पर और मृतकों के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले 24 घंटों में तीन लाख 62 हजार 437 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक दो करोड़ 07 लाख 95 हजार 335 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इस दौरान 3,26,098 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 43 लाख 72 हजार 907 हो गया। सक्रिय मामले 31,091 कम होकर 36 लाख 73 हजार 802 हो गये हैं। इसी दौरान 4,077 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,70,284 हो गयी है।

# कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए सरकार तैयार : योगी

एजेंसी < नोएडा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए सरकार की कार्य योजना पूरी तरह से तैयार हैं। श्री योगी ने रविवार को यहां पत्रकारों से कहा कि कोरोना के खिलाफ युद्धस्तर पर और प्रभावी ढ़ंग से लड़ाई लड़ी जा रही है। यही वजह है कि राज्य में कोरोना के सक्रिय मामले तेजी से घट रहे हैं। हम पूरी सावधानी के साथ काम कर रहे हैं। तीसरी लहर से मुकाबले के लिए खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में समर्पित तौर पर आईसीयू बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में हमें संक्रमण रोकना ही होगा। इसके लिए ट्रेस, टेस्टिंग और ट्रीट की रणनीति बनाई गई है। संक्रमित व्यक्ति की त्वरित पहचान कर अगर उसका त्वरित उपचार शुरू हो जाए, तो मामला क्रिटिकल नहीं होगा। इसलिए हम एंटीजन टेस्ट के साथ ही उन्हें मेडिकल किट दे रहे हैं। आरटी-पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट भले ही बाद में आए, हम उपचार शुरू कर दे रहे हैं। मरीजों को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। श्री योगी ने कहा कि अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अगर मरीज की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट निगेटिव है और उसमें कोरोना के लक्षण हैं, तो उनकी जांच के लिए डिजिटल एक्सरे करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजाना औसतन 2.50 लाख लोगों की टेस्टिंग हो रही है। अब तक 4.5 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना की प्रथम लहर में हमने टीम 11 बनाकर प्रभावी नियंत्रण किया था, दूसरी लहर में टीम-9 बनाकर सबकी जवाबदेही तय की गई है। यही वजह है कि आज बीते 24 घंटे में पाजीटिव केस तकरीबन 10 हजार ही आए हैं। पहले संक्रमण का रेट 22 फीसद था, जो घटकर पांच फीसद हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1.50 करोड़ लोगों को हम वैक्सीन दे चुके हैं और आगे भी युद्धस्तर पर वैक्सिनेशन होगा। 45 साल से ऊपर के लोगों को भारत सरकार वैक्सिन उपलब्ध करा रही है। गौतमबुद्धनगर समेत 23 ऐसे जिले हैं, जहां 18 से 44 वर्ष की उम्र के लोगों को भी वैक्सिन दिया जा रहा है।

# आदिवासी समाज को जागरूक करने समाज के पढ़े-लिखे और सक्षम लोग सामने आएं : राज्यपाल

## समाज को अपना योगदान देने का यही है सही समय




■ राज्यपाल शामिल हुईं आदिवासी सेवा मंडल भोपाल द्वारा कोविड-19 पर आयोजित वर्चुअल कार्यशाला में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आदिवासी सेवा मंडल भोपाल द्वारा कोरोना से बचाव एवं उपचार के संबंध में आयोजित वर्चुअल कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज स्वाभिमानी होता है। वह स्वयं से बढ़कर किसी चीज की मांग नहीं करता, लेकिन यह समय है कि समाज के पढ़े-लिखे और सक्षम लोग सामने आकर अपना योगदान दें, उनकी मदद करें। उनकी मदद करने का यही सही समय है। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा कि कोरोना ने जैसी परिस्थिति उत्पन्न की है वैसा किसी ने कल्पना भी नहीं किया था। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कोरोना से लड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कई तरह की योजनाएं, पैकेज, टीकाकरण आदि का काम तेजी से किया जा रहा है, लेकिन वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी समाज के लोग जिनके पास टीवी, रेडियो या समाचार पत्र के साधन नहीं है, उन तक शासन की योजनाओं की जानकारी नही पहुंच पातीहै। ऐसे में समाज के शिक्षित और सक्षम वर्ग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि उन्हें जागरूक करें। आखिरी व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रेमी आदिवासी समाज के लोग सीधे-साधे होते हैं। आदिवासी भाइयों को एकजुट होकर जागरूक करने का यही अवसर है। शिक्षित होने के कारण आपका दायित्व और बढ़ जाता है कि रोजगार, इलाज इन तक पहुंचाएं। सबसे बड़ी बात इनके मन से कोरोना का डर निकालना जरूरी है। आदिवासी समाज बहुत मजबूत होता है इनकी इम्यूनिटी बहुत अधिक होती है, वे वन्य औषधियों का प्रयोग कर अपने इम्यूनिटी कैसे बढ़ा सकते हैं, इन्हें क्या खाना चाहिए हमें यह बताना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है इसका बड़ा कारण लापरवाही है। लक्षण दिखने पर भी ग्रामीण सामान्य बुखार और खांसी सर्दी की बात कहकर जांच नहीं करा रहे हैं। हमें अपने आदिवासी समाज के भाइयों को जागरूक करना है कि एक-दो दिन में ही लक्षण दिखने पर कोरोना की जांच कराएं क्योंकि यह वायरस दो-तीन दिन में ही फेफड़ों को प्रभावित कर देता है। जांच में देरी होने से हमें नुकसान हो सकता है।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा कि समाज के प्रमुख लोग वैक्सीन लगाकर वीडियो और फोटो वायरल करें इससे भी वैक्सीनेशन के लिए ग्रामीण जागरूक होंगे। कोरोना से निजात पाने वैक्सीन लगाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नगरीय प्रशासन मंत्री ने आरंग में 6.73 करोड़ की लागत से बनने वाले गोदाम का वर्चुअल भूमिपूजन

## गोदाम के बनने से क्षेत्र में ही समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के भण्डारण की सुविधा का होगा विस्तार : डहरिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज आरंग में छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम द्वारा लगभग 6 करोड़ 73 लाख रूपए की लागत से 10 हजार 800 मेट्रिक टन क्षमता के बनने वाले गोदाम का वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष अरूण वोरा, नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर और कोमल सिंह साहू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में जुड़े। मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि इस गोदाम को अप्रैल 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिसमें आगामी सीजन का उपार्जित चावल भण्डारण किया जा सकेगा। इस योजना के पूर्ण होने के उपरांत लगभग 200 से 300 स्थानीय हम्मालों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही क्षेत्र में भण्डारण सुविधा का विस्तार होगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने इस अवसर पर कहा कि आरंग कृषि प्रधान क्षेत्र है। कृषकों द्वारा उत्पादित धान की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाती है। उपार्जित चावल के भण्डारण हेतु आरंग में पर्याप्त भण्डारण सुविधा नहीं होने के कारण दूरस्थ वेयरहाउसों तक परिवहन कराया जाता था। शासन को परिवहन व्यय अतिरिक्त देना होता था। गोदाम के बनने से चावल के भण्डारण की सुविधा आरंग में ही उपलब्ध हो सकेगी। आरंग में वर्तमान वेयरहाउस की क्षमता 1800 मेट्रिक टन है। छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा अतिरिक्त 10 हजार 800 मेट्रिक टन क्षमता की आवश्यकता एवं 8 वर्ष की व्यवसायिक गारंटी दी गई है। संचालक मंडल की 44वीं बैठक से स्वीकृति प्राप्त कर गोदाम निर्माण कार्य कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोदाम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराई गई है एवं नाबार्ड के वेयरहासिंग इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से वित्तीय सहायता ऋण प्राप्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि शाखा आरंग में 10 हजार 800 मेट्रिक टन क्षमता गोदाम निर्माण कार्य के अंतर्गत 1800 मेट्रिक टन क्षमता के 6 गोदाम वैज्ञानिक भण्डारण के अनुरूप बनाए जाएंगे। परिसर में वाहनों के आवागमन हेतु कांक्रीट रोड़ बनाई जाएगी तथा परिसर में हम्मालों की सुविधा हेतु हम्माल विश्रामालय, सार्वजनकि शौचालय, धर्मकांटा स्थापना आदि के कार्य किए जाएंगे। परिसर की सुरक्षा के लिए बाउण्ड्रीवाल, कार्यालय भवन, चौकीदार क्वार्टर, स्टाफ क्वार्टर, विद्युतीकरण आदि कार्य साथ-साथ किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा अपने गठन पश्चात निरंतर प्रगति करते हुए स्वयं की भण्डारण क्षमता में अशातीत वृद्धि की है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन की 16 लाख 15 हजार 21 मेट्रिक टन स्वनिर्मित क्षमता के अतिरिक्त जमाकर्ता की विशेष मांग पर 3 लाख 54 हजार 832 मेट्रिक टन किराये की क्षमता लेकर कुल 19 लाख 69 हजार 853 मेट्रिक टन भण्डारण क्षमता सम्पूर्ण प्रदेश में उपलब्ध कराकर वैज्ञानिक भण्डारण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के प्रदेश में कुल 135 शाखा संचालित है। जो शासन के सर्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के महत्वपूर्ण केन्द्र है।

# सकारात्मक सोच के साथ बुजुर्ग दंपत्ति ने दी कोरोना को मात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इन दिनों जहां देशभर में कोरोना के कारण हाहाकार मचा हुआ है। अस्पताल के सारे बेड फुल होते जा रहे हैं। ऐसे में ही कुछ ऐसे है जो अपनी सकारात्मक सोच के साथ दवाइयां लेते हुए अपने आपको व्यस्त बनाए रखकर कोरोना को मात दे रहे है। लोगों के अनुभवों को लेकर आ रहा है।

देवेन्द्र नगर निवासी 67 वर्षीय किशोर दामानी ने बताया कि पिछले दिनो कोरोना के लक्षण दिखते ही उन्होंने इसका परीक्षण करवाया और घर में एक कमरे में आइसोलेट हो गए। उनके साथ उनकी पत्नी रीता दामानी का भी कोरोना रिपोर्ट भी पाजीटिव आई। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्होंने घर में आइसोलेट होने के साथ ही डॉक्टर से परामर्श करके दवाइयां ली। दवाइयों के साथ ही घर में रोजाना तीन से चार बार भाप लेना, काढ़ा पानी व प्राणायाम किया। इन सबके साथ ही सबसे ज्यादा जरूरी चीज है आपकी सकारात्मक सोच। कोरोना संक्रमण के दौरान घर में पूरा तरह से सकारात्मक माहौल रहता था और साथ में धार्मिक किताबें व भजन भी सुना करते थे। किशोर दामानी का कहना है कि दवाइयों के साथ ही आपकी सकारात्मकता ही कोरोना को हराने में सक्षम है।

# कोविड-19 और वूमन हेल्थ विषय पर वेबिनार में भ्रांतियों को किया दूर

■ कोरोना पाजिटिव माताएं बच्चों को पिला सकती हैं दूधः नीरज पहलाजानी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पहलाजानी वूमन अस्पताल, अशोका सुपरस्पेशिलिटी व आइडीए छत्तीसगढ़ चैप्टर के तत्वावधान में कोविड-19 और वूमन हेल्थ विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में डॉ. नीरज पहलाजानी, डॉ. मधुप्रीता अग्रवाल, डॉ. सारिका श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया। डॉ. नीरज ने कहा कि कोरोना पाजिटिव माताएं बच्चों को दूध पिला सकती हैं। कोरोना पाजिटिव गर्भवती महिलाओं के गर्भस्थ शिशु को कोरोना नहीं होता डॉ. मधुप्रीता ने वैक्सीन के विषय मे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला भी तीन माह के बाद वैक्सीन ले सकती हैं। वैक्सीन संबंधित अफवाहों का निराकरण बताया। उन्होंने बताया कि कोरोना वैक्सीन को लगवाने के बाद बुखार आना, सिर भारी होना, सुई लगने की जगह पर सूजन आना सामान्य लक्षण हैं। इसे लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। यदि कोई अन्य परेशानी हो रही है, तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें।

डॉ. सारिक श्रीवास्तव ने बताया कि आहार द्वारा ऑक्सीजन का स्तर कैसे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयरन युक्त आहार विटामिन-सी डी युक्त आहार एट्टी एक्सीडेंट युक्त आहार एल्कलाइन आहार कैसे ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने में मददगार है। वेबिनार का संचालन अमन वर्मा और प्रश्नोत्तर पदमिनी सम्भाकर ने किया। बताते चलें कि कोरोना काल में कई तरह के संशय लोगों के मन में हैं। साथ ही कई तरह की भ्रांतियां लोगों के मन में हैं। इसे दूर करने के लिए डॉक्टर हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। वेबिनार के साथ ही अस्पताल में आने वाले लोगों को भी कोरोना से संबंधित जरूरी सावधानियों और भ्रांतियों के बारे में सजग किया जा रहा है। गांवों में भी लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न समाजों के स्वयंसेवक युवाओं की टीम काम रही है।

# कोरोना महामारी से लड़ने और प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए गृह मंत्री ने साहू समाज से की आग्रह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी से लड़ने और कोरोना प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने साहू समाज से आग्रह किया है। गृहमंत्री साहू आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय साहू समाज के पदाधिकारियों की वेबिनार में शामिल हुए। उन्होंने समाजिक पदाधिकारियों से कहा कि हमें पिछले वर्ष की अनुभव के आधार पर इस वर्ष भी कोरोना महामारी से लड़ाई लड़नी है और जरूरतमंद लोगों की मदद करनी है। उन्होंने समाज प्रमुखों से कहा कि वे कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अपने जिलों में अधिक से अधिक लोगों को मास्क वितरण करें और वेक्सिनेशन के लिए जागरूक करें। उन्होंने जरूरतमंदों को सूखा राशन वितरण करने का भी आग्रह किया। गृह मंत्री ने कहा कि हमारे सभी सामाजिक साथी पूरे प्रदेश में समन्वय बनाकर मानवसेवा का कार्य करते रहें। हर तहसील एवं परिक्षेत्र में कोरोना से दिवंगत हुए लोगों के परिजनों की हर संभव सहायता मुहैया कराई जाए।

गृह मंत्री ने साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिरवानी एवं उनकी टीम और चिकित्सा प्रकोष्ठ के सभी साथियों को कोरोना काल में किये गए सेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाज के उन सभी लोगों को जो कोरोना काल में मानव सेवा के लिए तन-मन-धन से लगे हुए उनकी सराहना की।



# बाइबिल स्कूल 24 से ऑनलाइन शुरू होकर 30 मई तक चलेगा

■ प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक धार्मिक शिक्षा दी जाएगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हर साल सिविल लाइन स्थित सेंट पॉल्स कैथेड्रल चर्च में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बाइबिल से संबंधित शिक्षा देने शिविर का आयोजन किया जाता है। इस साल यह आयोजन ऑनलाइन किया जा रहा है। ऑनलाइन शिविर 24 मई से शुरू होकर 30 मई तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक शिविर में धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। इसमें संडे स्कूल के बच्चों समेत मसीही समाज के अन्य बच्चे भी पंजीयन करवा सकते हैं। छत्तीसगढ़ डायसिस के प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल ने बताया कि संडे स्कूल अध्यक्ष जय प्रकाश व डिक्सन बैंजामिन शिविर की तैयारी में जुटे हैं। शिविर मं शामिल होने के लिए दो लिंक शेयर किए जाएंगे। पहला लिंक डिवोशन और स्तुति आराधना के लिए होगा। दूसरा लिंक क्लास के लिए होगा।

बच्चे जब ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करेंगे तो उन्हें अपने साथ बाइबल, नोट बुक, पेन लेकर अवश्य बैठना होगा। इस बार मुख्य विषय है - मंजिल बिना किसी सीमा के। मुख्य पद मत्ती 10.39 है। मसीही समाज के सदस्यों से अपील की गई है कि आनलाइन शिविर में सभी अपने बच्चों की उपस्थिति दर्ज करवाएं, ताकि वे सब आत्मिक उन्नति में आगे बढ़ते जाएं। पंजीयन कराने के लिए अध्यक्ष जय प्रकाश, सचिव अलीशा मसीह, कोषाध्यक्ष सेजल चौधरी के मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ में वैक्सीनेशन के लिए बनाई गई सरकारी वेबसाइट पूरी तरह से ठप हो गया

# टीका एप अभी बच्चा है, जल्दबाजी में किया गया लांच : मंत्री टीएस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में वैक्सीनेशन के लिए बनाई गई सरकारी वेबसाइट पूरी तरह से ठप हो गया है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने वैक्सीन की कमी और टीकाएज को लेकर बयान दिया है किटीकाएप अभी बच्चा है, जल्दी में बना है इसलिए हो रही हैं गड़बड़ियां। टीकाएप को जल्दबाजी में लांच किया गया है। यदि कोई तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं तो उसे जल्द ही ठीक करने की कोशिश की जाएगी। बच्चा चलना शुरू कर रहा है थोड़ी दिक्कतें तो आएंगी ही। गौरतलब है कि 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के टीकाकरण के लिए राज्य सरकार ने अलग से पोर्टल बनाया है। यह केंद्र सरकार से अलग है। यह ऑनलाइन पंजीयन का सिस्टम है। तय हुआ था टीकाएप पोर्टल में पंजीयन करवाने वालों को ही वैक्सीन की डोज लगायी जाएगी।

आज तो वह वेबसाइट की ठप्प हो गई। टीकाकरण केंद्रों पर बवाल हुआ तो स्वास्थ्य विभाग ने वेबसाइट का संचालन करने वाली छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी पर ठीकरा फोड़ा है। उप सचिव सुरेंद्र सिंह वाघे ने चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेजकर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने लिखा कि CG Teeka पोर्टल ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। इसकी शिकायतें सभी जिलों से आ रही हैं। इससे भी बुरी बात यह है कि इन समस्याओं पर बात करने के लिए चिप्स का कोई अधिकारी भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने पत्र में आगे लिखा है कि- पिछले दो दिनों से आपको बार-बार कहा जा रहा है कि सर्वर की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि इस प्रोजेक्ट को चिप्स से एसडीसी के सर्वर पर रेप्लिकेट करके रखें, लेकिन खेद का विषय है कि चिप्स ने इस सबंध में कोई कार्रवाई नहीं की। स्वास्थ्य विभाग के अनुरोध के बाद भी 24 घंटा और सातों दिन काम करने वाला हेल्पडेस्क भी नहीं बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने चिप्स से सभी समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया है।

## टीका पोर्टल में आ रही समस्या, पंजीयन नहीं होने से लोग परेशान

कोरोना टीका के लिए पंजीयन कराने कराने वाले पोर्टल में समस्या आ रही है। नतीजा यह है कि कई लोग टीकाकरण के लिए पोर्टल में पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सीजी टीका पोर्टल की समस्या को लेकर चिप्स को पत्र लिखा है। दरअसल, विभिन्न जिलों से सर्वर में तकनीकी समस्या के चलते पोर्टल में पंजीयन ना हो पाने की शिकायत लगातार आ रही है। सुबह से ही कई जिलों में इसके चलते टीकाकरण प्रभावित हुआ है। इधर ऑनलाइन पंजीयन ना हो पाने से लोग भी काफी परेशान हुए हैं। ऐसे में जल्द समस्या को दूर करने के लिए विभाग के अधिकारियों को कहा गया है। वहीं, सर्वर में तकनीकी दिक्क त को देखते हुये मैनुअल पंजीयन कर टीकाकरण के निर्देश दिए हैं। इधर आज से ही टीकाकरण के लिए टोकन सिस्टम खत्म कर दिया गया था। वहीं ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद आप टीका लगवाने की बात कही गई थी। राजधानी में 12 नए टीकाकरण केंद्र भी बनाये गए हैं। इसके साथ जिले में अब 30 केंद्र होंगे। रायपुर में शनिवार को 18-44 आयु वर्ग के 5742 लोगों का टीकाकरण किया गया। मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर मीरा बघेल ने बताया कि टीकाकरण के लिए पंजीयन करना अनिवार्य होगा। 18 से 44 वर्ष के व्यक्ति पर आनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। या फिर केंद्र में भी जाकर पंजीयन किया जा सकता है। तकनीकी खराबियों के चलते अब सुधार तक मैनुअल पंजीयन कर टीकाकरण के निर्देश दिए हैं।

## देर से पहुंचा टीका

इधर, सुबह से ही केन्द्रों में टीका लगाने क्व लिए लंबी कतारें थीं। टीका खत्म होने की स्थिति में आज कई केन्द्रों में टीका देर से पहुंचा। इसके चलते बजी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को ऑनलाइन पंजीयन को लेकर जानकारी ना होने के अभाव में सुबह से ही केंद्रों के कतार में खड़े दिखे। जहां उन्हें पंजीयन के बाद ही टीका लगाने की बात कही गई।

## आदिगुरु शंकराचार्य प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर आज दिव्य समारोह

**रायपुर।** आदिगुरु शंकराचार्य प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर 17 मई को देश के हर कोने में दिव्य समारोह आयोजित होंगे। पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाभाग के पावन कृपा एवं आशीर्वाद फलस्वरूप इस महामारी संकटकाल में सभी भक्तजन अपने अपने घरों में रुद्राभिषेक शिवपूजन आराधना, सत्संग, संगोष्ठी, भजन संकीर्तन के द्वारा सर्वजनकल्याणार्थ संकल्प के साथ महाप्रभु के श्रीचरणों में सादर प्रार्थना समर्पित करेंगे, जिससे इस भीषण संकट का शीघ्र निवारण हो सके। सब स्वस्थ रहें, सुखी रहें, परिवार में, समाज में, देश में, विश्व में इस भावना के साथ ही सभी के सुख, शांति, समृद्धि की कामना तथा आपस में सद्भावपूर्ण संवाद के द्वारा सनातन संस्कृति के अनुरूप शासनतंत्र की स्थापना हो। ध्यान रहे आदिगुरु शंकराचार्य महाभाग ने आज से 2528 वर्ष पूर्व तात्कालीन शासनतंत्र ने जब सनातन संस्कृति को विनष्ट करने का षड्यंत्र किया तथा भारत को खंडित करने का प्रयास किया, तब उस संकट काल में इस अनीति के बिरूद्ध शंखनाद करते हुये अल्प समय में ही दिग्विजय यात्रा करते हुए।हिन्दुओं के प्रशस्त मान-बिन्दुओं की रक्षा करते हुये व्यासपीठ एवं शासनतंत्र का शोधनकर वैदिक साम्राज्य की स्थापना की। आज तीर्थ, धाम, मठ मंदिर आश्रम जो दिखाई पड़ रहे हैं, वे उस समय लुप्त हो गये थे।

# महिलाओं ने संकट की घड़ी में हर मोर्चे पर फर्ज की मिसाल पेश की

## बढ़ते कोरोना संक्रमण की कड़ी को तोड़ने में महिला पुलिस एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भी सराहनीय कदम

पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com



अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में है दूध और आंखों में पानी। नारी की तस्वीर अब ऐसी नहीं है वह सबला हो गई है। अपनी योग्यता के बल पर घर से लेकर बाहर तक, पति से लेकर बच्चों तक की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं। कोरोना काल में सरकारी व घरेलू महिलाओं ने जिम्मेदारी को जिस तरह से पूरा किया वह सराहनीय है। खासकर ऐसी महिलाएं जो स्वास्थ्य सेवा या पुलिया विभाग तथा समाजसेवा में रहीं उनके लिए कोरोना काल में अपनी व दुधमुहें बच्चे की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती थी। इसका मुकाबला करते हुए उन्होंने दोनों में गजब का सामंजस्य दिखाया तभी तो कहा गया है कि नारी तू नारायणी।

कोरोना का कहर इन दिनों तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है और अंतागढ़ भी इससे अछूता नहीं है यहां भी प्रतिदिन कोरोना के नए मरीज मिल रहे हैं , ऐसे में कोरोना की बढ़ते संक्रमण की रोकथाम करने के लिए अन्तागढ़ के महिला पुलिस एवं स्वास्थ्य कर्मी फ्रंट लाइन में कड़ी ड्यूटी कर रहे हैं।

महिला पुलिस की टीम विभिन्न स्थानों में सुबह से ही तैनात होकर अनावश्यक घूमने वाले को लॉकडाउन की सख्ती से पालन करवाने तथा कोरोना संक्रमण की कड़ी को तोड़ने में प्रशासन की सहयोग करने की अपील भी करती नजर आती हैं ,साथ ही कोरोना जैसी महामारी के बीच ड्यूटी करने के बाद महिला पुलिसकर्मी समाज के बाकी सुरक्षित बचे हुए लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग भी कायम कर पाने में सफल हो रहे हैं. वो चाहे घर के सदस्य हों या फिर समाज के लोग वहीं स्वास्थ्य विभाग की महिला टीम चौकन्ने निगरानी में अन्तागढ़ के गोल्डन चौक में सुबह से लेकर शाम तक शिविर लगाकर बेवजह घूमने वाले को करोना टेस्ट करती है जिससे कोरोना पोसेटिव होकर घूमने वाले मरीजो की पहचान होती है, और इस शिविर से अनावश्यक घूमने वाले लोगो में लगाम लगी हैं, अन्तागढ़ में पुलिस, स्वास्थ्य एवं नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत और सतर्कता से कोरोना की बढ़ते संक्रमण में निगेटिव की राहत भरी खबरें भी आ रहीं हैं ।

# खाद और पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों के खिलाफ विधायक नाग का प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार द्वारा खाद एवं पेट्रोल डीजल के दाम में ऐतिहासिक वृद्धि के विरोध में आज अंतागढ़ के विधायक अनुप नाग अपने निवास के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। विधायक अनुप नाग ने कहा की हमारा देश कृषि प्रधान देश है हमारे देश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत आधार कृषि ही है और हमारे किसानो की स्तिथि ही देश में सबसे कमजोर है पहले केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर थोपे गए काले कृषि कानून और अब आपदा में अवसर ढूंढते हुए खाद की कीमत में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई ।अगर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा ऐसे ही किसानों को प्रताड़ित किया जाता रहेगा तो किसान कहा जायेगा और किसानों का भविष्य क्या होगा तत्पश्चात विधायक अनुप नाग ने कहा की पूरा देश आज कोरोना महामारी से लड़ने में व्यस्त है हर जगह हाहाकार मचा हुआ है और केंद्र की मोदी सरकार सिर्फ आपदा में अवसर ढूंढने का प्रयास कर रही है । जहां लॉक डाउन की वजह से लोगों की कमर टूट रही है और केंद्र सरकार की वजह से आम नागरिक इस बुरे दौर में भी पेट्रोल डीजल के बढ़े हुए रेट की वजह से अपनी कमर तोड़ने के लिए मजबूर है ।

विधायक अनुप नाग ने केंद्र की मोदी सरकार से तत्काल खाद के दाम को कम कर किसानों को राहत प्रदान करने एवं पेट्रोल डीजल की एक्साइज ड्यूटी भी कम करने की मांग की । विधायक निवास स्थान के सामने अन्तागढ़ विधायक अनूप नाग के साथ उनकी दीपश्री नाग भी इस प्रदर्शन में सम्मिलित हुई ।

# भूपेश सरकार अंतिम संस्कार के वसूल रही पैसे : ओजस्वी मंडावी

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली/दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ओजस्वी मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मानवता को तार-तार करने वाली घटना सामने आने से भूपेश सरकार का असली चेहरा सामने आया है।एक ओर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है दूसरी ओर भूपेश सरकार श्मशान घाट पर शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पैसे लेने में लगी है।सरकार दाह-संस्कार के लिए लकड़ी-कंडों जैसी सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराने के बड़े बड़े दावे करती है लेकिन इसके एवज में परिवार से अवैध वसूल करने में लगी है। किरंदुल नगर पालिका में कोरोना संक्रमण से मौत के बाद अंतिम संस्कार के नाम पर 5700 रुपए वसूला गया है। किरंदुल निवासी ज्योति सिंह की कोरोना से मौत हो गई थी. परिवार की आर्थिक स्थिति पैसे देने लायक नहीं थी। इसके बाद भी कर्ज लेकर नगर पालिका को परिवार ने पैसों का भुगतान किया।



**टीकाकरण में सरकार विफल :** ओजस्वी मंडावी ने प्रदेश सरकार को पूर्णतः असफल करार देते हुए आरोप लगाया कि,सरकार लोगों की जान बचाने की जगह दारू पिला कर मारने में लगी है।छत्तीसगढ़ पहला राज्य बन चुका है जहां शव दाह के भी पैसे लिए जाते हैं।

# जिला में शासन के आदेश के तहत तेन्दूपता संग्राहकों को नगद पारिश्रमिक भुगतान चालू

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



तेन्दुपता सीजन वर्ष 2021 में तेन्दुपता संग्रहण कर्ताओं के पिछले वर्ष तक उनके बैंक खाता के माध्यम से उनके पारिश्रमिक भुगतान किया जा रहा था किंतु इस वर्ष 2021 को जिला कोडागांव में तेन्दुपता संग्रहण कर्ताओं को उनके पारिश्रमिक नगद भुगतान कराने हेतु जिला कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा कोंडागांव द्वारा राज्य शासन के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला को ज्ञापन क्रमांक 98/2021 दिनांक - 13.05.2021 के माध्यम से जिला कोडागांव में निरंतर कोरोना संक्रमण व लाक डाउन के चलते तेन्दुपता पारिश्रमिक नगद भुगतान कराने हेतु मांग ज्ञापन भेजा गया था जिला कलेक्टर के उपरोक्त ज्ञापन पर राज्य शासन द्वारा कोंडागांव जिला के वन वासियों के गरीबी हालत व कोरोना संक्रमण को देखते हुए जन भावनाओ को देखते हुए राज्य शासन के वन मंत्रालय की प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ का आदेश क्रं. 2224/2021/10-2/13/मई/2021 को ही आदेश जारी करते हुए जिला कोडागांव एवं दंतेवाड़ा के तेन्दुपता संग्रहण कर्ताओं को उनके पारिश्रमिक नगद भुगतान कराने उपरोक्त आदेश राज्य शासन से जिला को प्राप्त के तहत केसकाल वन मंडल सहित जिला कोडागांव में संग्रहण कर्ताओं को संबंधित वनोपज प्रबंधक व पोषक अधिकारी एवं क्षेत्र जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समिति द्वारा प्रविष्ट कार्डो के सत्यापन अनुसार नगद भुगतान कराने का कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने की जानकारी वन मंडल केशकाल सूत्रों से प्राप्त हुआ है तेन्दुपता संग्रहण कर्ताओं को उनके पारिश्रमिक नगद भुगतान कराने के लिए क्षेत्रीय जनता ने क्षेत्र के विधायक व जिला कलेक्टर एवं राज्य शासन को धंयवाद ज्ञापित करते हुए कलेक्टर जिला कोडागांव का आभार व्यक्त की है!

# लोगों के लिए जीवन दायिनी बन रहा ब्लड डोनर फाउंडेशन

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में ब्लड की कमी को देखते हुए 13 अक्टूबर 2015 को ब्लड डोनर फाउंडेशन का शुभारंभ किया गया और तब से इस संस्था द्वारा क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। कोरोना महामारी के बीच में इस क्षेत्र के युवा कोरोना योद्धा बनकर जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन कर के ब्लड उपलब्ध करा रहे है। पिछले वर्ष भी कोरोना काल में तीन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस वर्ष भी दुर्गुकोंदल और बाँसला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में लोगों ने रक्तदान किये। कोरोना काल और लॉकडाउन में भी लोग बड़ी संख्या में हॉस्पिटल पहुंच कर ब्लड के जरूरत मंदो को ब्लड डोनेट कर रहे हैं।

काविश पोटाई ने बताया की पहले बार जब मैंने ब्लड डोनेट किया था तब मुझे बहुत डर लगा था और मुझे चक्कर भी आया था। आज मैंने पंचवा बार ब्लड डोनेट किया हैं। वैक्सीन लगाना है कर के मुझे पता चला तो मैंने वैक्सीन लगाने से पहले ब्लड डोनेट किया। आप लोग भी वैक्सीन लगाने से पहले ब्लड डोनेश अवश्य ही करें। कांकेर जिला में कोलमदेव हॉस्पिटल में ही ब्लड बैंक था। वहां भी बहुत कम ही ब्लड उपलब्ध रहता था, जिसको काफी उच्चे दामो में खरीदना पड़ता था।

# दूसरा चरण खतरनाक, सभी दल राजनीति छोड़ एकता के साथ सहयोग करे : शशिधरन

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



वैश्विक महामारी कोरोना कोविड 19 कि दूसरा चरण जो वर्तमान में अपना कहर बढ़ता जा रहा है इस दुखद घड़ी में समस्त दल एवं संगठनों को अपना ओझी राजनीति व बयान बाजी छोड़कर सभी जन मानस को एक मंच पर व एक जुट होकर एकता के साथ दुखद घड़ी में सामने आकर सहयोग करना चाहिए उपरोक्त राय जनमानस को जागरुकता लाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार के शशीधरन संवाददाता केसकाल जिला कोडागांव छत्तीसगढ़ द्वारा अपना निजी राय वक्त करते हुए कहां है, उक्तशय ने जनमानस को दी इस संदेश में आगे कहा की वर्तमान में खौफ बना कोरोना महामारी प्रथम चरण से बहुत खतरनाक होने की जानकारी मीडिया एवं डॉक्टरों के सूत्रों से जनमानस को लगातार मिल रहा है! दूसरा चरण में जारी वर्तमान कोरोना काल में हमारे बीच के विभिन्न अच्छे-अच्छे व जवान लोगों अपना प्राणों की आहुति दे दिया है जो किसी का बेटा ,बेटी ,बहू ,दमांद व माता पिता भी है इस नाजुक परिस्थिति में सभी लोग अपना ओझी बयान बाजी छोड़कर एक जुट होकर एक साथ इस महामारी मे शासन द्वारा आदेश निर्देश का कड़ाई से पालन करते हुए सहयोग करने अपील किया गया है के. शशिधरन ने आगे कहा कि कोरोना महामारी कि दूसरे चरण पहले की कोरोना से अलग है, तथा बहुत ही खतरनाक है, दूसरा चरण की इस महामारी के सभी शहर से लेकर ग्रामीण जन कोरोना रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी आदेश निर्देश का कड़ाई से पालन करते हुए अनावश्यक रुप से घूमना फिरना बंद करने के साथ समाजिक दूरियां बनाकर मास्क लगाकर व सेनीटाईजर उपयोग करते हुए सभी जनता कोरोना वैक्सीन जरुर लगाने की अपील की है।

### स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधनों की उपलब्धता हेतु विभिन्न पदों के लिए 543 का किया गया चयन

**जगदलपुर।** कोविड 19 संकमण की रोकथाम हेतु बस्तर जिले के स्वास्थ्य केंद्रो में मानव संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर रजत बंसल द्वारा समय समय पर विभिन्न पदों पर चयनित उम्मीदवारों के नियुक्ति आदेश जारी किये गये है,जिनमें स्टाफ़ नर्स के 247, वाहन चालक के 10, स्वच्छता कर्मी के 125, वार्ड आया के 13 और वार्ड बाय के 148 पदों सहित कुल 543 पदों पर भर्ती की गई है।उपरोक्त नुसार पदों में 543 चयनित उम्मीदवारो के नियुक्ति आदेश पुर्व मे जारी किये जा चुके है। जिसकी विस्तृत जानकारी बस्तर जिले के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। समस्त चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति हेतु 7 दिवसों की अतिरिक्त समय सीमा दी गई है।

# गौण खनिज रेत और चूनापत्थर का अवैध परिवहन करते तीन वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार प्रभारी खनि अधिकारी हेमंत चेरपा के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल द्वारा 14 मई को जिले के तहसील बस्तर क्षेत्र के चपका, सोनारपाल एवं भानपुरी में औचक निरीक्षण के दौरान गौण खनिज रेत के एक वाहन एवं दो वाहन चूनापत्थर का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खनिज का अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। इस अवैध परिवहन में टिप्पर कमांक सी.जी. 27 एच 6916,टिप्पर कमांक सी.जी. 17 एच 3009, टिप्पर कमांक सी.जी. 17 केआर 5600 के ख़िलाफ़ बिना वैध अभिवहन पास के चालको द्वारा खनिजों का परिवहन करते पाये जाने पर खनिज मय वाहनों को जप्त किया गया। उपरोक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है, अतएव अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध पुनः इसी प्रकार कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा निरन्तर जांच किया जा रहा है।

## पहली बार मिला पामेड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एंबुलेंस

# विधायक विक्रम मंडावी ने हरी झण्ड़ी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतिम छोर पर बसा पामेड बीजापुर जिले का अतिसंवेदनशील एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र के रूप में जाना जाता है पामेड के ठीक बाद तेलंगाना राज्य की सीमा प्रारम्भ होती है और पूरा पामेड क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ है। पिछले कई वर्षों से पामेड क्षेत्र के लोग अपने दैनिक उपयोग के साथ साथ खाद्य सामग्रियों के लिए पूरी तरह छत्तीसगढ़ सीमा से सटे तेलंगाना राज्य पर ही निर्भर है। यहाँ तक कि स्वास्थ्य जैसे मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी पामेड क्षेत्र के लोग तेलंगाना राज्य पर ही निर्भर है।

वर्तमान में पामेड में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां लोगों का प्राथमिक उपचार होता है। लेकिन बड़े अस्पतालों तक पहुँचने के लिए कोई साधन नहीं होने के कारण पामेड क्षेत्र के लोग पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और शासन प्रशासन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामेड के लिए एम्बुलेंस की माँग करते रहे है। ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष एवं पामेड क्षेत्र के ज़िला पंचायत सदस्य कमलेश कारम ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामेड के लिए एम्बुलेंस की मांग क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी एवं शासन प्रशासन से लगातार कर रहे थे, उक्त माँग की आवश्यकता को समझते हुए रविवार को बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने ज़िला कलेक्टर रितेश अग्रवाल, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर आदि के विशेष उपस्थिति में विक्रम मंडावी ने हरी झण्ड़ी दिखाकर एम्बुलेंस को पामेड के लिए रवाना किया है। पामेड जैसे सुदूर क्षेत्र में एम्बुलेंस होने से किसी भी मरीज़ को बेहतर उपचार के लिए अच्छे से अच्छे अस्पताल लाने ले जाने में सुविधा होगी।

ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र के ज़िला पंचायत सदस्य कमलेश कारम ने पामेड क्षेत्र की जनता की ओर से विधायक विक्रम मंडावी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷एम्बुलेंस की माँग पामेड के लोग लम्बे अरसे से कर रहे थे और एम्बुलेंस पामेड जैसे क्षेत्र के लिए बहुत ज़रूरी थी जिसे क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने हरी झण्ड़ी दिखाकर एम्बुलेंस को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामेड की ओर रवाना किया है, इससे दर्जनों गाँव के लोग लाभान्वित होंगे। पामेड जैसे सुदूर क्षेत्र में पहली बार एम्बुलेंस मिलने से लोग खुश है।

# विभागीय फड़ों में नहीं हुआ संग्रहण कार्य, व संग्राहकों में मायूसी और आक्रोश : चैतराम अटामी

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली/दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी ने तेंदूपत्ता खरीदी में विभाग पर खरीदी को लेकर उदासीनता का आरोप लगाया है। वहीं जिला कलेक्टर को संग्राहकों को नगद भुगतान प्रदान करने की व्यवस्था करवाने के लिए धन्यवाद दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष अटामी ने वन विभाग पर आरोप लगाया कि जिन पचड़ों में विभाग के माध्यम से खरीदी होनी थी वहां विभाग ने खरीदी ही नही की। इससे उन क्षेत्रों के संग्राहक काफी दुःखी और आक्रोशित हैं। उन्होंने बताया कि कुआकोंडा और कटेकल्याण ब्लॉक के मोखपाल, नकुलनार, कटेकल्याण आदि फड़ों में विभागीय प्रभारियों द्वारा तेंदूपत्ता खरीदी की जानी थी।



उक्त फड़ों में विभाग ने खरीदी ही नहीं की। वहीं जिले के अन्य फड़ों में समितियों के माध्यम से रिकॉर्ड खरीदी की गई है। वर्तमान में लॉक डाउन के चलते ग्रामीणों के पास रोजगार का अभाव भी है। क्षेत्र के ग्रामीणों को तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए साल भर से इंतजार रहता है, इससे वे कुछ आय के भरोसे अपने सँजोये होते हैं। विभाग ने उनके साल भर के सपनों में पानी फेर दिया। जबकि इन क्षेत्रों में बूटा कटाई का कार्य भी विभाग द्वारा करवा ली गई थी। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व सुकमा बीजापुर सहित चार जिलों में तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान की घोषणा की गई थी। दंतेवाड़ा के संग्राहकों को भी नगद भुगतान करने के लिए जिला कलेक्टर ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर आग्रह किया था। जिसके आधार पर दंतेवाड़ा के संग्राहकों को भी नगद भुगतान की सुविधा दी गई, जिला कलेक्टर के उक्त प्रयास के लिए जिला अध्यक्ष अटामी ने उन्हें धन्यवाद दी है। साथ ही विभागीय त्रुटि के चलते कुआकोंडा और कटेकल्याण के वंचित संग्रहनकर्ताओं को सूचीबद्ध कर, उनकी भरपाई सम्बंधित विभाग से करवा कर उनके साथ न्याय करने की अपील की है।

# मनरेगा के तहत 126 ग्राम पंचायतों में 160 विभिन्न कार्यों के लिए 13 करोड़ 17 लाख की मंजूरी

## 78 तकनीकी सहायक मनरेगा कार्यो के साथ जन जागरूकता के भी करेंगे कार्य

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 126 ग्राम पंचायतत में 160 कार्य हेतु 13 करोड़ 17 लाख 02 हजार की स्वीकृति दी है। इसमें विकासखण्ड बालौदाबाजार के 9 ग्राम पंचायतों मे 13 कार्य 1 करोड़ 5 लाख रुपये, भाटापारा के 26 ग्राम पंचायतों मे 26 कार्य हेतु 2 करोड़ 20 लाख रुपये, बिलाईगढ़ के 28 ग्राम पंचायतों मे 43 कार्य के लिए 3 करोड़ 72 लाख रुपये, पलारी मे 40 ग्राम पंचायतों मे 50 कार्य हेतु 4 करोड़ 3 लाख रुपये के तथा सिमगा के 23 ग्राम पंचायत मे 28 कार्य 2 करोड़ 15 लाख राशि को स्वीकृति दी है। कलेक्टर मे इन कार्यो को कोरोना महामारी के लिए जारी गाईडलाईन के अनुसार कराने को कहा है। जिन ग्राम पंचायतों मे गाइडलाइन का पालन नहीं किया जावेगा वहा कार्य बन्द रखने का निर्देश दिये है। साथ ही कलेक्टर जैन के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत फरिहा आलम सिद्की ने कार्य सम्पादन के लिए अलग 12 बिंदुओं का मार्गदर्शिका जारी किया है।

जिसका अनुपालन कार्य सम्पादन के समय किये जाने हेतु ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कार्यो का सतत निरीक्षण सभी जनपद सीईओ को करने निर्देश दिये गये हैं।कलेक्टर ने ऑनलाइन माध्यम से पंचायतों में कार्यरत मनरेगा के सभी तकनीकी सहायकों एवं पीओ से बातचीत कर उनको मनरेगा के कार्य के साथ जन-जागरुकता कर कार्य करनें के निर्देश दिए है। कोरोना संकट से निपटने के लिये जिले मे कार्यरत 78 तकनीकी सहायको को अपने प्रभार के सभी ग्राम पंचायत मे मूल कार्यो के साथ साथ कोवीड-19 के संक्रमण के रोकथाम के लिए आवश्यक पहल करने हेतु आदेश भी दिये है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने सभी तकनीकी सहायकों को आदेश जारी कर दिया गया है। तकनीकी सहायकों को ग्राम स्तर पर बिना कार्य के घुमने वाले,एक स्थान पर एकत्रित होकर चौक चौराहों पर बैठने वालें लोगों को समझाइश देनें कहा गया है। साथ ही कोविड के संदर्भ में जन जागरूकता के तहत अन्य कार्य करनें कहा गया है जिसमें मुख्य रूप से वैक्सीनेशन एवं टेस्टिंग शामिल है। साथ ही गांव के निगरानी दल के साथ मिलकर सहयोग की अपेक्षा की गयी है। साथ ही इनके द्वारा किये गये कार्य का प्रतिदिवस जिला स्तर से मूल्यांकन किया जावेगा। इस संबंध में सभी तकनीकी सहायकों को ग्राम सह एक अलग से निरीक्षण प्रतिवेदन दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की ने सभी जिला वासियों से आग्रह किया है की ग्राम पंचायत स्तर पर अनेक समूह जनहित एवं सामाजिक कार्य करते है।आप सब की भागीदारी से कोरोना रोकथाम को गावों में काफी बल मिलेगा। आप सभी गावों में आगें आकर गावों को संक्रमण मुक्त बनाते हुए एक स्वस्थ समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ते है।

# श्रीराम आयोग मित्र अभियान गूगल के माध्यम से शुरू हुई निःशुल्क चिकित्सा सलाह

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोविड के बढ़ते प्रकोप से आम जनमानस को होती निरंतर परेशानियों को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा धनुष फाऊंडेशन के सहयोग से दिनांक 15 मई 2021 को श्री राम आरोग्य मित्र अभियान ज़िला बलौदा बाज़ार भाटापारा की शुरुआत गूगल मीट के माध्यम से हुई।

इसका उद्देश्य है लोगों को निःशुल्क घर बैठे ही फोन के माध्यम से चिकित्सा सलाह एवं परामर्श मिल सके। इस अभियान के तहत ड्कद्वस्त्रद्वद्दस्त्र नामक एक एप्प लॉन्च किया जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश से स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स एक निर्धारित समय पर सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसमें मरीज़ इस एप्प के माध्यम से डॉक्टर से ऑनलाईन जुड़ सकेंगे एवं अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे ।

इस अभियान के तहत सम्पूर्ण प्रदेश में परिषद द्वारा अपने समर्पित स्वयंसेवकों को जोड़ कर उन्हे आरोग्य मित्र बनाया जा रहा है जिनकी भूमिका मरीज़ और डॉक्टर के बीच में मध्यस्थता की रहेगी। साथ ही मरीज़ के स्वास्थ्य की निगरानी का कार्य भी आरोग्य मित्र के द्वारा किया




जाएगा । इस अभियान में पूरे प्रदेश से अब तक कुल 25 डॉक्टर्स जुड़ चुके हैं। तथा लगभग 2500 से अधिक आरोग्य मित्र के माध्यम से यह सेवा प्रदान की जाएगी। इस सेवा का विस्तार मुख्य रूप से ग्रामीण एवं सुदुर अंचल में अनुपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखकर कोविड कर प्राथमिक उपचार के परामर्श हेतु प्रारम्भ किया जा रहा है। अप्प के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग करके चिकित्सक मरीज को होम आइसोलेशन तथा क्वारन्टीन रहते हुए कैसे स्वास्थ्य लाभ ले सकते है इसकी सुविधा पूर्णतः निशुल्क प्रदान की जाएगी। वर्तमान में सभी चिकित्सकों तथा आरोग्य मित्रों का व्यापक प्रशिक्षण प्रारम्भ है ताकि अप्प के माध्यम से कैसे यह सेवा दी जा सकती है इसकी जानकारी समस्त कार्यकर्ताओं और चिकित्सकों को बारीकी से हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक तिवारी ज़िला मठ मंदिर प्रमुख बलौदा बाज़ार, संतोष गोलछा, प्रांत अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ जितेंद्र वर्मा प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़, घनश्याम चौधरी प्रांत सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ खोड़श कश्यप जी ज़िला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलौदाबाज़ार- भाटापारा व डॉक्टर विकास मिश्रा ने मार्गदर्शन प्रदान किया ।

कार्यक्रम का संचालन विहिप के ज़िला मंत्री राजेश केशरवानी ने किया? बैठक में मुख्य रूप में विहिप ज़िला अध्यक्ष सुशील भुसानीया, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, बजरंग ज़िला संयोजक रवि वर्मा , विहिप कर्वधा ज़िला अध्यक्ष संजय तिवारी, विहिप बिलासपुर ज़िला उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, ज़िला सेवा प्रमुख विनय गुप्ता, जिल कोषाध्यक्ष शिव तिवारी, जिल मिडिया प्रभारी किशन वर्मा, संघ के खंड़ प्रमुख पुरुषोत्तम साहु, राज नारायण केशरवानी भवानी ठाकुर, नारायण वैष्णव, दीपक, दुबेस चक्रधारी, भरत चक्रधारी, शालिन साहु, राजा केशरवानी, वाशु वर्मा व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# राज्य सभा सांसद छाया वर्मा का सार्थक पहल, सांसद निधि से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला को एम्बुलेंस प्रदान किया



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में छाया वर्मा (सांसद राज्यसभा)ने सांसद निधि से एक एम्बुलेंस प्रदान किया, जिसका सांसद महोदया श्रीमती छाया वर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने पूजा अर्चना कर विधिवत रूप से एम्बुलेंस की चाबी बी एम ओ पटेल के हाथों सौपी ष्इस अवसर पर सुहेला ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता । डॉ अयाज़ अहमद फारूकी, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष भानु वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य बसंत आडिल, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रवि अनंत, राकेश बघेल, शेरखान (रज्जू )एल्डरमैन पलारी, पत्रकार सालिक सिंह ठाकुर, आदि उपस्थित जनों ने राज्य सभा सांसद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सूहेला ब्लाक में 59 गांव आते है जिनमे एक भी एम्बुलेंस नहीं होने के कारण अस्वस्थ्य होने पर लोगो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था, लेकिन राज्य सभा सांसद द्वारा एम्बुलेंस की सौगात दी जाने से लोगो को काफी राहत मिलेगी ।

# समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि आगे आकर लोगों को टीकाकरण के लिए करें प्रेरित, तभी शत प्रतिशत टीकाकरण संभव : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

केलक्टर सुनील कुमार जैन ने टीकाकरण को लेकर जिले के सभी समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर जिलें में कोरोना संक्रमण की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जिलें में धीमी गति से टीकाकरण होना एक गंभीर चुनौती बनती जा रहीं। टीकाकरण के बिना कोविड के खिलाफ लड़ाई को जीता नही जा सकता है। समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि आगें आकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें तभी शत प्रतिशत टीकाकरण संभव हो पाएगा। समाज के सहयोग बिना यह टीकाकरण अभियान सफल नही हो पायेगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों से कहा कि आप सभी अपनें अपने स्तर में टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक करें। साथ ही टीकाकरण के संबंध में फैलायी जा रही अफवाहों एवं भ्रामक प्रचारों का तीव्र विरोध करें। टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित है कोविड के खिलाफ एक रामबाण दवा है। बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वस्थ समाज के लिए टीकाकरण बहुत ही अनिवार्य है। उन्होंने आगें कहा कि आप लोगों के माध्यम से जो संदेश जाएगा वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाता है अतः आप सभी इस दिशा में अवश्य कार्य कर लोगों को



प्रेरित करें। इस दौरान समाज प्रमुखों ने भी टीकाकरण में हो रही समस्याओं एवं अपने महत्वपूर्ण सुझाव कलेक्टर को दिए। जिस पर केलक्टर ने सभी के सुझावों को स्वीकार करते हुए आगामी कार्य योजना में उसे शामिल करने की बात कही। शादियों एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में सँख्या को करें सख्त नियंत्रण कलेक्टर ने कहा कि इस संक्रमण के दौर में ना जाने हम सब अपने आसपास बहुत से लोगो एवं रिश्तेदारों को खोया है। आगें भविष्य में इस तरह कोई दुर्घटना ना हो इसके लिए हमें अभी से सचेत होना पड़ेगा। संक्रमण को बढ़ाने में सामुहिक कार्यक्रम का भी एक बड़ा योगदान रहा है। आप सभी शादियों एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित सँख्या में ही लोगों शामिल करनें के लिए प्रेरित करें।

टीकाकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण सुझाव समाज प्रमुखों द्वारा दिया गया। जिसमें 4-5 गांवों आपस में मिलाकर क्लस्टर बनाने की बात कही गयी एवं टीकाकरण टीम को उस गांव में भेजा जाये जिससे निश्चित ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकतें है। कलेक्टर ने इस सुझाव को शासन स्तर में पहुंचाने की बात कही।

सभी समाज प्रमुखों ने एक सुर में कहा हम सब मिलकर टीकाकरण अभियान में सहयोग करेंगे एवं कोरोना के खिलाफ लड़ाई में समाज के लोगों को जागरूक करनें में आगें आएगें। सभी ने कहा जिला जल्द से जल्द कोरोना मुक्त हो इस दिशा में आगें बढ़ते हुए कार्य करेंगें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला, अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की भी उपस्थित थे। यह बातचीत ऑनलाइन माध्यम से की गयी।

## टीकाकरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू, सीजी टीका पोर्टल से मिलेंगी सुविधा

**बलौदाबाजार।** कोविड वैक्सीन टीकाकरण को लेकर राज्य सरकार का ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल सीजी टीका का शुभारंभ हो गया है। अब जिलें के 18 से 44 वर्ष के हितग्राही घर बैठे ही अपनें मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करा सकतें। इस पोर्टल के माध्यम से हितग्राही खुद ही नजदीकी टीकाकरण केंद्र एवं दिन और समय का चुनाव कर सकतें है। इसमें शेड्यूलिंग की पूरी व्यवस्था की गई है। जिन हितग्राहियों के पास मोबाइल अथवा नेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे हितग्राहियों के लिए पंचायत मुख्यालयों,नगरीय निकायों के मुख्यालयों एवं नगर निगमों इत्यादि विभिन्न स्थानों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। जहाँ ऐसे हितग्राहियों का पंजीयन किया जा सकेगा। केलक्टर सुनील कुमार जैन ने सम्बंधित अधिकारियों को हेल्प डेस्क बनाने के के संबंध में दिशा निर्देश दिए है। ताकि जिन लोग अपना ऑनलाइन पंजीयन नही करा सकतें उनका भी पंजीयन कराया जा सकें एवं ग्रामीण लोग भी अधिक से अधिक इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। पंजीयन कराने के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजीटीईए डॉट सीजीएसटीएटीई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकतें है।

# भाजपा नेता रितेश ने कोविशिल्ड का प्रथम डोज लगवाया

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

युवा भाजपा नेता रितेश श्रीवास्तव ने जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के नगर पलारी में स्थित हाईस्कूल में संचालित 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों के कोरोना रोकथाम हेतु संचालित टीकाकरण अभियान में पहुंचकर कोविशिल्ड वैक्सीन का प्रथम डोज लगवाया और लोगों से कोविड दिशा निर्देशों का शब्दशः पालन व प्रशासन को इसमें सहयोग करने की अपील की एवं अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण स्वयं कराने व लोगों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया।



श्रीवास्तव ने सभी से निवेदन करते हुए कहा कि किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और आमजन के लिए उसे सुरक्षा कवच बताया और आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह श्री हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर आये थे उसी प्रकार इस चीनी वायरस से देश के नागरिकों के बचाव हेतु विद्वान चिकित्सकों ने दिन रात मेहनत कर वैक्सीन लायाए उन्होंने इसमें सार्थक भूमिका का निर्वहन करने वाले हमारे देश के मुखिया यशस्वी प्रधानमंत्री मानण् नरेंद्र मोदी एवं वैक्सीन बनाने वाले भारतीय चिकित्सकों सहित तमाम डॉक्टरोंए नर्सए पुलिसए स्थानीय प्रशासनए फ्रंट लाइन वर्कर्सए सफाइ कर्ता, मजदूर सहित सभी सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री को किसानों की चिंता, सम्मान निधि के 517.44 करोड़ जारी की

पायनियर संवाददाता पिथौरा
www.dailypioneer.com

लॉक डाउन के दौरान भी देश के प्रधानमंत्री को किसानों की चिंता है सम्मान निधि के रूप में प्रदेश में 517.44 करोड़ की राशि जारी की है। भाजयुमो नेता हामिश रिजवी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना संकट के दौरान भी किसान सम्मान निधि के तहत आठवीं किस्त जारी करने पर भाजयुमो पिथौरा की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है और कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने किसानों के प्रति अपनी संवेदनाये प्रकट की है, पूरे देश मे साढ़े 9



करोड़ किसानों के लिये राहतभरी खबर है, एक तरफ देश में लॉकडाउन लगने के बाद किसानों के सामने अनेक चिंताएं थी किंतु प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 2460478 किसान भाइयों के खाता में डीबीटी द्वारा 517. 44 करोड़ की राशि जारी की गई , प्रधानमंत्री पीएम किसान योजना के तहत किसान परिवार को हर वर्ष छः हजार रुपये दिए जाते है, उक्त पैसा सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किया जाता है इस योजना के तहत अब तक 1.15 लाख करो? रुपये से अधिक सम्मान राशि किसानों को दी जा चुकी है, केंद्र सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि नाम से योजना चलाई है। वही पूरे देश मे उन्नीस हजार करोड़ की राशि जारी की गई है जिसका पूरे युवाओं की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

## जिला कोविड हास्पिटल को शिक्षक समुदाय द्वारा एसी, वाटर कुलर, इंडक्शन, मास्क, सेनेटाइजर आदि दिया गया

**लवन।** बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के द्वारा आपसी सहयोग से जिला कोविड हास्पिटल बलौदाबाजार में सहयोग के लिए राशि का संकलन किया गया था। जिसमें विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत कार्यरत 187 शिक्षकों, अन्य विभाग के कर्मचारियों एवं कुछ समाज के जु? हुए लोगों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया था। संकलित राशि से शिक्षकों के द्वारा जिला कोविड अस्पताल बलौदाबाजार में जिला कोविड हास्पिटल प्रभारी डॉ शैलेन्द्र साहू को 2 एयर कंडिशनर, 1 वाटर कूलर, 2 इंडकक्शन हीटर, मास्क, सेनेटाईजर एवं पेसेन्ट्स के लिए बिस्किट आदि प्रदान किया गया। डॉ शैलेन्द्र साहू द्वारा विकासखण्ड के शिक्षकों के द्वारा किये जा रहें इस प्रयास के लिए हास्पिटल परिवार की ओर से धन्यवाद दिया गया। उन्होनें उपस्थित शिक्षकों को हास्पिटल में कोविड पेंसेंट के इलाज और उनको मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

## कोरोना वैक्सीन टीका जीवन दायिनी

# कोपरा सरपंच घर-घर जाकर लोगों को किया टीका अवश्य लगाने प्रेरित



पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के सबसे बडे ग्राम पंचायत कोपरा मे सरपंच डॉ डॉली साहू एव पंच गांव की मितानीन बहनो के द्वारा गांव भ्रमण कर प्रत्येक घर जा जाकर कोरोना वायरस टीका लगाने प्रेरित करते नजर आऐ । सरपंच ने कोरोना वायरस से अपनी सुरक्षा कैसे करना है मास्क का उपयोग साफ सफाई कोरोना संक्रमित व्यक्ति को होम आइसोलेसन मे क्या क्या करना है इस बारे मे हर घर मे जाकर जानकारी दी गई । वहीं दुकानों और सब्जी बाजार में जाकर लोगो को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर समान और सब्जी लेने का अपील भी किया । सरपंच डा. डाली साहू ने घर घर जाकर लोंगो को बताया कि कारोना वैक्सीन टीका जीवन दायनी है शासन द्वारा 18 प्लस के सभी लोगों को निशुल्क टीका स्वास्थ्य केंद्रों में लगाया जा रहा है सभी को टीका अवश्य लगवाना है इसमे डरने जैसी कोई बात नहीं है और गलत आफवाओ मे ना जाऐ । नगर भ्रमण में दिलेश्वरी पटेल डिगेश्वरि तारक भाना बाई यादव योगेश्वरि तेज राम साहू सहित पंच और मितानिन बहने शामिल थी।

# जिपं अध्यक्ष स्मृति ठाकुर के प्रयासों से झरगांव अस्पताल को मिला एम्बुलेंस

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर के प्रयासों से झरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 108 एंबुलेंस की सुविधा प्राप्त हुआ जिससे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर का स्वास्थ्य विभाग एवं क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया संकट के समय को देखते हुए तत्काल स्मृति नीरज ठाकुर मैनपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत झरगांव स्वस्थ्य केन्द्र को 108 एंबुलेंस की सेवा प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ के आखिरी छोर तक बसे इलाकों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो सके, इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है वही क्षेत्र के प्रतिनिधि भी अपने स्तर पर हर संभव मदद करते नजर आ रहे हैं जिला पंचायत की अध्यक्षा स्मृति ठाकुर भी कोरोना काल की शुरुआत से ही लगातार जनसेवा में लगी हुई है और



अब तक उनके द्वारा लोगों की सेवा में कई सराहनीय कार्य किए गए हैं इसी कड़ी में जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम झरगांव के ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों द्वारा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा बेहतर हो इसके लिए एम्बुलेंस की मांग जी गई थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेकर एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराई है। ज्ञात हो कि झरगांव जिला पंचायत अध्यक्षा का गोद ग्राम भी है एंबुलेंस न होने के चलते क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है, लेकिन अब ये समस्या हल कर दी गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा एंबुलेंस प्रदान किए जाने के बाद क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है, वही झरगांव सरपंच तुकाराम पाथर, रामानुज नेताम, नीतू बघेल सहित आसपास के लोगों ने इसके लिए जिला पंचायत अध्यक्ष को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। इसके अलावा स्मृति ने मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र मैं शव वाहन की व्यवस्था कराने हेतु कलेक्टर के नाम पत्र भी ज्ञापित की है और बहुत जल्द मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र को शव वाहन मिलने वाला है जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाकर गरियाबंद से मैनपुर के लिए रवाना किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण झरगांव अस्पताल में मरीजो को पहुंचने मे भारी परेशानियां उठानी पड़ती थी आज झरगांव के लिये एम्बुलेंस की सेवा स्वास्थ्य सुविधाओं में गति मिले।

## क्विक न्यूज

### झांसा देकर शारीरिक शोषण, आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में



**मुंगेली।** शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी को फास्टरपुर पुलिस ने हिरासत में लिया । मामला फ स्टरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केशलि खुर्द का है , जहां नेमसिंह ओगरे पिता रामाधार ओगरे उम्र लगभग 23 वर्ष अपने ही गांव की लड़की पूजा भास्कर पिता मुन्ना भास्कर उम्र लगभग 21 साल को अपने प्रेम जाल में फंसाकर पिछले पांच-छह वर्षों से लगातार शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण कर रहा था, किंतु बाद में पूजा भास्कर आरोपी नेमसिंह आगरे से शादी करने की बात कहने पर नेमसिंह ओगरे किसी न किसी बात का बहाना बनाकर शादी से टालमटोल कर दिया करता रहा। किंतु पीड़िता पूजा भास्कर को आरोपी नेमसिंह के दुसरी जगह शादी करने की बात पता चली तो पीड़िता आरोपी के घर पहुंच कर सारी बातें आरोपी के परिजनों को भी बताई परंतु वहां आरोपी के परिजनों द्वारा पीड़िता पूजा भास्कर को घर से भगा दिया गया तब पीड़िता ने फ स्टरपुर थाना पहुच प्रभारी फ स्टरपुर संजीव कुमार ठाकुर को बताई । जिसके बाद महिला संबंधि अपराध होने को देखते हुए फ स्टरपुर पुलिस ने हरकत में आ गई और पीड़िता की लिखित शिकायत पर 376 भारतीय दंड विधान का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नेमसिंह ओगरे को तत्काल हिरासत में ले लिया।

### कोविड-19 का टीका सभी ने व्यक्त किया मुख्यमंत्री के प्रति आभार

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर में शामिल करते हुए टीकाकरण की सुविधा दिलायी है। इसके साथ ही परिवार के सदस्यों को भी टीकाकरण का सुविधा प्राथमिकता के आधार पर दिलायी गई है। जिसका पत्रकार जगत में स्वागत किया गया है। सोमवार व मंगलवार दो दिनों में पत्रकारों ने उत्साह पूर्वक उपस्थिति देकर टीके लगवाये है और लोगो को संदेश दिये है कि कोरोना से जंग जीतने के लिए टीकाकरण आवश्यक है प्रत्येक पत्रकार टीके लगवा कर जंग जीतने के दिशा में एक कदम आगे बढ़ाये। कलेक्टर पी.एस एल्मा द्वारा फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में शामिल विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के ब्यूरो चीफ सवांददाता और प्रतिनिधियों के लिए कलेक्टोरेट स्थित आगर सभा कक्ष में कोविड-19 टीकाकरण की व्यवस्था की गई। जहां विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के ब्यूरो चीफ सवांददाता और प्रतिनिधियों ने अपने परिवारो के साथ कोविड-19 का टीका लगवाया और पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर की श्रेणी में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टोरेट स्थित आगर सभा कक्ष में कोविड-19 का टीका लगवा कर सरकार द्वारा लिये गये टीकाकरण के फैसले को सार्थक व उचित कदम बताया।

# सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने की अपील कोरोना संक्रमण के लक्षण हो तो जरूर करायें जांच

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com




कोरोना महामारी से संक्रमण का पता लगाने के लिए कई तरह के टेस्ट के विकल्प मौजूद हैं लेकिन इस जांच में सर्वाधिक प्रयोग रैपिड एंटीजन टेस्ट और आरटी-पीसीआर टेस्ट का होता है। इन दो टेस्ट के जरिए व्यक्ति में संक्रमण के बारे में पता लगाया जाता है। सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वायरोलाजी लैब की स्थापना के बाद से जिले में कोरोना जांच अब पहले से अधिक हो रहे है। पहले आरटी-पीसीआर जांच के लिए अम्बिकापुर भेजा जाता था जिससे रिपोर्ट आने में 5 दिन से 1 सप्ताह का समय लग जाता था, अब मात्र 1 दिन में ही रिपोर्ट मिल सकेगी जिससे जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि लैब की कार्यप्रणाली व्यवस्थित रखने के लिए अतिरिक्त स्टाफ दिया गया है। जिले में कोरोना के लिए आरटी-पीसीआर, रैपिड एंटीजन टेस्ट, ट्रूनॉट के माध्यम से जांच किए जा रहे हैं। ट्रू नॉट, रैपिड एंटीजन टेस्ट, आरटी-पीसीआर के माध्यम से विगत 6 दिनो में रैपिड एंटीजन टेस्ट से 1216, ट्रूनॉट से 134, तथा आरटी-पीसीआर से 119 टेस्ट किए जा चुके हैं।

एंटीजन किट से जांच में कमी के संबंध में जानकारी देते हुए डीपीएम रंजना पैंकरा ने बताया कि जिला अस्पताल बैकुंठपुर में एंटीजन टेस्ट दिनांक 11-05-2021 को 330 व 12-मई-2021 को 170 जांच की गई है। इसके साथ ही आरटी-पीसीआर व ट्रू नाट जांच भी की जा रही है। दिनांक 13-05-2021 को एंटीजन किट नही होने के कारण टेस्ट प्रभावित हुए, जिसके लिए आरटी-पीसीआर व ट्रू नाट जांच की संख्या बढ़ाई गई। 13 मई को 118 आरटी-पीसीआर जाँच व 25 सैंपल की ट्रू नॉट जांच की गई है जोकि बाकी दिनों की अपेक्षा ज्यादा है। गौरतलब है कि एंटीजन किट के माध्यम से आज से पुन जांच शुरू हो गई है।

जाने क्या है आरटी-पीसीआर टेस्ट आरटी-पीसीआर टेस्ट का पूरा नाम रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलिमियर्स चेन रिएक्शन है। इसकी जांच प्रयोगशाला में की जाती है। इस टेस्ट के जरिए व्यक्ति के शरीर में वायरस का पता लगाया जाता है। इसमें वायरस के आरएनए की जांच की जाती है। ज्यादातर सैंपल नाक और गले से म्यूकोजा के अंदर वाली परत से स्वैब लिया जाता है।

#### क्या होता है रैपिड एंटीजन टेस्ट

बाहर से शरीर में दाखिल होने वाले बैक्टीरिया एंटीजन होते हैं। रैपिड एंटीजन टेस्ट के नतीजे 15 से 30 मिनट के भीतर आ जाते हैं। इस जांच में व्यक्ति की रिपोर्ट यदि निगेटिव आती है तो उसे फाइनल नहीं माना जाता। इस टेस्ट की आरटीपीसीआर जांच होती है। एंटीजन टेस्ट में व्यक्ति की रिपोर्ट यदि पॉजिटिव आती है तो उसे संक्रमित मान लिया जाता है। एंटीजन टेस्टिंग व्यक्ति के पास जाकर की जाती है। इस टेस्ट में व्यक्ति की नाक के दोनों तरफ से फ्लूइड का सैंपल लिया जाता है। स्ट्रिप पर एक रेड लाइन आने पर रिपोर्ट निगेटिव मानी जाती है। स्ट्रिप पर यदि दो रेड लाइन आती है तो व्यक्ति को संक्रमित माना जाता है।

#### यह लक्षण हों तो जरूर करायें जांच

जिन लोगों में कफ और कफ रहित बुखार, सिर दर्द, गला खराब होना, शरीर में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, स्वाद और सुगंध की शक्ति क्षीण हो, थकावट और डायरिया जैसे लक्षण हो तो उन्हे जांच कराना चाहिए।

## तेंदूपत्ता तोड़ने गए युवक पर जंगली भालू ने किया हमला



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रविवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक युवक के उपर जंगली भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। भालू के हमले से घायल युवक को धरमजयगढ़ अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ के जमरगी डीह ग्राम पंचायत के आश्रीत ग्राम रजीदा में रविवार की सुबह करीब सात बजे तेंदूपत्ता तोड़ने गए सुखदेव राम नामक युवक के उपर जंगली भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। गनीमत थी कि युवक के आस पास में भी उसके कुछ साथी तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे और उसकी चीख पुकार सुनकर उसके पास जाने लगे तो भालू जंगल की ओर भाग गया। बताया जा रहा है भालू दल के थे जिनकी संख्या तीन थी। जबकि एक ही भालू ने युवक पर हमला किया था। किसी तरह युवक की जान तो बच गयी, लेकिन भालू के हमले से उसका पैर, जांघ लहू लुहान हो गया। उसी हालत में उसे चारपाई (खटिया) के सहारे घटना स्थल से जमरगी डीह (तकरीबन 3 किमी) लाया गया। उसके बाद निजी वाहन से उसे धरमजयगढ़ अस्पताल लाया गया। जहां उसका गहन इलाज जारी है।

## पूर्ण लॉकडाऊन का उल्लंघन, तहसीलदार की अगुवाई में अलसुबह लिया जायजा, 10 हजार का वसूला जुर्माना

- अनावश्यक घूमने वालों को कनबुच्ची, उठक- बैठक की सजा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी यशवंत कुमार ने संपूर्ण जिले को 31 मई तक कंटेन्मेंट जोन घोषित करते हुए इस अवधि में प्रत्येक रविवार को संपूर्ण लाकडाऊन घोषित किया है,आज रविवार को संपूर्ण लाक डाऊन का पालन कराने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर के निर्देश पर नायब तहसीलदार सीता शुक्ला के नेतृत्व में सुबह 5 बजे राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा तहसील जांजगीर अंतर्गत कचहरी चौक एवं बीटीआई चौक में बेवजह घूमने वालों पर कार्यवाही करते हुए - 10,200 रुपए के चालान काटे गए। इस दौरान अनावश्यक घूमने वाले लोगों को कान पकड़ाकर उठक -बैठक कराया गया,जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने? और जनस्वास्थ्य की ब्यापक सुरक्षा के मद्देनजर जिले के सभी लोगों से कंटेन्मेंट जोन, रविवार को संपूर्ण लाकडाऊन और कोविड -19, के सुरक्षा प्रोटोकॉल काल का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है। नियमों, निर्देशों के उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उक्तआशय की जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा दी गई है।

## राज्य सरकार को कोरोना काल में जनता की जगह शराब की चिंता : लोकनाथ बारी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शराब नीति पर जमकर प्रहार करते हुए भाजपा के युवा नेता लोकनाथ बारी ने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने गंगाजल की कसम खाते हुए शराबबंदी की बात कही थी। आज कोरोना संक्रमण काल में लोगों को दवा राशन और आवश्यक सामान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ।ऐसे संवेदनशील समय में ऑनलाइन शराब घर पहुंचा कर देने की शासन की नीति और अव्यवहारिक और छत्तीसगढ़ की जनता के साथ भद्दा मजाक है । युवा नेता लोकनाथ बारी ने कहा कि कोरोना की पहली लहर के बाद केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने टेस्टिंग लैब की संख्या बढ़ाते हुए एवं वेंटिलेटर की संख्या डबल कर दी ।साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत ढांचे में 70प्र की वृद्धि की गई ।जो कि पूर्ववर्ती सरकारों ने 70 वर्षों से आज तक नहीं की थी ।इसी तरह इसके पूर्व की सरकारों ने फ्लैग पोलियो एवं स्वाइन फ्लू के समय में टीका लगाने में बहुत देर कर दी थी। परंतु मोदी सरकार ने त्वरित एक्शन लेते हुए को वैक्सीन एवं को वी शिल्ड वैक्सीन लाकर पूरे विश्व में भारत को नंबर वन की श्रेणी में ला दिया। परंतु भारत का यशो गन विपक्ष को रास नहीं आ रहा है। इसलिए विपक्ष ने एयर स्ट्राइक एवं राफेल की तरह वैक्सीन पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा किया और तरह-तरह की बातें घुमा घुमा कर कहीं गई। जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति आ जाए और लोग वैक्सीन ना लगाएं परंतु जब विश्व के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने भारत की दोनों वैक्सीन की प्रशंसा की तब कांग्रेस की राज्य सरकारों ने वैक्सीन का आर्डर किया। युवा नेता लोकनाथ बारी ने आगे कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने यहां तक कहा था कि वैक्सीन का ट्रायल बाकी है। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। दिग्विजय सिंह एवं कांग्रेस के अन्य प्रवक्ताओं ने इसे जनसंघ की भाजपाई वैक्सीन कहकर नहीं लगाने का सुझाव भी दिया था।

## सदाशिव गोविंद कात्रे सेवा की मिसाल एवं कर्मयोगी : आशीष गोयल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के जांजगीर-चांपा जिले के चांपा शहर से बिर्रा जाने वाले मार्ग पर सोंठी में स्थित कुष्ठ निवारक आश्रम जो कि पूरे देश में कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए दशकों पूर्व स्थापित किया गया तथा इस कुष्ठ आश्रम में जहां काफी संख्या में कुष्ठ रोगियों को उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है, तो वहीं उनकी शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था सहित अनेक स्थाई सेवा के प्रकल्प इस कुष्ठ आश्रम के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं, तथा इस आश्रम के संस्थापक सदाशिव गोविंद कातरे जी कि 16 मई को पुण्यतिथि के मौके पर जांजगीर शहर के आशीष गोयल ने अपने शब्दों में उनके सेवा कार्यों का वर्णन करते हुए बताया कि परमानंद माधव मंत्र को तारक मंत्र मानने वाले दिव्यात्मा निष्काम कर्मयोगी 'सदाशिव गोबिंद कात्रे जी' भारतीय कुष्ठ निवारक संघ, के संस्थापक की16 मई को पुण्यतिथि है, स्वयं कुष्ठ रोगी होते हुए भी कामये दु:ख तपतानाम् प्राणीनामार्ति नाशन की भावना रखते हुए तत्कालीन राष्टीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम् पूज्य माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर जी के प्रेरक शब्द जीवन का पासा बेधड़क फेंक दो चाहें जैसा गिरे आत्म समर्पण की भावना का यह भगवा ध्वज आवाहन करता है।

## सामाजिक जागरूकता एवं प्रशासनिक सख्ती से अखती पर्व पर नहीं हुआ कोई बाल विवाह

- माहभर चले जनजागरण अभियान का सुखद परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बाल विवाह के लिए प्रसिद्ध अखती पर्व पर इस साल जिले में बाल विवाह होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। समाज में इस विषय मे आई जन जागरूकता और प्रशासनिक सख्ती के कारण यह सम्भव हुआ है। जबकि पिछले साल इस दिन 2 प्रकरण दर्ज किए गए थे । कलेक्टर सुनील जैन के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पिछले लगभग एक महीने से बाल विवाह की सामाजिक बुराई को जड़-मूल से खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लगभग डेढ़ दर्जन बाल विवाह रोकने में विभाग को कामयाबी भी मिली है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप ने बताया कि जिले में दीवार नारा लेखन और सार्वजनिक मुनादी के जरिये व्यापक जन-जागरूकता फैलाई गई। गांवों में आंगनबाडज़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग 34 हजार से ज्यादा दीवार लेखन कार्य किया गया है। कोटवारों की मदद से मुनादी भी की गई। बाल विवाह सम्बन्धी कानूनी प्रावधान एवं इसके कुप्रभाव की जानकारी प्रसारित की गई। उन्होंने बताया कि शादी के लिए लड़की की उम्र 18 साल और लड़के का उम्र 21 साल से एक दिन भी कम नहीं होने चाहिए। ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों का सहयोग भी इस बार जागरूकता अभियान में लिया गया है। ग्राम पंचायत वार विवाह पंजी का संधारण अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिये गये है। बाल विवाह रोकथाम हेतु चाईल्ड हेल्प लाईन नं. 1098 पुलिस हेल्प नं. 112 एवं सखी वन सेन्टर हेल्प लाईन नं. 181 पर कॉल करके सूचित किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं अखती के एक दिन पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में जायजा लेने के लिए विकास खण्ड कसडोल अंतर्गत ग्राम छाता, बिलारी ज, कुरमाझर, कुशभाठा सोनपुर, बरपानी, नगरदा ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने भ्रमण दौरान पंचायत के सरपंच, सचिव, विभिन्न समाज प्रमुखों और स्थानीय जनों से भेंटकर गांवो में होने वाली विवाहों के संबंध में चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि सामाजिक जागरूकता और प्रशासन की सख्ती के कारण गांव में बाल विवाह नहीं हो रहे हैं जो कि अच्छी पहल है।

### परदेशीकापा के वार्ड नंबर 1 एवं वार्ड नंबर 6 कंटेनमेंट जोन घोषित

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी. एस. एल्मा ने कहा है कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे है। जिले के संदिग्ध मरीजों का सैंपल जांच नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी कडी में विकास खण्ड लोरमी के ग्राम परदेषीकापा के वार्ड नंबर 01 एवं वार्ड नंबर 06 में संदिग्ध मरीज की जांच की गई। जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये गये। जिसके कारण ग्राम परदेषीकापा के वार्ड नंबर 01 एवं वार्ड नंबर 06 को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। ग्राम परदेषीकापा के वार्ड नंबर 01 के पूर्व दिशा में वार्ड क्रमांक 01, पश्चिम में वार्ड क्रमांक 06, उत्तर में ग्राम रंगियापारा और दक्षिण में वार्ड क्रमांक 06 एवं वार्ड नंबर 06 के पूर्व दिशा में वार्ड क्रमांक 04, पश्चिम में ग्राम गोल्हापारा, उत्तर में वार्ड क्रमांक 01 और दक्षिण में बस्ती मार्ग स्थित है।

## सेलून दुकानों को भी खोलने की मांग तहसील सेन समाज ने की

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी/बेलरगांव
www.dailypioneer.com



इस कोरोनो महामारी के चलते सेन नाई समाज बहुत पिछड़ गया है। सरकार ने बहुत सी दुकानों को खोलने की अनुमति दी है। लेकिन नाई दुकान को खोलने की अनुमति नहीं दी है। तहसील नगरी सेन समाज के उपाध्यक्ष मौर्यधवज सेन ने कहा है की महीने भर से दुकाने बंद रहने से समाज के लोगों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

समाज का 95 फीसदी लोग अपने पुश्तैनी नाई कार्य को करके परिवार चलाते है । हालत यह है की सेलून दुकान का किराया तक नहीं दे पा रहे है। गांव में पौनी पसारी का काम करने वालो की हालत भी बहुत दयनीय है। लोग कर्ज के बोझ में दबते जा रहे हैं। उन्होंने नाई दुकानों को खोलने की अनुमति देने या समाज के लोगों को राहत राशि देने की मांग की है। उन्होने कहा की जब भी लाकडाऊन हो नाई समाज के लोगों को सरकार प्रति माह 8000 रूपए दे। जो लोग सेलून दुकान करते हैं उन लोगों को 10000 रूपए दिया जाए ।आज स्थिति बहुत गभीर हो गई है। इस विकट संकट काल में भी समाज के लोग जरूरत पड़ने पर हर समाज के सुख दुख में जाकर सहयोग कर रहे है। क्यों जन्म से मृत्यु तक हर संस्कार में नाई की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दुर्भाग्य है की इसके बाद भी नाई समाज की उपेक्षा की जाती है।

### क्षेत्र में बिक रहे अवैध महुआ शराब पर हुई कार्यवाही

**मुंगेली/जरहागांव।** जरहागांव थाना प्रभारी राजकुमार साहू के द्वारा क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब बेचने वाले पर कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी राजकुमार साहू के द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले के ऊपर लगातार क्षेत्र में कड़ी कार्यवाही किया जा रहा है। अवैध कार्यो पर संलिप्त लोगों पर कार्यवाही करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजूर के द्वारा निर्देश दिया गया है। जिससे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवम उप पुलिस अधीक्षक साधना सिंह के द्वारा क्षेत्र में लॉकडाउन के नियमो का सख्ती से पालन कराने हेतु दिए गए मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। लगातार कार्रवाई होने के कारण अवैध शराब बिक्री करने वाले बिचौलियों में भय बना हुआ है।

**कोमॉर्बिड मरीज एवं संक्रमित गर्भवती महिलाओं को नहीं दी जाएगी होमआइसोलेशन, हॉस्पिटल में भर्ती होना अनिवार्यः कलेक्टर**

# कलेक्टर ने की होम आइसोलेशन मॉनिटरिंग की समीक्षा

- होम आइसोलेशन में अब तक 27 मरीजों की मृत्यु,नगरीय निकायों की तुलना में गावों में है अधिक संक्रमित मरीज

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने होम आइसोलेशन की मॉनिटरिंग को लेकर विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों की तुलना में गावों में अधिक संक्रमित मरीज मिल रहें है। जो होम आइसोलेशन में रहकर अपना इलाज करा रहें हैं। इस तरह जिलें के गावों में यह सँख्या बढ़ना हम लोगों के सामने एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने बताया कि अब तक जिलें में 27 मरीजों की मृत्यु होम आइसोलेशन में रहतें हुआ है, जिसमें भी बिलाईगढ़ विकासखण्ड में सर्वाधिक है। होम आइसोलेशन में रहन वाले मरीजों की सतत निगरानी करनें में हम कही ना कही ढिलाई बरत रहें है। जिसे आप सभी तत्काल पूरी प्रक्रिया को सुधारते हुए कड़ाई से सभी मरीजों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण गाइडलाइन के अनरूप करतें रहे। जिसमें पल्सआक्सीमीटर से खून में ऑक्सीजन का लेवल की जाँच,फोन द्वारा फ ॉलोअप शामिल है। ताकि समय रहतें किसी भी मरीज को कुछ भी समस्या ना हो और समस्या होने पर हमें उन्हें अच्छे उपचार मुहैया करा सके। इसके लिए हमनें गावों गाँवो में पल्स ऑक्सीमीटर ग्राम पंचायत को दिये हैं। आप सभी मैदानी कार्यकर्ता इसका अनिवार्य रूप से उपयोग करें। साथ ही अब को-मॉर्बिड मरीज एवं संक्रमित गर्भवती महिलाओं होमआइसोलेशन में नही रखा जाएगा।उनके लिए हॉस्पिटल में भर्ती होना अनिवार्य कर दिया गया है। हमारे पास पर्याप्त सँख्या में बिस्तर एवं डॉक्टरों की टीम है जो इन मरीजों का विशेष देखभाल सकरी एवं नया कोविड हॉस्पिटल में करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने ड्यूटी में लगें शिक्षकों से कहा कि फॉलोअप एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। हम जितना से अच्छा कार्य करेंगें लोग उतना ही हम पर विश्वास और जल्दी स्वस्थ होंगें। ना केवल मरीज बल्कि उनके आसपास परिवार के बारे में भी जानकारी लेवें।

**गांव मे निगरानी दल के गठन से मिलने लगे है सकारात्मक परिणाम-** कलेक्टर ने बताया कि गांव गांव में ग्राम निगरानी दल के गठन से संक्रमण के स्तर में कमी आयी है। निगरानी दल गांव में सख्त तरीके से गांव के सभी लोगों के सहयोग से कड़ाई से लॉक डॉउन सहित कोरोना गाइडलाइन का पालन कर रहें है। जिलें में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में संक्रमण का दर 5 प्रतिशत था। जो बढ़कर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में 16 प्रतिशत हो गया था। फिर अचानक यह प्रतिशत जिलें में बढ़कर एकाएक 42 प्रतिशत तक पहुँच गया था। अभी लगभग 15 प्रतिशत पर स्थिर है। हमें वापस 5ः प्रतिशत तक संक्रमण की दर को लाने की दिशा में काम करना है। और यह काम सब को मिल के पूरा करना है।

**कोविड को टाइफाइड ना समझें डॉ विकास आडिल-** वन टू वन वार्ता के दौरान जिलें के निजी चिकित्सकों ने भी अपनें महत्वपूर्ण सुझावों प्रशासन को दिए जिस पर कलेक्टर ने तत्काल सहमत होते उस दिशा में कार्य करनें की बात कही। साथ ही भाटापारा के सुप्रसिद्ध डॉक्टर विकास आडिल ने बताया कि ग्रामीणों में कोरोना के बुखार को टाइफ़ाइड समझ बैठते है। जिस कारण मरीज की स्थिती अस्पताल तक पहुंचने से पहले गंभीर बन जाता है। इन सभी प्रकरणों में झोलाछाप डॉक्टरों की भूमिका होती है। इसलिए लक्षण दिखतें ही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर कर डॉक्टरों से सलाह लेवें। सेल्फमेडिसिन ना लेवें। इसी तरह बलौदाबाजार के युवा सर्जन डॉ नितिन तिवारी ने भी मितानिनों के प्रशिक्षण के संबंध में अपनें विचार एवं मार्गदर्शन प्रस्तुत किये।

## 77 वर्षीया सीतादेवी बनाफर ने टीका लगवाकर लोगों को किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



77 वर्षीया सीता देवी बनाफर ने कहा कि कोरोना टीकाकरण को लेकर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के अफवाह से गुमराह न हों,सीता देवी ने 15 मई बुधवार को कोविड का टीका लगवाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा- मैं टीका लगवा ले हों, आप सब्बो झन टीका लगवा लेवा। कोविड का टीका लगवाने के बाद में कोरोना वायरस से सुरक्षित और आत्मविश्वास अनुभव का भाव परिलक्षित हो रहा है। जांजगीर-चांपा जिले के विकास खंड सक्ती के वार्ड नंबर 15 रेलवे स्टेशन के पास सक्ती की रहने वाली 77 वर्षीय वयोवृद्ध सीतादेवी बनाफर अधिवक्ता स्व. गेंदसिंह बनाफर की धर्मपत्नी है तथा वह जांजगीर-चांपा जिले के मालखरोदा ब्लॉक के इंडियन बैंक मालखरौदा ब्रांच मै कैशियर के रूप में कार्यत मनोज कुमार बनाफर की माता हैं। उन्होंने अपने नाती निधि राज बनाफर की मदद से सक्ती कोविड-वैक्सीन सेंटर जाकर उत्साह और निर्भीकता का परिचय देते हुए कोरोना का टीका लगवाया, उन्होंने टीका लगवाने के बाद कहा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई शारीरिक तकलीफ नहीं है। कोरोना महामारी से सुरक्षा के लिए टीका लगवाना जरूरी



# अब बच्चों पर वक्र-दृष्टि!

**जबकि कोविड-19 की दूसरी लहर का कहर जारी है, डॉक्टर और विशेषज्ञ तीसरी लहर की शुरुआत की भविष्यवाणी कर रहे हैं, जो बच्चों के लिए खतरनाक है। 'मुश्बा हाशमी' बताती हैं कि बाल चिकित्सा टीके के अभाव में बच्चों की सुरक्षा कैसे की जा सकती है। लेकिन उसके लिए एक मजबूत बाल चिकित्सा एवं स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली का होना महत्वपूर्ण है।**

हम ठीक उसी के बीच में फंस गए हैं जो कोविड-19 की एक बहुत ही घातक दूसरी लहर प्रतीत होती है। प्रति दिन 3.5 लाख से कम मामलों के साथ, वक्र जल्द ही किसी भी समय समतल होता नजर नहीं आ रहा है। हालांकि, खौफ यहीं खत्म नहीं होता है। डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने कोविड-19 की तीसरी लहर की भविष्यवाणी करना शुरू कर दी है जिसके और अधिक कहर बरपाने की आशंका है। इससे भी ज्यादा, क्योंकि यह बच्चों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है।

हालांकि यह चिंता का एक प्रमुख कारण है, लेकिन यहां सवाल यह है कि हम आगामी तीसरी लहर से निपटने के लिए कितने तैयार हैं? इसका उत्तर शायद वह नहीं है जो हम सुनना चाहते हैं।

''वायरस अतिसंवेदनशील आबादी का शिकार करते हैं। वर्तमान में स्कूल बंद होने के कारण, शैक्षणिक संस्थान फिर से खुलने के बाद बच्चे वह समूह होंगे। यह तीसरी लहर लाएगा जो बच्चों को बड़े समय तक प्रभावित करेगी'', यह कहना है एमबीबीएस, एमडी (पीडियाट्रिक्स), अमेरिकन बोर्ड ऑफ द पीडियाट्रिक्स के डिप्लोमेट, फेलोशिप- संक्रामक रोग और मुख्य सलाहकार-वरिष्ठ सलाहकार, बाल रोग, इंद्रधनुष बच्चों के अस्पताल, डॉ अरविंद तनेजा का।

बच्चों के लिए एक प्रभावी टीके के अभाव में, वे सबसे अतिसंवेदनशील समूह बन जाते हैं और मास्क लगाना और साफ-सफाई रखना ही एकमात्र रास्ता है।

वो आगे बताते हैं, ''जब 70 से 85 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण किया जाता है, तो लोगों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा के लिए 'झुंड प्रतिरक्षा' शुरू हो जाती है। तब तक मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग बच्चों के लिए भी आदर्श है''। उनका कहना है कि जरूरत बच्चों में टीके के परीक्षण में तेजी लाने की है। यदि टीकाकरण वाले वयस्क सुरक्षित हैं तो बच्चों को भी होना चाहिए। हमने पोलियो, खसरा, कण्ठमाला, रूबेला लाइव वायरल टीकों के साथ 60 साल तक और वायरल इन्फ्लूएंजा के साथ 40 साल तक कुछ महीनों के शिशुओं में इसका अनुभव किया है। तनेजा कहते हैं और आपको बताते हैं कि टीकों का बाल चिकित्सा परीक्षण अक्टूबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

उनका कहना है कि तीसरी लहर कब आएगी यह कहना मुश्किल है।

निराशाजनक तथ्य यह है कि हमने बाल चिकित्सा देखभाल पर पर्याप्त जोर नहीं दिया और परिणामस्वरूप हम इसमें पिछड़े हुए हैं।

वो बताते हैं, ''कोविड-19 बाल चिकित्सा के लिए भारत की तैयारी बहुत ही अपर्याप्त है। हमारे पास देश में बहुत कम बाल चिकित्सा अस्पताल हैं, बहुत कम बाल चिकित्सा क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ और बाल चिकित्सा प्रशिक्षित नर्स हैं। तीसरी लहर के लिए तैयार रहने के लिए, भारत के प्रत्येक बड़े और मध्यम आकार के शहर में इस नाजुक आबादी की देखभाल के लिए कम से कम एक समर्पित बच्चों का अस्पताल होना चाहिए ताकि हम कोविड-19 जैसी आपदा आने पर तैयार रहें। यह तीसरी लहर में होने की उम्मीद है।''

हालांकि, उम्मीद की बात यह है कि डॉक्टरों के अनुसार मई के अंत तक हम मामलों में गिरावट की उम्मीद कर सकते हैं।

''एक अध्ययन के अनुसार, हम ज्यादातर राज्यों में मई के अंत तक मामलों में गिरावट की उम्मीद कर सकते हैं। कोरोनावायरस के मामलों की एक या दो और चोटियां हो सकती हैं लेकिन वे मौजूदा लहर जितनी बड़ी नहीं हो सकती हैं। अलग-अलग राज्य अलग-अलग समय पर चोटियों को देख सकते हैं। भविष्यवाणी है कि भारत में इस सप्ताह के अंत तक हम सभी को एक साथ गिरावट का रुझान देखने को मिल सकता है। लेकिन अगर हमें एक राष्ट्र के रूप में जांचना है, तो सभी संचयी आंकड़ों के साथ, हम या तो अपने चरम पर हैं या इसके बहुत करीब हैं। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग प्रक्षेपवक्र होंगे।'' यह कहना है क्रिटिकल केयर, एनेस्थीसिया और इमरजेंसी मेडिसिन, रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, लखनऊ, डॉ यश जावेरी का।

उनका कहना है कि तीसरी लहर अगले दो-तीन महीनों में कुछ राज्यों में दस्तक दे सकती है।

डॉ आर्य बताते हैं, ''अगर हम सख्त उपाय करते हैं, तो तीसरी लहर सभी जगहों पर नहीं हो सकती है या दूसरी लहर जितनी बड़ी नहीं हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हर जगह राज्यों, जिलों और शहरों में स्थानीय स्तर पर नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जाता है। कुछ महीनों में, जब लोगों की स्वाभाविक रूप से विकसित प्रतिरक्षा या टीकाकरण की मदद से कमजोर हो जाती है, तो वायरस फिर से हमला कर सकता है। केवल एक चीज जो वायरस को वापस उछलने से रोक सकती है, वह यह है कि लोग अपनी रक्षा कैसे कर रहे हैं।''

वह कहते हैं कि अगर लोग आने वाले महीनों में कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करते हैं जिसमें डबल मास्किंग, हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करना, सामाजिक दूरी बनाए रखना और अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचना शामिल है, तो हम शायद संकट को चरम तक पहुंचने से रोक सकते हैं।

''अगर हम बहुसंख्यक आबादी का टीकाकरण करने में सक्षम हैं तो तीसरी लहर की भयावहता कम हो जाएगी।''

> अगर हम सख्त उपाय करते हैं, तो तीसरी लहर सभी जगहों पर नहीं हो सकती है या दूसरी लहर जितनी बड़ी नहीं हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हर जगह राज्यों, जिलों और शहरों में स्थानीय स्तर पर नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जाता है। कुछ महीनों में, जब लोगों की स्वाभाविक रूप से विकसित प्रतिरक्षा या टीकाकरण की मदद से कमजोर हो जाती है, तो वायरस फिर से हमला कर सकता है। केवल एक चीज जो वायरस को वापस उछलने से रोक सकती है, वह यह है कि लोग अपनी रक्षा कैसे कर रहे हैं



हालांकि, श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट के रेस्पिरेटरी मेडिसिन के वरिष्ठ सलाहकार डॉ अनिमेष आर्य का मानना है कि गिरावट की प्रवृत्ति का अनुमान लगाना मुश्किल है।

उनका कहना है कि, ''इस बात का कोई निश्चित जवाब नहीं है कि हम कब मामलों में गिरावट की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन महामारी विज्ञानियों को लगता है कि सभी चोटियों के साथ दो से तीन महीने के बाद गिरावट आएगी, इसलिए जून में गिरावट की उम्मीद है। लेकिन हम पहले की तरह अपनी भविष्यवाणियों से दूर हो सकते हैं।''कई वैज्ञानिक, संक्रामक रोग विशेषज्ञ और अर्थशास्त्र और मॉडलिंग पृष्ठभूमि के लोग तीसरी लहर की भविष्यवाणी करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जो गंभीर महामारी विशेष रूप से स्पेनिश फ्लू के पिछले प्रकोप पर आधारित है, प्रेस में सभी उम्मीदें हैं और सितंबर-अक्टूबर में हो सकता है।

आर्य बताते हैं कि, ''यह भी माना जा रहा है कि 12-15 आयु वर्ग के बच्चे तीसरी लहर में बड़े पैमाने पर प्रभावित होने की संभावना है क्योंकि वे अनुभवहीन हैं और नया उत्परिवर्ती तनाव बहुत शक्तिशाली है और यह उन लोगों की प्रतिरक्षा को चुनौती देता है जो टीकाकरण द्वारा, प्राकृतिक रूप से संरक्षित या आंशिक रूप से संरक्षित नहीं हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि बीमार रोगियों के इलाज और मृत्यु दर को रोकने के लिए तृतीयक स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का निर्माण आवश्यक है, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रारंभिक पहचान, सभी स्तरों के संपर्कों का व्यापक परीक्षण, उन्हें अलग करना और उनका इलाज करना प्राथमिक उद्देश्य है। समय से पहले गंभीर जटिलताओं से बचाना और उपचार करके मृत्यु से रक्षा करना ही कारगर उपाय है।

कहा जा रहा है कि, ऐसे कई डॉक्टर हैं जो मानते हैं कि बच्चों पर उतना बुरा असर नहीं पड़ेगा जितना कि अनुमान लगाया जा रहा है, क्योंकि ये सभी भविष्यवाणियां आंकड़ों पर आधारित हैं। इसलिए माता-पिता को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हम आवश्यक सावधानियां कम कर दें। वैक्सीन की उपस्थिति या अनुपस्थिति दोनों में सभी सावधानियां बरतनी होंगी।

चाइल्ड एक्सपर्ट अनिल बाजवा बताते हैं, ''इस बात का कोई सबूत नहीं है कि तीसरी लहर बच्चों पर चोट करेगी, ऐसा हो सकता है, लेकिन ये केवल भविष्यवाणियां हैं। हालाँकि, बच्चों में लक्षण आमतौर पर आज तक हल्के होते हैं, लेकिन यह उनके लिए टीकाकरण के महत्व को प्रभावित नहीं करता है। हम अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि तीसरी लहर में लक्षण गंभीर होंगे या नहीं। हालांकि, बाल चिकित्सा टीके की अनुपस्थिति में सावधानी बरतने का एकमात्र तरीका है। प्रतिरक्षा एक और महत्वपूर्ण चीज है। बच्चों को उनके आहार में ढेर सारी हरी पत्तेदार सब्जियों और फलों सहित पौष्टिक आहार देना चाहिए। उन्हें हाइड्रेट रखें। नारियल पानी दिन में दो बार काम कर सकता है। जंक से हर कीमत पर बचें, और अंत में, यह भी कि उनको विटामिन सी सेवन बढ़ाएं।''

हालांकि महाराष्ट्र जैसी कई राज्य सरकारों ने बाल चिकित्सा केंद्र स्थापित करके तीसरी लहर के लिए तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन आवश्यकता कम मृत्यु और अधिक वसूली के साथ तीसरी लहर से निपटने के लिए बाल चिकित्सा अस्पतालों, आईसीयू बेड और देखभाल केंद्रों की संख्या बढ़ाने की है।

बाजवा कहते हैं, ''तीसरी लहर के प्रभाव को रोकने के लिए, बच्चों के लिए आईसीयू बेड और अस्पतालों की संख्या में वृद्धि करना, बोर्ड पर अधिक बाल चिकित्सा नर्सों को लाना और यह भी सुनिश्चित करना है कि बच्चों की देखभाल के लिए पर्याप्त डॉक्टर हों। हमारे स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में मूल रूप से सुधार की जरूरत है, जो निश्चित रूप से इस समय संभव नहीं है। इसलिए, अब एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, जो उचित कर्मचारियों से सुसज्जित हो ताकि डॉक्टरों और नर्सों को थकान से जूझना न पड़े।''

बच्चों को संक्रमित होने के जोखिम से बचाने के कई तरीकों में से एक है माता-पिता को जल्दी से टीका लगवाना।

''यह बच्चे नहीं हैं जो वायरस ले जाते हैं, यह उनके माता-पिता या परिवार हैं जो वायरस से गुजरते हैं। इस तथ्य का समर्थन करने के लिए कोई रिपोर्ट नहीं है, लेकिन यह एक अवलोकन है जो पहली और दूसरी लहर के दौरान किया जाता है। इसलिए, बच्चों को संक्रमण की चपेट में आने से रोकने के लिए, बड़ों को दोनों खुराकों के साथ जल्दी से टीका लगवाने की जरूरत है। टीके की कमी के साथ, यह एक कठिन कार्य लग सकता है, हालांकि संभावित तीसरी लहर के प्रभाव को कम करने के लिए यह एकमात्र संभव विकल्प है।''

और बाकी उपायों के अलावा, हमें व्यस्त अस्पतालों का समर्थन करने के लिए, कोविड लहर के आधार पर एक शहर से दूसरे शहर में जाने के लिए स्टैंडबाय पर युवा नर्सों और डॉक्टरों की एक सेना तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें उन्हें बड़े पैमाने पर प्रेरित करने और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, क्योंकि अकेले पैसा, युवाओं को कोविड आईसीयू वार्डों में अपनी जान जोखिम में डालने के लिए प्रेरित नहीं करेगा।

और अंत में, हल्के लक्षण वाले रोगियों को तुरंत अलग किया जाना चाहिए, ताकि उनमें संक्रमण फैलने का खतरा कम हो सके।

आर्य बताते हैं, ''वक्र को समतल करने के लिए और झुंड प्रतिरक्षा या निष्क्रिय प्रतिरक्षा की कमी के कारण उच्च जोखिम वाले बच्चों की कमजोर आबादी के जोखिम को कम करने के लिए, हल्के रोगसूचक रोगियों को संक्रमण मुक्त होने तक अलगाव की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि संक्रमण दर इस समय अधिक है।''

# लॉकडाउन.5 - बालोद जिले में 31 मई तक बढ़ा, कुछ गतिविधियों में दी गई छूट

## क्विक न्यूज

### नेहा राऊत ने मास्टर्स डिग्री में प्रथम स्थान प्राप्त कर भिलाई को किया गौरवान्वित



**भिलाई।** सेल-भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व सहायक महाप्रबंधक, स्वर्गीय बिपिन कुमार राऊत की सुपुत्री, सुश्री नेहा राऊत ने मास्टर्स डिग्री में प्रथम स्थान प्राप्त कर भिलाई को गौरवान्वित किया है। उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व स्पीकर, अरुण गुजराती द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपनी मास्टर्स डिग्री एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय, एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे से ÷युजर्स एक्सपिरिएंस डिजाईन÷ में अपनी मास्टर्स डिग्री प्राप्त की। नेहा बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-10 की छात्रा रह चुकी हैं। कैरिअर के रूप मे यूजर्स एक्सपिरिएंस डिजाईन ही क्यों चुना ? इस प्रश्न के जवाब में नेहा राऊत ने बताया कि एक डिजाईनर का काम मनुष्य को गहरे स्तर पर समझना है कि उनके जीवन में क्या परेशानियाँ हैं, क्या उन्हें खुश करता है और उनकी ज़रूरते क्या हैं।

- **थोक किराना तथा आलू, प्याज विक्रेता शाम 3 बजे तक करेंगे दुकान का संचालन**
- **समस्त प्रकार की एकल किराना डेली निड्स दुकानें अपरान्ह 3 बजे तक खोली जा सकेगी**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण और मौत के आंकड़ों को देखते हुए 31 मई तक लॉकडाउन बढ़ा दिया गया हैं। पांचवें चरण के लॉकडाउन में किराना एवं डेलीनीड्स की दुकानों सहित कुछ को छूट प्रदान की गई हैं। हर रविवार को संपूर्ण लॉकडाउन रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर बालोद जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को अब 31 मई 2021 प्रातः 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि कोविड-19 पॉजीटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में कार्यालय के आदेश दिनांक 4 मई द्वारा जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 6 मई प्रातः 6 बजे से 17 मई 2021 प्रातः 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित करते हुए जिला बालोद में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध अधिरोपित किए गए हैं। बालोद जिले में व्यावसायिक गतिविधियों पर अधिरोपित प्रतिबंधों एवं सम्पूर्ण जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित करने के बावजूद कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या एवं नया स्ट्रैन को देखते हुए इस महामारी से होने वाली क्षति को देखते हुए मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है तथा मुक्त आवागमन से आम जनता की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है, जिससे सम्पूर्ण बालोद जिले में कंटेनमेंट जोन की अवधि बढ़ाया जाना आवश्यक हो गया है। अतः दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक एक्ट 1987 यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस कार्यालय द्वारा जारी आदेश दिनांक 4 मई 2021 में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है। बालोद जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 31 मई 2021 प्रातः 6 बजे तक पूर्ववत कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। उपरोक्त दर्शित अवधि में बालोद जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील रहेगी।

**उपरोक्त समयावधि में निम्नलिखित गतिविधियॉ पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी-** सुपर बाजार, सब्जी बाजार, मॉल, शो-रूम, मैरिज हॉल, सिनेमा हॉल, स्वीमिंग पूल, क्लब, सेलून/ब्यूटी पार्लर, स्पा तथा जिम एवं सार्वजनिक स्थल इत्यादि बंद रहेंगे। सम्पूर्ण जिला अंतर्गत संचालित समस्त शराब दुकाने एवं बार बंद रहेंगे। किन्तु ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी। सभी सामूहिक उपस्थिति वाले धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन, डेम, तालाब स्थल तथा पार्क इत्यादि उक्त अवधि में आम जनता के लिए पूर्णतः बंद रहेंगे। उपरोक्त अवधि में बालोद जिला अंतर्गत सभी केन्द्रीय /शासकीय /सार्वजनिक /अर्द्ध सार्वजनिक कार्यालय आम जनता हेतु बंद रहेंगे, किन्तु कार्यालयीन प्रयोजन हेतु पचास प्रतिशत स्टॉफ के साथ खुलेंगे। उप-पंजीयक कार्यालय टोकन सिस्टम के साथ खुलेंगे। टेलीकॉम, रेलवे संचालन व रख-रखाव से जुड़े कार्यालय/वर्कशॉप, रेक प्वाइंट पर लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य, खाद्य सामग्री के थोक परिवहन, धान मिलिंग हेतु परिवहन की अनुमति पूर्ववत रहेगी। स्कूल एवं कॉलेज विद्यार्थियों हेतु बंद रहेंगे। शासन से अनुमति प्राप्त समस्त परीक्षाओं को छोड़कर कोचिंग क्लासेस सहित अन्य समस्त शैक्षणिक गतिविधियॉ बद रहेगी। सभी प्रकार की सभा, जुलूस, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक आयोजन इत्यादि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगें, किन्तु विवाह कार्यक्रम वर अथवा वधू के निवास-गृह में ही आयोजित करने तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन की शर्त के अधीन आयोजन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या पूर्ववत 10 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र इत्यादि मृत्यु संबंधित कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 रहेगी।

**लोक सेवा केन्द्र/च्वाईस सेंटर 3 बजे तक खोले जाएंगे-** सभी प्रकार की मंडिया तथा थोक/फुटकर दुकानें बंद रहेगी, किन्तु आवश्यक वस्तुओं/माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु गोडाउन/मंडियों में लोडिंग/अनलोडिंग की अनुमति रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक दी गई है। सभी पान/सिगरेट ठेला तथा चैपाटी, चाट, समोसा, गुपचुप, फास्ट फूड इत्यादि के विक्रय हेतु ठेलों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। होटलों एवं रेस्टोरेंटों से केवल ऑनलाइन के माध्यम से होम डिलीवरी की अनुमति दी गई है। होम डिलीवरी के लिए होटल एवं रेस्टोरेंट से डिलीवरी का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक ही रहेगा। तथा आम जनता हेतु होम डिलीवरी रात्रि 10 बजे तक ही की जा सकेगी। भीड़-भाड़ या निर्देशों का उल्लंघन होने पर होटलों एवं रेस्टोरेंट को नियमानुसार 30 दिवस हेतु सील करने की कार्यवाही की जाएगी। लोक सेवा केन्द्र/च्वाईस सेंटर अपरान्ह 3 बजे तक खोले जाएंगे किन्तु मास्क तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग, कोरोना के समस्त प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

## जिला प्रशासन ने अक्षय तृतीया पर रूकवाया बाल विवाह

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में मुख्यतः अक्षय तृतीया एवं रामनवमी के अवसर पर विवाह किये जाने के प्रचलन है जिसमें बाल विवाह होने की भी संभावनाएं होती है। बाल विवाह पर पूर्णतः रोक लागने हेतु सचिव, छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर सुझावात्मक बिन्दु दिये गये थे। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देशन में कोविड-19 गाइडलाइन की कड़ाई से पालन कराने तथा बाल विवाह पर रोक लगाने राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग के दल द्वारा जिले सभी पंचायतो एवं नगरीय क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर जानकारी ली गई।

सघन जांच के दौरान ग्राम इंदौरी में एक नबालिक बालक की बेमेतरा निवासी एक बालिका के साथ शादी करने के लिए बारात निकलने तैयारी की सूचना मिली जिस पर हेमन्त पैकरा नायाब तहसीलदार, मुलचंद पाटले थाना प्रभारी पिपारिया और महिला एवं बाल विकास विभाग बाल संरक्षण टीम ने विवाह स्थल जाकर बालक के उम्र संबंधित दस्तावेजों का सूक्ष्म परीक्षण किये जिसमें बालक का उम्र 21 वर्ष कम पाया गया। जिस पर टीम ने तत्काल विवाह स्थिगित कराते हुए बारात निकलने से पहले ही रोक लिया गया इसी दौरान एक और बारात जिला बेमेतरा के लिए निकल जाने की जानकारी प्राप्त हुई जिसमें बालक दस्तावेज अनुसार बालिक था किन्तु टीम को संदेह हुआ की बालिका की उम्र कम हो जिस पर नायाब तहसीलदार के निर्देश पर जिला बेमेतरा की बाल संरक्षण टीम को विवाह स्थल भेजकर बलिका की उम्र सत्यापन कराया गया जिस में बालिका 18 वर्ष से कम निकली और बाल विवाह रोका गया। इसी तरह ग्राम घुघरी में दो नबालिक भाईयों की शादी किये जाने की सूचना मिली जिस पर मनीष वर्मा तहसीलदार, पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग बाल संरक्षण टीम ने विवाह स्थल जाकर दोनों बालक के उम्र संबंधित दस्तावेजों का सूक्ष्म परीक्षण किये जिसमें दोनों बालक का उम्र 21 वर्ष कम पाया गया। जिस पर टीम ने तत्काल विवाह स्थिगित कराया तथा कोंविड-19 के दौरान विवाह आयोजन की अनुमति नहीं लेने के कारण पांच हजार रूपये का जुर्माना भी लयागा गया। मनीष वर्मा तहसीलदार ने मौके पर उपस्थित लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 21 वर्ष कम उम्र के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित किया गया है बाल विवाह जैसे सामाजिक बुराई को समाज से समूल समाप्त करने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने या कराने वाले बर एवं बधु के माता-पिता सगे संबंधी, बराती यहां तक पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है इसमें कड़ी सजा का भी प्रवाधान जो 2 वर्ष का कठोर कारावास अथवा जुर्माना हो 1 लाख रूपये तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

## वर्षों बाद नेहरू तालाब में पहुंचा नहर पानी

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com





नहर के माध्यम से जलाशयों को पूर्ण करने की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में क्षेत्र के जलाशयों में जलभराव का कार्य जारी है । लगभग 20 वर्षों के अंतराल के पश्चात अब जाकर नहर का पानी ग्राम जंजगिरी के नेहरू तालाब में पहुंच रहा है । इस जलाशय में नहर का पानी मार्ग अवरुद्ध हो गया था, साथ ही रेलवे द्वारा निर्माणाधीन सोलर प्लांट का क्षेत्र आता है जिसके कारण नहर को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था इस संबंध में जानकारी प्राप्त होते ही चैतन्य बघेल ( सुपुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन ), ओएसडी मनीष बंछोर ने तत्काल संज्ञान में लेकर बाधित नहर का मार्ग खुलवा कर जलाशय तक पानी पहुंचाने में अपना सक्रिय योगदान प्रदान किया । इसी प्रकार गत वर्ष नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जोरा एवं पात्रा जलाशय तक नहर का पानी पहुंचाने के लिए स्वयं पालिका अध्यक्ष ने श्रमदान करते हुए अवरुद्ध नहर मार्ग के प्रवाह को सुगम बनाने में महती योगदान दिया था जिससे उक्त जलाशयों में पानी पहुंच पाया । इस संपूर्ण प्रक्रिया में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर की तत्परता एवं सक्रियता विशेष उल्लेखनीय है।

## निधन

### राम नारायण मिश्रा



**भिलाई।** भिलाई में कामगार स्टील यूनियन (एच.एम.एस) के संस्थापक सदस्य एवं बीएसपी के पूर्व कर्मचारी राम नारायण मिश्रा का 94 वर्ष की उम्र में गृह ग्राम गामाखोर गोरखपुर में 15 मई को निधन हो गया है। वे पुत्र त्रिलोक मिश्रा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। समाजवादी नेता एचएस मिश्रा, अशोक पंडा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## चंदूलाल चन्द्राकर हॉस्पिटल से जूली 28 दिन बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर लौटी 70 तक पहुंच गया था सैचुरेशन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



चंदूलाल चन्द्राकर कोविड केअर हॉस्पिटल में थीं एडमिट, आज हुई डिस्चार्ज। कोविड की दूसरी लहर युवाओं को भी बुरी तरह से संक्रमण का शिकार कर रही है बड़ी संख्या में युवा भी इसके संक्रमण का गंभीर संक्रमण का शिकार हो रहे हैं लेकिन अच्छी बात यह है कि अच्छे इलाज की वजह से यह संक्रमण के दायरे से बाहर भी आ रहे हैं। चंदूलाल चंद्राकर कोविड केयर हॉस्पिटल में ऐसा ही जूली के साथ भी हुआ जूली मात्र 21 वर्ष की लड़की है जो संक्रमण का शिकार हुई। जब जूली को चंदूलाल चंद्राकर केयर हॉस्पिटल में लाया गया उस समय उसका ऑक्सीजन लेवल 70 था। 28 दिन के इलाज के पश्चात जूली डिस्चार्ज हुई और अब जूली का ऑक्सीजन लेवल 95 है। कोविड केयर हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनिल शुक्ला ने बताया कि जब जूली का एडमिशन हुआ उस समय उसकी स्थिति गंभीर थी डॉक्टरों के द्वारा जरूरी मेडिसिन प्लान किए गए, धीरे-धीरे राहत मिलती गई और अब जूली पूरी तरह से संक्रमण से बाहर है और स्वस्थ है।

उन्हें पोस्ट कोविड केयर एक्सरसाइज के बारे में बताया गया है। जूली के पिता ने चर्चा में बताया कि हमें उम्मीद से भी अधिक अच्छा इलाज और इतना अच्छा केयर यहां मिल पाया। यहां का हॉस्पिटल स्टाफ बहुत सहयोगी है। डॉक्टर्स दो से तीन बार राउंड लगाते हैं और मरीज के पैरामीटर पर पूरी तरह से नजर रखते हैं। यहां अस्पताल का अनुभव बहुत अच्छा है खाने पीने की व्यवस्था भी बहुत अच्छी है। उल्लेखनीय है कि चंदूलाल चंद्राकर कोविड केयर हॉस्पिटल में 25 बेड का आईसीयू भी शुरू हो गया है। यहां सभी बेड में वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध है तथा आईसीयू केयर स्टाफ 24 घंटे के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ उपलब्ध है। इसके चलते अब बेहद क्रिटिकल मरीजों को शंकराचार्य हॉस्पिटल में शिफ्ट करने की आवश्यकता नहीं रह गई है। उल्लेखनीय है कि कोविड संक्रमण की स्थिति को देखते हुए हॉस्पिटल में तेजी से ऑक्सीजन बेड एवं अतिरिक्त हॉस्पिटल मैनेजमेंट स्टाफ का इंतजाम किया गया। इससे मरीजों की रिकवरी काफी तेज हुई है और बहुत से गंभीर मरीज बेहतर हालात में रिकवर होकर घर लौट गए हैं।

## आगामी लॉकडाउन का आदेश जारी होने के पूर्व भिलाई के व्यापारी संघ से चर्चा कर मांगे गए सुझाव

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





भिलाई के निगम सभागार में निगम प्रशासन एवं भिलाई क्षेत्र के समस्त व्यापारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक हुई! बैठक निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आहूत की थी। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ध्रुव, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं भिलाई निगम क्षेत्र समस्त व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मौजूद थे! उल्लेखनीय है कि जिले में कोरोनावायरस के संक्रमण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 17 मई तक लॉकडाउन लगाया गया था। इस तिथि को आगे बढ़ाने का फैसला जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है, जिसका आदेश जिलाधीश द्वारा जारी किया जाना है! लॉकडाउन के वर्तमान स्वरूप को देखते हुए आवश्यक परिस्थितियों के मुताबिक प्रतिबंधों में शिथिलता देने का निर्णय लिया जा सकता है! इसी परिपेक्ष में आज व्यापारी संघ एवं निगम प्रशासन के बीच अहम बैठक हुई! बैठक में निगम ने व्यापारी संघ से चर्चा की, आगामी लॉकडाउन का आदेश जारी होने के पूर्व व्यापारी संघ की ओर से बैठक में सुझाव मांगे गए। बैठक में सभी ट्रेड के व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मौजूद थ। लॉकडाउन के दौरान यदि कुछ रियायत दी जाती है तो दुकानों में भीड़ ज्यादा न बढ़े और व्यापारियों को भी संचालन में सहूलियत हो इस दिशा में चर्चा हुई। जो मार्केट एवं दुकान क्षेत्र सघन है उन पर छूट मिलने के दौरान अनावश्यक भीड़ न बढ़े इस पर बैठक में विशेष फोकस रहा, इसके लिए भी व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से राय ली गई! व्यापारियों और लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए तथा कोरोनावायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए हर पहलुओं पर सुझाव व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से शीघ्र अति शीघ्र मांगे गए हैं। बैठक में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अजय शुक्ला मौजूद रहे।

### रेडियोलॉजी विभाग ने दबाव के बीच बेहतरीन काम दिखाया

## भिलाई सेक्टर-9 अस्पताल में कोविड उपचार में रेडियोलाजी विभाग ने निभाई भूमिका

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल ने कोविड के प्रथम व द्वितीय दौर में इसके उपचार में कई विभागों ने अहम भूमिका निभाई है। सेक्टर-9 अस्पताल का एक ऐसा ही महत्वपूर्ण विभाग है रेडियोलाजी विभाग। विशेष रूप से कोविड के दूसरे दौर में बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में कोविड मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही थी ऐसे संकट की परिस्थिति में इस अस्पताल के रेडियालाजी विभाग पर कार्य का अतिरिक्त दबाव पड़ने लगा था। परन्तु रेडियोलाजी विभाग ने इस दबाव के बीच बेहतरीन कार्य कर दिखाया है। रेडियोलाजी टीम ने अपने सेवा व समर्पण की एक अनुपम मिसाल कायम की है।

**कोविड इलाज में रेडियोलाजी की महत्वपूर्ण भूमिका-** कोविड के इस दूसरे दौर में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में मरीजों की संख्या व गंभीरता में तीव्रता से वृद्धि हुई। इससे दुर्ग-भिलाई भी अछूता नहीं रहा। बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल में हर दिन कोविड मरीजों की संख्या बढ़ती गई। कई ऐसे मरीज देखने में आये जिनका रैपिड एंटीजन टेस्ट से लेकर आरटीपीसीआर टेस्ट तक नेगेटिव आने के बावजूद उनमें कोविड के लक्षण दिखाई दे रहे थे। ऐसे में त्वरित सीटी स्केन व एक्स-रे जैसे परीक्षण, कोविड के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

**उत्कृष्ट इलाज, आंकड़ों की दृष्टि में-** बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में जनवरी, 2021 से अप्रेल, 2021 के मध्य रेडियोलाजी विभाग ने 10753 एक्स-रे, 4649 सीटी स्केन, 4858 अल्ट्रासाउंड और 636 एमआरआई कर मरीजों के



इलाज में महती भूमिका निभाई है। विदित हो कि इस दौरान कोविड के साथ-साथ, बीएसपी अस्पताल में अन्य मरीजों का भी इलाज किया जा रहा था। इन 4 महीनों में रेडियोलाजी विभाग ने मरीजों के उत्कृष्ट इलाज में बेहतरीन रोल अदा किया है। कोविड के संकट में भी इस टीम ने अपना मनोबल बनाये रखा।

### समर्पित टीम के सदस्य

संकट के इस घड़ी में बीएसपी के रेडियोलाजी विभाग के एडीशनल सीएमओ डॉ प्रतीभा इस्सर के नेतृत्व में डॉ राजीव पाल, डॉ लता देवांगन, डॉ धीरज गुप्ता, डीएनबी डॉक्टर्स तथा रेडियोग्राफर्स व पैरा-मेडिकल स्टाफ तथा अन्य कर्मचारियों की टीम ने बड़ी प्रतिबद्धता से इन कार्यों को अंजाम दिया। इस टीम के कई सदस्य पॉजीटिव होने के बावजूद अपने कर्तव्यपथ पर डटे रहे। कोविड से ठीक होने के बाद भी वे बिना विश्राम के निरन्तर कार्य करते रहे। यह सम्पूर्ण कार्य कार्यपालक निदेशक (मेडिकल एंड हेल्थ सर्विसेस) डॉ एस के इस्सर के कुशल मार्गदर्शन तथा सीएमओ द्वय डॉ प्रमोद बिनायके तथा डॉ रविन्द्रनाथ के दिशा-निर्देशों के साथ कुशलतापूर्वक जारी है।

## पिता के जन्मदिन पर पुत्र ने कोरोना मरीजों को राशनदान, वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को किया फलदान

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



ग्राम सोहतरा निवासी भोजराम डडसेना के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पुत्र देवेन्द्र डडसेना ने महावीर आईटीआई बालोद पहुचे। जहा कोरोना संक्रमण से पीडित मरीजो का इलाज चल रहा है। उन मरीजो के लिए भोजन व्यवस्था हेतू एसडीएम रामसिंह ठाकुर व तहसीलदार रश्मि वर्मा के समक्ष में 2 टीन तेल, 50 किग्रा आटा, 20 किग्रा दाल, 50 किग्रा प्याज, 2 कट्टा नमक, 53 किग्रा आलू, 1 किग्रा हल्दी पाउडर, 1 किग्रा मिर्ची पावडर, 1 किग्रा धनिया पावडर, 20 किग्रा शक्कर, 1 किग्रा जीरा, 1 किग्रा लहसुन का राशन दान किया गया। तत्पश्चात वहां से सुख आश्रय वृद्धाश्रम पहुच कर भोजराम डडसेना के पुत्रवधु धनेश्वरी डडसेना ने फल का दान किया व उपस्थित वृध्दजनों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके पुत्र देवेन्द्र डडसेना, देबीलाल डडसेना (प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सिन्हा समाज), डॉ. बिसंभर सिंह सिन्हा (जिलाध्यक्ष सिन्हा सामाज बालोद) व परिवार के घनाराम, टेकराम, दिनेश, मनोज, लिलेंद्र, सन्तोष, सुरेश, गोली, अशोक, मेदान्त, भरत सिन्हा, दीपक, सोनू, धनेश्वरी, लीना, मोना व मीनाक्षी डडसेना सदस्य उपस्थित रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### सपोस बैरिकेट्स के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया सांसद अजगले ने



**सक्ती।** जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम ने 15 मई को जिले के विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण करते हुए चंद्रपुर क्षेत्र के सपोस में लगे बैरियर पर ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए उत्साह वर्धन किया साथ ही उनकी सेवाओं के लिए उनको आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोविड के संक्रमण से बचाव हेतु खुले आसमान के नीचे आप अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा निश्चित रूप से उनके कार्यो से लोग जागरूक होंगे तथा क्षेत्र में कोरोना संक्रमण की दिशा मे कोरोना से मुक्ति की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी इस दौरान गुहाराम अजगळे ने चंद्रपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लगे वेरीकेट पर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा उनके साथ समाजसेवी गोविंद अग्रवाल चंद्रपुरिहा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

### सीजी टीका में पंजीयन, टीकाकरण केंद्रों में लाइन लगाने से मिली मुक्ति




**सक्ती।** राज्य सरकार द्वारा टीकाकरण के लिए हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीजीटीका पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। जिसमें शेड्यूल की भी सुविधा दी गई है। हितग्राही पंजीयन के साथ ही अपने निकटतम टीकाकरण केंद्र का चयन कर निर्धारित समय में उपस्थित होकर टीका लगवा सकेंगे। जिससे टीकाकरण केंद्रों में लंबी लाइन नहीं लगेगी। अब श्रेणी के अनुसार अलग-अलग वेक्सीन सेंटर नहीं बनाए जाएंगे। चयन किए गए किसी भी टीकाकरण केंद्र में जाकर टीका लगवाने की सुविधा होगी। जिले के सभी सीएससी (चाईस सेंटर) में निःशुल्क पंजीयन सुविधा उपलब्ध कराई गई है,उक्ताशय की जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा दी गई है।

### 16 हजार 842 मरीजों ने दी कोरोना को मात

**मुंगेली।** कोरोना संक्रमण की चुनोतियो के बीच जिले में संचालित होम आइसोलेशन और कोविड हॉस्पिटल में डॉक्टर एवं उनकी पूरी टीम लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने में जुटी हुई है। एक ओर जहाँ मरीजो की मजबूत इच्छा शक्ति और बुलंद हौसलो ने तो वही दूसरी ओर जिला प्रशासन द्वारा की गई मुकम्मल व्यवस्था के फ्लस्वरूप गंभीर मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो रहे है। इसी कड़ी में जिले में अब तक होम आइसोलेशन और कोविड हॉस्पिटल से 16 हजार 842 मरीज कोरोना को मात देकर डिस्चार्ज हुए और अब वे सामान्य जीवन जी रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में कल 14 मई तक केवल 04 हजार 125 एक्टिव प्रकरण होने की जानकारी दी।

### जिले में 12 हजार 438 लोगों ने स्वप्रेरणा से लगवाया कोविड-19 का टीका

**मुंगेली।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लोगों द्वारा स्वप्रेरणा से टीका लगवा रहे है। इसी क्रम में अब तक 12 हजार 438 लोगों द्वारा कोविड-19 का टीका लगवाया गया। इनमें अतिगरीबी अंत्येदय राषन में पंजीकृत, एपीएल बीपीएल राशन कार्ड धारक और फ्रंट लाइन वर्कर शामिल है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पी.एस एल्मा द्वारा चिन्हाकित टीकाकरण केंद्रों में टीकाकरण के लिए सुव्यस्थित व्यवस्था की गई है।

# कोरोना के संक्रमण में कमी आयी, 10.9 प्रतिशत रहा

- **300 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए कुल 17142 लोग स्वस्थ हुए**

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिले में कोरोना के संक्रमण दिनो-दिन घट रहा है शनिवार को 200 केस संक्रमित मिले। कोरोना का संक्रमण के दर घटा। शनिवार को 1824 सेम्पल के रिपोर्ट में से 10.9 प्रतिशत के दर से संक्रमण पर 200 केस संक्रमित पाये गए। कुल संक्रमण की संख्या 21309 पहुच गई। राहत की बात है कि शनिवार को सबसे ज्यादा 300 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए है जिनकी कुल संख्या 17142 हो गई है। शनिवार को 200 में से 123 प्रकरण मुंगेली विकास खण्ड में, 64 लोरमी विकास खण्ड के तथा 13 पथरिया विकास खण्ड के है। शनिवार को कोरोना से 3 व्यक्ति की मौत हुई है कुल 145 लोगो की मौत हो गई है। शनिवार को कुल एक्टिव केस की संख्या घट कर 4022 हो गई है। कुल 1824 सेम्पल के रिपोर्ट आये है जिनमें से आरटीपीसीआर के 42, टू नाट के 62, रैपिड एंटीजेन के 96सहित कुल 200 केस संक्रमित मिले है।

जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम परदेशीकापा के वार्ड नंबर 01 एवं वार्ड नंबर 06 कंटेनमेंट जोन घोषित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एल्मा ने आदेश जारी कर दायित्व अधिकारियों को सौप दिया है और उसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये है।

- सकारात्मक सोच और दृढ़ इच्छा शक्ति एवं चिकित्सकों के समर्पित सहयोग के फलस्वरूप 15 मई तक 17 हजार 142 मरीजों ने कोरोना को दी मात।

- जिले के चिन्हाकित टीकाकरण केंद्रो में 16 जनवरी से 15 मई तक 1 लाख 57 हजार 346 लोगों ने लगवाया कोविड-19 का टीका

- जिले में 18 से 44 वर्ष के 12482 लोगों द्वारा स्वप्रेरणा से लगवा रहे है टीका

फ्रंट लाइन वर्कर के रूप मे शामिल पत्रकारों एवं उनके परिजनों ने लगवाया।

## चिकित्सा संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी : मुख्यमंत्री



- **508 बिस्तर वाले 7 कोविड केयर सेंटर का किया वर्चुअल उद्घाटन, वायरोलॉजी लैब की स्थापना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 16 मई को कहा कि आबादी की दृष्टि से जांजगीर चांपा सबसे बड़ा जिला है। घनी आबादी की तुलना में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि औद्योगिक समूहों, धार्मिक संगठनों, समाजसेवी संगठनों के सहयोग से आज 508 बिस्तर वाले 7 कोविड केयर सेंटर्स का वर्चुअल उद्घाटन हुआ है। इसके बेहतर संचालन में भी किसी प्रकार की कमी नहीं होगी,मुख्यमंत्री ने जांजगीर-चांपा जिले में जिन नवीन कोविड अस्पतालों का शुभारंभ किया उनमें से कोविड केयर सेंटर मड़वा में कुल 100 बिस्तर उपलब्ध हैं जिनमें से 70 ऑक्सीजन बेड हैं, इसी तरह कोविड केयर केंद्र पामगढ़ में 150 बिस्तरों में 50 बिस्तर ऑक्सीजन बैड हैं, कोविड केयर केंद्र पुलिस लाइन जांजगीर में उपलब्ध कुल 18 बेड में आठ ऑक्सीजन बेड, कोविड केयर केंद्र कुलीपोटा में उपलब्ध- 150 बेडो में 50 बेड ऑक्सीजन आक्सीजन सुविधा युक्त , कोविड केयर केंद्र पीआईएल में उपलब्ध-50 बिस्तरों में पांच बिस्तर ऑक्सीजन बेड, कोविड केयर केंद्र नवागढ के सभी 10 बिस्तर ऑक्सीजन बेड और कोविड केयर केंद्र जिला चिकित्सालय जांजगीर में उपलब्ध 30 बेड में 21 ऑक्सीजन सुविधा युक्त बेंड हैं।

## सांसद गुहाराम अजगले ने ली अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगले ने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत डभरा के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक ली, इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे, तथा सांसद अजगळे ने कहा कि वर्तमान कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए हमें पूरी सजगता के साथ लोगों को सहयोग करना है, तथा स्वास्थ्य विभाग तथा सभी विभाग अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सजगता से करें एवं कोविड-19 के संक्रमण के दौरान संक्रमित मरीजों को जहां आवश्यक गाइडलाइन समय समय पर दी जाती रहे तो वही कोविड-19 अस्पतालों में आने वाले संक्रमित मरीजों का बेहतर उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की दिशा में कार्य करें तथा इस दौरान डभरा जनपद पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे,तथा प्रमुख रूप से इस बैठक में श्री गोपाल जी महाप्रभु चंद्रहासिनी सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर के चेयरमैन गोविंद अग्रवाल चंद्रपुरिहा, चंद्रहासिनी ट्रस्ट के सदस्य पूनमचंद अग्रवाल डोमनपुर सहित काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच के दानदाताओं से मिले 8 नए ऑक्सीजन गैस सिलेंडर

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा द्वारा अपनी ऑक्सीजन गैस सिलेंडर सेवा को निरंतर शहर के सेवाभावी दानदाता परिवारों के सहयोग से विस्तारित करते हुए बढ़ाया जा रहा है, तथा इसी श्रृंखला में अग्रवाल सभा शक्ति एवं रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा नगरपालिका शक्ति में विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल एवं नगरपालिका शक्ति की सभापति रिंकू अग्रवाल द्वारा पांच नग ऑक्सीजन गैस सिलेंडर एवं 3 नग ऑक्सीजन फाइन एडजेस्टमेंट वाल्व प्रदान किया है, इसके साथ ही शहर की प्रतिष्ठित फर्म अयोध्या प्रसाद कपूरचंद अग्रवाल प्रियंका मोबाइल पॉइंट के संचालक संतोष अग्रवाल द्वारा अपने पूज्य पिताजी स्व. कपूरचंद अग्रवाल एवं रतनी देवी अग्रवाल की स्मृति में एक नग ऑक्सीजन गैस सिलेंडर प्रदान किया है, वहीं शक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म हनुमान प्रसाद पवन कुमार खरकिया के संचालक मोहन अग्रवाल ढोलू द्वारा अपने जेष्ठ भ्राता स्व. सोहन अग्रवाल की स्मृति में 1 नग ऑक्सीजन गैस सिलेंडर प्रदान किया है,शक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म वार्ड क्रमांक- 03 निवासी रघुनाथ प्रसाद कैलाशचंद्र अग्रवाल के संचालक एवं युवा कांग्रेस नेता कालू अग्रवाल द्वारा अपने पूज्य दादा स्व. रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में एक नग ऑक्सीजन गैस सिलेंडर प्रदान किया है, उल्लेखित हो कि मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा को निरंतर सेवा कार्यो के लिए लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। एवं मारवाड़ी युवा मंच की यह ऑक्सीजन गैस सिलेंडर सेवा शहर सहित आसपास के क्षेत्र में जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी स्थाई सेवा के रूप में कार्य कर रही है।

## जवाहरलाल नेहरू महा. के रासेयो के छात्र छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा वर्तमान कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ शालू पावा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवेंद्र शुक्ल के मार्गदर्शन में कोरोना जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी सेवाभावी छात्र-छात्राओं द्वारा निरंतर सोशल मीडिया के माध्यम से जहां स्वयं मास्क लगाकर एवं लोगों को कोरोना के बचाओ सबधी स्लोगन लिखकर प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो वहीं ग्रामीण अंचलों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के यह छात्र-छात्राएं विभिन्न संचार माध्यमों से लोगों को जागरूक करते हुए अपील कर रहे हैं, कि वर्तमान समय को देखते हुए मास्क लगाएं एवं स्वयं को कोविड-19 की महामारी से बचाव हेतु सुरक्षित रहे, साथ ही इस संबंध में जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय शक्ति के कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवेंद्र शुक्ल भी कहते हैं कि आज पूरे देश में जिस तरह से कोविड-19 के संक्रमण ने देश की रफ्तार रोक दी है, तो वही आज लोग घरों के अंदर रहकर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं।

## नौकरी लगाने के नाम पर 60 हजार की ठगी, आरोपी 4 साल बाद गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर कार्यालय में चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 60,000 रू . की ठगी करने वाले आरोपी को डभरा पुलिस ने भैरोताल छुराकछार थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा से गिरफ्तार कर लिया है,पूरा मामला जिले के थाना डभरा क्षेत्र का मामला है,जहां प्रार्थी छेरकाराम बघेल पिता गंगाराम बघेल उम्र 51 वर्ष साकिन चुरतेला थाना डभरा जिला जांगीर चांपा ( छ.ग. ) के द्वारा अपने लड़के पुरेन्द्र सिंह बघेल का वर्ष 2016 में कार्यालय कलेक्टर जिला जांजगीर चांपा मे भृत्य पद पर नौकरी लगाने के नाम पर आरोपी संतोषदास महंत निवासी भैरोताल छुराकछार द्वारा 05 जनवरी 2017 एवं 21 जनवरी 2017 को कुल 60000 रुपये ठगी कर ले जाने के विरूद्ध थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया था इस पुराने मामले को गंभीरता से लेते हुए डभरा पुलिस द्वारा विवेचना किया गया तब खुलासा हुआ कि नौकरी लगाने के नाम पर छेरकाराम के द्वारा संतोष महंत को 60000 रू देना बताया,संतोष महंत द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी धोखाधड़ी करना पाये जाने पर आरोपी संतोष महंत के विरुद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, इस 4 साल पूर्व मामले में डी आर टंडन टी आई डभरा द्वारा टीम तैयार कर भैरोताल छुराकछार थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा रवाना किया गया था,जो टीम भैरोताल छुराकछार पहुचकर 14 मई 2021 को आरोपी संतोषदास महंत को उसके घर पर जाकर दबिश देकर हिरासत पर लेकर पूछताछ किया गया जहाँ आरोपी संतोष महंत नौकरी लगाने के नाम पर 60000 रुपये की ठगी कर लेना अपना जुर्म स्वीकार किया एवं ठगी कर ले गये पैसे को खर्च करना बताया,जिसे 14 मई 2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड लेकर जेल दाखिल किया गया।

## श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी न्यास प्रारंभ करेगा 100 बिस्तरों वाला कोविड-19 अस्पताल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के आदि शक्ति मां चंद्रहासिनी देवी की नगरी चंद्रपुर शहर में वर्तमान कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए गोपाल महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी देवी सार्वजनिक न्यास द्वारा आने वाले दिनों में शीघ्र ही शहर के सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में 100 बिस्तरों के कोविड-19 अस्पताल का शुभारंभ किया जाएगा, तथा उक्तआशय की बातों को लेकर 15 मई को श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी देवी सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर के प्रमुख ट्रस्टी चेयरमैन गोविंद चंद्रपुरिहा, पूनमचंद्र अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम स्कूल चंद्रपुर के प्राचार्य, सहित डभरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आचला ने जांजगीर पहुंचकर जिला कलेक्टर यशवंत कुमार से मुलाकात की, तथा इस दौरान जिला कलेक्टर से हुई मुलाकात के दौरान प्रशासन की ओर से चंद्रपुर शहर में प्रस्तावित 100 बिस्तरों के कोविड-19 अस्पताल में आवश्यक चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीम उपलब्ध करवाने की बात कही गई है, तथा उपरोक्त 100 बिस्तरों वाले कोविड-19 अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं, सुविधाएं, भोजन श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी देवी सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी, तथा प्रतिदिन कोविड-19 के मरीजों एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा कर्मचारियों को भी भोजन की व्यवस्था चंद्रहासिनी देवी ट्रस्ट के मंदिर परिसर में स्थित अत्याधुनिक भोजन सभागार से वितरित की जाएगी, एवं भवन की व्यवस्था सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम स्कूल द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी, एवं कोविड-19 अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी विद्यालय भवन से लगकर गायत्री शक्तिपीठ के परिसर में निवास करेंगे तथा गोविंद चंद्रपुरिहा के नेतृत्व में कलेक्टर से मिले प्रतिनिधिमंडल के बाद देर शाम चंद्रपुर के प्रस्तावित 100 बिस्तरों वाले कोविड-19 अस्पताल परिसर का ट्रस्ट के सदस्यों सहित जांजगीर-चांपा लोकसभा के सांसद गुहाराम अजगळे, जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा के खंड चिकित्सा अधिकारी श्री मिश्रा, तहसीलदार भोज कुमार डहरिया सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने निरीक्षण करते हुए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की, तथा इस संबंध में श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी देवी सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर के प्रमुख ट्रस्टी तथा चेयरमैन गोविंद चंद्रपुरिहा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा कोविड-19 अस्पताल के लिए कल से ही सारी तैयारियां प्रारंभ कर दी जाएगी।

## जिले में लॉकडाउन के अवधि को विस्तारित कर 31 मई तक बढ़ा दिया गया है

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते ऑकड़े व प्रदेश सरकार के निर्देश में जिला कलेक्टर द्वारा कोरोना संक्रमण के चेन को तोड़ने के लिए भारत सरकार व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के परामर्श पर कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने लॉकडाउन की अवधि को विस्तारित कर 31 मई तक बढ़ा दिया है। जिसमें मुंगेली जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र दिनांक 31.05.2021 मध्यरात्रि तक पूर्ववत कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इस अवधि में मुंगेली जिले के सभी सीमाएं पूर्णता सील रहेगी।

**लॉकडाउन में खुलने की अनुमति-** लॉकडाउन अवधि में अस्पताल, मेडिकल दुकान, क्लीनिक, पशु चिकित्सालय निर्धारित समय में खुलेगें।

उचित मूल्य की दुकाने निर्धारित समयावधि में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए खुलेगी।

प्रति मंगलवार और शुक्रवार को प्रातः 9 से 5 बजे तक ज्वेलर्स बर्तन एवं श्रृगार सदन को छुट दी गई है, वही बुधवार और षनिवार को प्रातः 9 से 5 बजे तक कपडा दुकानो को खोलने की अनुमती दी गई है।

दुध पार्लर, मांस, अंडा, मछली, एवं किराना सामग्रीध्ग्रॉसरी की होम डिलीवरी प्रातः 8 बजे से 5 बजे तक होगी।

मोहल्ले में स्वतंत्र रूप से स्थापित किराना स्टोर्स को उक्त अवधि में खोलने की अनुमति की होगी। रेस्टोरेंट एवं हॉटल को केवल घर पहुंच सेवा के लिए अनुमति होगी। फ्ल एवं सब्जी विक्रय गलियों में घूम-घूम करध्डोर-टू-डोर की अनुमति होगी। पैट शॉपध्एक्रेरियम को केवल पशुओं को पशुवारा देने हेतु उक्त समयावधि में शॉप खोलने की अनुमति होगी। एल.पी.जी. गैस सेलेन्डर एजेंसी केवल टेलीफोनिक ऑनलाइन आर्डर लेगें व घर पहुच सेवा देगें।

## विधानसभा अध्यक्ष महंत के सुझाव पर जेठा कोविड-19 सेंटर में भी होगा सुविधाओं का विस्तार

- **महंत के आग्रह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर जिले के मडवा, कुलिपोटा, पामगढ़, पी आई एल जिला अस्पताल में 508 विस्तर का कोविड हॉस्पिटल के उद्घाटन एव वर्चुअल मीटिंग में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास मंहत ने जिले में कोरोना संक्रमण को रोकने एव कोरोना मरीजों के मिल रहे उपचार तथा जिला प्रशासन एव पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हैं कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की, डॉ महंत ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा कि जिले के कोविडसेंटर में ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाए जिससे मरीजों की नकारात्मक सोच पर बदलाव आए तथा कई सुविधाओं के विस्तार के लिए सुझाव भी दिए जिसमें मुख्यमंत्री ने तत्काल उक्त सुझाव को स्वीकृति देते हुए उसे अमलीजामा बनाने हेतु निर्देश दिए ,डॉ. चरणदास महंत ने जिले में अन्य संचालित कोविड सेंटर में सुविधाओं बढ़ाये जाने की भी बात कही एव जिला प्रशासन एव औद्योगिक संस्थान जो इस महामारी में सहयोग प्रदान कर रहे हैं उनको धन्यवाद दिया, डॉ महंत ने प्रभारी मंत्री श्री टी एस सिंहदेव से कहा कि कोरोना टेस्टिंग बढ़ाई जावे एव कोरोना टेस्टिंग लेब जिले में हो, ऐसी व्यवस्था की जाए इस सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र सक्ती के जेठा स्थित कोविड सेंटर में कलेक्टर ने जनरेटर, एवम कूलर भेजा है। तथा कोविड मरीजो के मनोरंजन हेतु शीघ्र ही एल ई डी टीवी भी लगाई जाएगी।

## क्विक न्यूज

### कोविड पॉजिटव रह चुके एक मरीज में दिखे ब्लैक फंगस के संदिग्ध लक्षण



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के अशर्फी देवी चिकित्सालय में एक मरीज को पिछ्ले गुरुवार को रायपुर रिफर किया गया है। 35 वर्षीय मरीज रायगढ़ जिले के पुसौर क्षेत्र का रहने वाला है। मरीज को एक दिन पहले बुधवार को भर्ती कराया गया था। मरीज की एक आंख और उसके नीचे चेहरे के एक बड़े हिस्से पर काला स्पॉट दिख रहा था। संदिग्ध मरीज पहले कोरोना पॉजिटव रह चुका था। मरीज के लक्षण ब्लैक फंगल से मिलते जुलते हैं, लेकिन अभी साफ तौर पर यह नहीं कहा जा सकता किया फंगल इंफेक्शन है या बैक्टीरियल। मरीज का इलाज कर रहे डॉक्टर रूपेंद्र पटेल का कहना है कि मरीज में ब्लैक फंगल के संदिग्ध लक्षण दिखाई दे रहे हैं। उसे एक दिन पहले भर्ती किया गया था। शंका के आधार पर इमरजेंसी ट्रीटमेंट देकर रायपुर रिफर कर दिया गया है।

### 18 से 44 आयु वर्ग वाले लोगों टीकाकरण के लिए 4900 डोस प्राप्त हुए



**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जिले में अन्त्योदय राशनकार्ड धारकों बीपीएल परिवारों एपीएल परिवार और फ्रंट लाइन वर्कर का प्राथमिक से टिकाकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले को 18 से 44 आयु वर्ग वाले लोगों के लिए कुल 4900 डोज प्राप्त हुआ है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है। टिका केन्द्र पहुंचकर टिका जरूर लगवाएं और प्रथम डोज लगवाने के बाद निर्धारित अवधि उपरान्त दूसरा डोज लगवाने के लिए कहा गया।

# हर विभाग रोपेगा पौधा, मिलेगा ऑक्सीजन और होगी हरियाली

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com





हर वर्ष बारिश शुरू होने से पहले पौधरोपण की तैयारी वन विभाग के द्वारा की जाती है और बारिश के साथ ही पौधे रोपने लगते हैं। वन विभाग द्वारा निशुल्क पौधों का भी वितरण किया जाता है, लेकिन इस बार पौधरोपण की जिम्मेदारी सिर्फ वन विभाग को नहीं बल्कि सभी शासकीय विभागों को इसकी जिम्मेदारी मिली है और सभी विभाग अपने आवश्यक्तानुसार पौधरोपण करेंगे। अब तक फारेस्ट विभाग के पास अन्य विभागों से लगभग छह लाख से अधिक पौधों की मांग की जा चुकी है।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व में उच्च स्तर के अधिकारियों से पौधरोपण को लेकर चर्चाएं हुई। इसके बाद यह उच्चस्तर पर पौधरोपण के लिए योजना बनी ओर यह निर्णय लिया गया कि सभी शासकीय विभागों के द्वारा पौधरोपण किया जाएगा और उसकी देखरेख व रखरखाव का जिम्मा भी उन्हीं विभागों के द्वारा की जाएगी। जिसकी नियमित रूप से मानिटरिंग होगी। ताकि पौधे जीवित रहकर पेड़ बन सके। इसके बाद जिला कलेक्टर द्वारा सभी विभागों से पौधरोपण के लिए लक्ष्य मांगा गया था। जहां गई विभाग व उद्योगों से पौधों की मांग आने लगी। बताया जा रहा है कि अब तक छह लाख से अधिक पौधों की मांग आ चुकी है। जिसे अन्य शासकीय विभाग व उद्योगों के द्वारा रोपा जाएगा। चुंकि विशेषज्ञों व डॉक्टरों का भी मानना है कि रायगढ़ जिला में प्रदुषण काफी है और इस कोरोनाकाल में हर कोई परेशान है। ऐसे में अगर यहां अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण हो, तो प्रदुषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर इस वर्ष पौधरोपण के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही जा रही है।

**मद नहीं होने पर अन्य माध्यम से की जाएगी व्यवस्था-** विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कई ऐसे भी शासकीय विभाग हैं, जिनके पास पौधरोपण के लिए अलग से कोई मद नहीं होता है। इससे उन्हें पौधरोपण में काफी कठिनाईयां आती है, पर वन विभाग द्वारा ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भी पहले से व्यवस्था की जा रही है। वन मंडलाधिकारी ने बताया कि अगर किसी विभाग के पास प्लांटेशन के लिए राशि नहीं है, तो विभाग प्रमुख वन विभाग में सूचित करे। इसके बाद पौधरोपण मनरेगा, वन प्रंबधन समिति या अन्य किसी मद से कराने की व्यवस्था की जाएगी।

**इन विभाग ने की पौधों की मांग-** वन मंडल को मिलाकर अब तक लगभग 43 विभाग व उद्योगों से पौधरोपण की सूची तैयार कर ली गई है। इसमें किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, केएमटी शासकीय कन्या महाविद्यालय, जिला नगर सेना, अनुविभागीय अधिकारी, लो. नि. वि. राष्ट्रीय राजमार्ग, उप संभाग रायगढ़, जिला व्यपार एवं उद्योग केन्द्र, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, उप संचालक मछली पालन, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सारंगढ़, कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. रायगढ़ राज्य मार्ग/मुख्य जिला मार्ग/ग्रामीण मार्ग, सहायक संचालक उद्यान, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग धरमयगढ़, शा.पालीटेकनिक, कार्यपालन अभियंता, केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग, नगर पालिक निगम रायगढ़, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं विकास विभाग रायगढ़, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, रायगढ़, कार्यालय नगर पंचायत पुसौर, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, एनटीपीसी लारा, तिलईपाली कोलमाइंस, अंबुजा सिमेंट लिमिटेड सहित अन्य विभागों के द्वारा पौधों की मांग की जा चुकी है।

**लगभग चालिस प्राजाति के पौधे हो रहे तैयार-** रायगढ़ वन मंडल के सभी नर्सरी में लगभग चालिस प्राजाति के पौधों को तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अगर कोई विभाग द्वारा किसी पौधों की मांग की जाती है और वह नर्सरी में नहीं है, तो अभी समय होने के कारण उन पौधों को भी तैयार कर लिया जाएगा। वर्तमान में सागौन, बांस, खम्हार, आवंला, शिशु, सिरस, महुआ, आम, नीम, निलगीरी, ईमली, करंज, साजा, अर्जुन, साल, शिशम, पीपल, बीजा, गुलमोहर, जामुन, बेल, काजू, बेहड़ा, कटहल, अशोक, मुनगा, खैर, चार, हर्रा सहित चालिस प्राजाति के पौधों को तैयार किया जा रहा है।



इस वर्ष फारेस्ट विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा पौधरोपण किया जाना है। उच्चस्तर पर यह योजना बनी है। कलेक्टर द्वारा सभी विभागों से पौधों का लक्ष्य मांगा गया था। अब तक कई विभागों के द्वारा पौधों की मांग की जा चुकी है। लगभग छह लाख से अधिक पौधो का रोपण अन्य विभागों के द्वारा की जाएगी और इसकी लगातार मानिटरिंग होगी।

**डॉ प्रणय मिश्रा, वन मंडलाधिकारी, रायगढ़ वन मंडल**

### फैक्ट फाइल

- 43 विभागों से पौधो की मांग
- 40 प्राजाति के पौधे हो रहे तैयार
- 06 लाख से अधिक रोपेंगे पौधे
- 15 लाख से अधिक पौधे हो रहे तैयार
- 16 नर्सरी में पौधों की तैयारी

# पुलिस ने अवैध शराब एवं जुआ, सट्टा के खिलाफ की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com




फास्टरपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मिलने वाली मुखबीरों से जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार कुजूर के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिकी एवं जुआ, सट्टा पर अकुंश लगाने थाना प्रभारी फ स्टरपुर संजीव ठाकुर को निर्देशित किया गया था जिसके चलते थाना प्रभारी संजीव ठाकुर ने अपने नेतृत्व में चुनिंदा पुलिस अधिकारी / कर्मचारियों के साथ - साथ पुलिस मित्रों की टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये स्थानों में दबिश देकर केवल तीन दिनों में ही सट्टा के 05 प्रकरण में 05 आरोपियों जिनका नाम 1. संतनराम घृतलहरे पिता कातिक घृतलहरे उम्र 42 वर्ष सा. गोरखपुर, 2. दियाल दास घृतलहरे पिता स्व. सोने लाल उम्र 36 सा. माराडबरी, 3. दिलीप गेंदले पिता विजय गेंदले उम्र 35 सा. बैहरसरी, 4. कार्तिक आहिरे पिता खेलन आहिरे उम्र 19 वर्ष सा. नागोपहरी, 5. हरिप्रसाद पात्रे पिता शिवा पात्रे उम्र 41 वर्ष सा. ठेलका नवागांव से कुल 4,720 रूपये जप्त किया गया एवं आबकारी के 02 प्रकरण में 02 आरोपियों जिनका नाम 1. देवनारायण जांगड़े पिता चंदरमन उम्र 28 वर्ष सा. बहरपुर, 2. संतदास नवरंग पिता जगन्नाथ उम्र 30 वर्ष सा. नवागांव ठेलका से कुल 06 लीटर कच्ची महआ शराब कीमती 1,800 रू. का जप्त किया गया व जुआ के 02 प्रकरण में 06 आरोपियों जिनका नाम 1. बृजलाल पिता आशाराम बंजारे उम्र 27 वर्ष सा. खैरझिटी, 2. कोमल साहू पिता कन्हैया साहू उम्र 36 वर्ष सा. खैरझिटी, 3. प्रदीप बंजारे पिता सुखीराम बंजारे उम्र 19 वर्ष सा. लगरा, 4. कृष्ण कुमार पिता रामप्रसाद चौहान उम्र 32 वर्ष सा. केशली कला, 5. दिलीप कुमार पिता तुलाराम उम्र 35 वर्ष सा. केशलीकला, 6. अश्वन कुमार पिता रामप्रसाद उम्र 50 वर्ष सा. केशलीकला से कुल 13,850 रू. जप्त किया गया। आरोपियों को धर पकड़ करके वैद्यानिक कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजीव ठाकुर, सउनि आर.एस. ठाकुर, वी.आर. साहू आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिह, केशव मानिकपुरी एवं पुलिस मित्रों का कार्य सराहनीय रहा।

# सकरेली बाराद्वार में कोरोना टीका लगवाने के लिए मितानिनों ने निकाली जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरोना वैक्सीन को लेकर लोगो द्वारा कई प्रकार के अफवाह उड़ाएं जा रहे है जिसे सुनकर कोरोंना वैक्सीन को लगवाने से लोग डर रहे है जिसको लेकर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कमर्चारियों लोगो के बीच जाकर टीका लगवाने की आपिल कर रहे है, वहीं 16 मई को जांजगीर चांपा जिले के सक्ती तहसील के अन्तर्गत सकरेली बाराद्वार की सभी मितानिनों ने इस महामारी से बचाव के लिए तपते कड़ी धूप में गली मोहल्ले में घूमकर घूमकर रैली और नारे के माध्यम से लोगो को कोरोना वैक्सीन लगवाने की अपील की, और वैक्सिन की गलत अफवाहों में न पड़कर वैक्सीन लगवाने को लेकर मित्तनिनो ने जागरूकता रैली निकाली, वहीं शक्ति ब्लॉक समन्वयक आशा बरेट ने और उनकी टीम ने गली गली मोहलले में जाकर रैली और नारे के माध्यम से लोगो को कोरोना वैक्सीन की से होने वाली फायदों के बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं वहीं इस मौके पर शक्ति ब्लॉक समन्वयक आशा बरेठ , मितानिन प्रशिक्षक कुन्ती तम्बोली मितानिन जयश्री साहू गुलाबी वैष्णव ,बुधवार साहू.चन्द्रवती गोड. तारा गोड. प्रमिला वैष्णव. राधा राठौर. कुसुम साहू. उपस्थित रहे।

# महिला को धमकी देकर किया अनाचार

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



महिला की अश्लील तश्वीरें खींचकर वायरल करने की धमकी देते हुए अनाचार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र में रहने वाली युवती द्वारा कृष्णा साहू पिता सियाराम साहू उम्र 30 वर्ष साकिन ट्रांसपोर्टनगर इसकी चोरी छिपे मोबाईल पर अंतरंग तस्वीरें खींच कर वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 376 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को आज चौकी जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की मोबाईल जप्त की गई है, साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में आईटी एक्ट की धारा जोड़ी जाएगी। पीड़ित युवती बताया कि कृष्णा साहू परिवार के लोगों की मदद करता था, जिसे अपना हितैशी मानकर उससे मदद लिया करती थी। कृष्णा साहू का घर आना जाना था और एक दिन नहाते समय अपने मोबाईल पर फोटो खींच कर उस फोटो को वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद कई बार बदनाम करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण किया। आरोपी कृष्णा साहू विवाहित है, पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी पत्नी बनाया है। अपने दोस्तों को युवती को लेकर उल्टी-सीधी बातें करता और अपने एक दोस्त को युवती का फोटो व्हाट्सअप भी किया, जिसे उसके दोस्त ने युवती को दिखाया। तब युवती अपनी मां को घटना बताई और पुलिस चौकी रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची।

### कोरोना मापदंड का पालन करते जिन परिवारों हुआ शादी प्रशासन ने उन परिवारों को दिया धन्यवाद

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में और जशपुर एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी के दिशा निर्देश में जशपुर विकास खंड में पुर्व में जिन परिवारों को 10 लोगों की उपस्थिति में शादी समारोह की अनुमति दी गई थी । प्रशासन की निगरानी तहसीलदार और पटवारियों की उपस्थिति में कोरोना मापदंड का पालन करते हुए शादी समारोह आयोजित किया गया। प्रशासन ने भी उन परिवारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ।आप लोग ने कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझा और जिला प्रशासन के मापदंड अनुसार शादी समारोह आयोजित किया गया। जशपुर विकास खंड ग्राम झोलगां कुडीगमोहाटोली ग्राम जुरगुम निवासी मनोज कुमार ग्राम आरा कस्तूमबा ग्राम सकरडेगा निवासी शिवनाथ सिंह के यहां सामाजिक दूरी बनाते हुए शादी समारोह आयोजित किया गया है।

# सीजी टीका पोर्टल पर टीकाकरण पंजीयन के लिए ग्राम व जनपद पंचायतों में हेल्पडेस्क शुरू

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में कोविड-19 टीकाकरण पंजीयन के लिए ग्राम पंचायत एवं जनपद मुख्यालयों में पंचायत कार्यालय एवं जनपद कार्यालय व नगरीय निकाय कार्यालयों में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। राज्य शासन द्वारा 18 से 44 आयु वर्ग के सभी लोगों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए सुविधाजनक तरीके से टीका लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सीजी टीका वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिले के सभी ग्राम पंचायत एवं जनपद मुख्यालयों में ग्राम पंचायत एवं जनपद कार्यालय में पंजीयन के लिए हेल्प डेस्क बनाये गए है। जिन लोगों के पास मोबाइल अथवा नेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे पंजीयन के लिए इन हेल्प डेस्क की मदद ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए राज्य के 18 से 44 आयु के लोगों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सीजी टीका वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।


BAJAJ FINSERV

## बजाज फाइनैंस लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय : तृतीय तल, बजाज फिनसर्व, पंचशील टेक पार्क, विमान नगर, पुणे–411014, महाराष्ट्र
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, स्काई पार्क प्लॉट नंबर 3/10, राजा तालाब, पंढारी, निकट टावरी नर्सिंग होम, रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की 13 (2) के तहत मांग सूचना**

अधोहस्ताक्षरी मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में एतदद्वारा निम्नलिखित सूचना उन कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) को जारी कर रहा है, जो अपनी देयता का निर्वहन करने में असफल रहे हैं अर्थात बजाज फाइनैंस लिमिटेड द्वारा उनको सम्पत्ति के संबंध में दिए गए होम लोन /लोन के मूलधन और उसपर उद्भूत ब्याज एवं अन्य प्रभारों के प्रतिभुगतान में असफल रहे हैं और उसके परिणामस्वरूप लोन 25 मार्च, 2021 को अनार्जक आस्ति (एनपीए) हो गए हैं। तदनुसार उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की 13 (2) और उनके नियमों के तहत सूचनाएं, उनके अंतिम ज्ञात पते पर, जारी की गई थीं। तथापि वे बिना सुपुर्दगी/बिना तामील वापस प्राप्त हो चुकी हैं, अतः कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे उनके द्वारा समय समय पर प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के तहत बकाया रशियों का भुगतान करें।

| ऋण खाता नंबर/कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रतिभूत/बंधक अचल सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का पता | मांग सूचना तिथि और राशि |
|---|---|---|
| (एलएएन नंबर 454FSL37102950)<br>1. शेख शोएब मोहम्मद (कर्जदार)<br>2. नाज़िया कौसर शेख (सह–कर्जदार)<br>3. नजमुन्निशा (सह–कर्जदार)<br>तीनों निवासी : 373 चौरसिया कालोनी मठापुरेना, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001<br>4. अत्तार ट्रेडर्स (सह–कर्जदार)<br>पता : दुकान नंबर 40, प्रथम तल, रवि भवन, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001 | निम्नवर्णित गैर–कृषि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : खसरा नंबर 180/33 के भाग पर निर्मित दो मंजिला रिहायशी भवन, पीएच नंबर 105/47, चौरसिया कालोनी मठापुरेना, चंद्रशेखर आजाद वार्ड नंबर 52, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001<br>उत्तर : दिलावर का मकान, पूरब : सिंध की भूमि, दक्षिण : तिवारी की भूमि, पश्चिम : रोड | 20 अप्रैल, 2021<br>रू. 28,36,892/–<br>(रूपए अठ्ठाईस लाख छत्तीस हजार आठ सौ बानवे मात्र) |
| (एलएएन नंबर 454LAP63957597)<br>1. दिकेश्वर सिन्हा (कर्जदार)<br>2. चैन लाल सिन्हा (सह–कर्जदार)<br>3. मनकुंवर सिन्हा (सह–कर्जदार)<br>तीनों निवासी : सत्यम विहार कालोनी रायपुरा बिन्द्रावनगढ़ रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492013<br>4. माधुरी मेडिकल हॉल (सह–कर्जदार)<br>पता : महादेवघाट रोड रायपुरा, छत्तीसगढ़ – 492001 | निम्नवर्णित गैर–कृषि सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : खसरा नंबर 644/293 में शामिल मकान नंबर 104/35, क्षेत्रफल 1575 वर्ग फीट, रायपुरा, माधव राव सप्रे वार्ड नंबर 68, शीतलपाड़ा, सत्यम विहार रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001<br>उत्तर : बिना बनी रोड, पूरब : खुली भूमि, दक्षिण : बसंत की भूमि, पश्चिम : योगेन्द चंद्राकर की भूमि | 15 अप्रैल, 2021<br>रू. 35,32,359/–<br>(रूपए पैंतीस लाख बत्तीस हजार तीन सौ उनसठ मात्र) |

सूचना की वैकल्पिक तामील हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों तथा/अथवा सह–कर्जदारों गारंटरों को सलाह दी जाती है कि वे बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर कर दें, जिसमें असफल रहने पर वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति आस्ति/बंधक सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु आगे कार्यवाही (बजाज फाइनैंस लिमिटेड के पास उपलब्ध अन्य अधिकार उपायों को प्रतिकूल प्रभावित किए बगैर) की जाएगी।
उपरोक्त नामक पार्टियों को उपरिवर्णित सम्पत्तियों को हस्तांतरित नहीं करने, तृतीय पक्ष हित सृजित नहीं करने की सलाह भी दी जाती है। जिन पर बजाज फाइनैंस लिमिटेड का प्रभार है।

स्थान : रायपुर
तिथि : 17–05–2021

वास्ते मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी


### ऑक्सीजन बेड में भर्ती मरीजों की संख्या 76 है, अब तक 232406 लोगों सैम्पलिंग किया गया

# जिले के कोविड केयर सेंटर में 1264 बेड की सुविधा उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में लोगो को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं । जिले के कोविड अस्पताल और कोविड केयर सेंटर में कुल बेड की क्षमता 1264 बेड की है । इनमें उपलब्ध बेड में 1092 में 490 मरीज भर्ती है । और 602 बेड रिक्त हैं । आक्सीजन बेड 172 में 76 मरीज भर्ती है । रिक्त बेड की संख्या 96 है । कुल रिक्त बेड की संख्या 698 है । जिले अब तक कुल 232406 सैम्पलिंग लिए गए वर्तमान में एक्टिव केश 5246 है और उपचार के बाद स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या 15672 लोगों की सुविधा के लिए जिला स्तरीय कोविड नियंत्रण कक्ष का सम्पर्क नम्बर 6264680720 और 8103435261 इसके साथ ही विकास खंड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।जिनके द्वारा मरीजों की सतत निगरानी की जाती है । जिले में कोरोना वायरस के प्रसार नियन्त्रण हेतु जिला एवं विकास खंड स्तर पर डेडिकेटेड टेस्टिंग दल गठित किया गया है । जिले के 49 डेडिकेटेड कांटेक्ट टेरेसिग दल पाजिटिव मरीज के सम्पर्क में आए लोगों की जानकारी दी जाती है । साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है । और मास्क लगाने सोशल डिस्टेंस का पालन करने टिकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले के बार्डर लोदाम लवकेरा एवं अन्य बार्डर में स्वास्थ्य विभाग की टीम की ड्यूटी लगाई गई है । जिनको द्वारा अन्य राज्य से आने वाले व्यक्तियों की जांच की जा रही है । अन्य राज्य से आने वाले व्यक्तियों को 7 दिवस होम आइसोलेशन में रहने के लिए कहा जा रहा है। खनिज न्याय निधि मद से 80 आक्सीजन कंसंट्रेटर खरीदी की गई है। और स्वस्थ डिजिटल फाउंडेशन बैंगलोर के द्वारा 40 आक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराया गया है ।इन आक्सीजन कंसंट्रेटर को विकास खंड के स्वास्थ्य केन्द्र में भेज दिया गया है । मुख्यमंत्री राहत कोष से किराए पर मरीजों के परिवहन व्यवस्था के लिए विकास खंड कुनकुरी को 1 एम्बुलेंस के लिए 1 लाख फरसाबहार को 1 लाख जशपुर को विकास खंड को 2 वाहन के लिए 1 लाख 50 हजार की राशि स्वीकृत किया गया है।

## सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाला चौक अब वीरान है...



**राजनांदगांव।** यह तस्वीर है राजनांदगांव शहर के सबसे व्यस्त रहने वाले मानव मंदिर चौक की। शहर के इस हृदय स्थल में कुछ महीनों पहले तक नज़ारा कुछ और ही हुआ करता था। कोरोना की दूसरी लहर ने इसे चौक को दोबारा वीरान कर दिया है। अप्रैल की 10 तारीख से जिले में लॉकडाउन लगा हुआ है। लोग घरों में ही हैं। रविवार को सरकार ने सख्त संपूर्ण लॉकडाउन लागू किया है। ऐसे में दिन में एक्का-दुक्का दिखने वाले लोग भी आज नदारद रहे। यहां अक्सर पुलिस जवान मोर्चा संभाले तैनात रहते हैं लेकिन शायद वे इस तस्वीर के समय वहां मौजूद नहीं थे। बहरहाल, यह तस्वीर पायनियर के फोटोग्राफर अंकित श्रीवास्तव ने रविवार की दोपहर ही ली है।

# सरकारी दुकान के कर्मी ही कोचियों की तरह दिन-दहाड़े चौक-चौराहों पर बेचने लगे शराब

## आबकारी अमले ने सरकार को मुश्किलों में डाला






**पर्दाफाश :** अवैध शराब के कारोबार में हर पौव्वे के लिए 10 रुपए ले रहा आबकारी अमला ने दी एवज में तस्करी और बिक्री की खुली छूट

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शराब तस्करी में आबकारी की भूमिका का पर्दाफाश होने के बाद अब आबकारी विभाग की नाक के नीचे शहर के चौक-चौराहों में शराब बेची जाने लगी है। इस बार यह काम कोचिए नहीं बल्कि खुद शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा करवाया जा रहा है। होम डिलीवरी की जाने वाली शराब चौक-चौराहों पर डंप की जा रही है और उसके बाद लोगों को बुलाकर शराब दी जा रही है। इन गतिविधियों का सीधा असर सरकार की छवि पर पड़ रहा है। विपक्ष कांग्रेस सरकार को शराब कोचिया बता रहा है। इस पूरे मामले में प्रशासनिक अमला भी कार्रवाई से हाथ पीछे खिंचता दिख रहा है।

सख्त संपूर्ण लॉकडाऊन के बीच राजनांदगांव जिला कार्यालय से महज सौ मीटर दूर अंबेडकर चौक में सरेआम शराब दुकान के कर्मी शराब की पेटियां लेकर बैठे हुए लोगों को शराब दे रहे थे। इस खबर के सामने आते ही हड़कंप की स्थिति मची हुई है। प्रशासनिक अमला भी यह समझ नहीं पा रहा है कि इस मसले पर जवाब क्या दिया जाए। इस तरह की अस्विकार्य गतिविधियों से सरकार से सरकार की मुश्किलें और भी बढ़ सकती है। सामाजिक बुराई की रोकथाम के बजाए उसे चौक-चौराहों तक ले आने के मसले पर विपक्ष सरकार के खिलाफ हावि होता दिख रहा है।

सरकारी शराब दुकान के कर्मी रविवार की दोपहर शहर के अंबेडकर चौक में अलग-अलग ब्रांड की कई पेटी शराब लिए बैठे रहे। लोगों को यह जानकारी नहीं थी कि यह शराब सरकारी दुकान से होम डिलीवरी के लिए यहां लाई गई है। कुछ ही देर में हड़कंप मच गया। जब मीडिया मौके पर पहुंची तो कर्मियों ने बताया कि वे यहां से होम डिलीवरी कर रहे हैं। जबकि असलियत ये थी कि जिन्होंने शराब के लिए ऑनलाईन ऑर्डर किया था उन्हें डिलीवरी के लिए यहीं बुलाया जा रहा था। शराब कर्मियों बताया कि अधिकारी अमित मिश्रा ने उन्हें इस तरह डिलीवरी करने की अनुमति दी है। अमित मिश्रा कौन है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इससे पहले शनिवार की रात भी इसी अंबेडकर चौक में एक वाहन में शराब भरकर लाई गई थी और यहीं से लोगों को बुलाकर डिलीवरी दी जा रही थी।

### संपूर्ण लॉकडाउन के बीच कैसे और क्यूं चौराहों पर बिकी शराब

गौरतलब है कि रविवार को पूरे प्रदेश में सख्त संपूर्ण लॉकडाऊन लागू रहता है। इस दौरान अत्यावश्यक सेवाओं के अलावा किसी तरह की सेवा संचालित नहीं होती। इस दौरान शराब की इस तरह की बिक्री किया जाना एक बड़ा मसला है। पहले ही शराब की होम डिलीवरी शुरु करने को लेकर सरकार निशाने पर है। इस बीच सरेआम चौराहे में शराब की पेटियां रख लोगों को मुहैया कराना एक बड़ी लापरवाही है। इस मामले में सरकार और प्रशासन की किरकिरी हो रही है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी सवालों के जवाब देने से घबरा रहे हैं। यहां तक कि इतने बड़े मामले में भी देर शाम तक प्रशासन ने किसी तरह की कार्रवाई या जांच के आदेश नहीं दिए।

### दुकान बुलाकर कोचियों को दी डिलीवरी

खुलासा यह भी हो रहा है कि कोचियों से सांठगांठ के बीच कई कोचियों को शराब दुकान बुलाकर बड़ी खेप की उपलब्ध करवाई गई है। इसके लिए पहले कई आईडी से ऑनलाईन शराब का ऑर्डर करवाया गया और इसके तुरंत बाद कोचियों को शराब दुकान बुलाकर बड़ी खेप एक साथ दे दी गई। दूसरी ओर मदिरा प्रेमियों का कहना है कि शराब का ऑर्डर करने के 3-4 दिन बाद भी उन्हें शराब नहीं मिल सकी है। विभागीय के सूत्र भी जानकारी दे रहे हैं कि इतनी बड़ी तादाद में ऑर्डर आ चुके हैं कि डिलीवरी 3-4 दिन पीछे चल रही है। मसलन ऑर्डर करने के 4 दिनों बाद डिलीवरी हो पा रही है। इसके पीछे कर्मियों और संसाधनों की कमी बताई जा रही है। कहा जा सकता है कि सरकार ने बगैर तैयारियों के ही शराब दुकानों से होम डिलीवरी का फैसला ले लिया। और उसके बाद अब इस तरह की लापरवाहियां सामने आ रहीं हैं जो सरकार के लिए ही गले की हड्डी साबित हो सकता है।

### सरकार की भद्द पीटा रहा आबकारी अमला

आबकारी अमला लगातार सुर्खियों में है। ये सुर्खियां न केवल आबकारी की अवैध शराब बिक्री करने वाले रैकेट के साथ मिलीभगत को लेकर हैं बल्कि सरकार की नीतियों के खिलाफ जाकर सरकार की ही भद्द पीटवाने को लेकर भी है। आबकारी सहायक आयुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर के पदभार संभालने के बाद से ही हालात बेहद बिगड़ चुके हैं। सरहद पार से अवैध शराब का जखीरा जिले के रास्ते प्रदेश के कई हिस्सों तक जा रहा है। जिले के गांव-गांव में भी यह शराब अनाप-शनाप दर पर बिक रही है। पायनियर ने ही अपने एक स्टिंग में इस बात का खुलासा किया था कि सरहद पर से आने वाली शराब के हर पौव्वे पर आबकारी अमले को 10 रुपए मिलते हैं। इस एवज में उन्हें तस्करी और अवैध बिक्री की पूरी छूट मिल जाती है। ये सारा कुछ सरकार की छवि पर सीधा प्रहार कर रहा है। लोगों में विभागीय अमले को लेकर कम और सरकार की नीतियों को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

# रेड कारपेट पर चलकर उदयाचल कोविड सेंटर से स्वस्थ होकर घर लौटे 20 मरीज

## शांति विजय सेवा समिति और उदयाचल कर रहा संचालन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

उदयाचल भवन में विजय शांति सेवा समिति और उदयाचल संस्था द्वारा संचालित कोविड केयर सेंटर से 20 और मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे। इस दौरान संस्था द्वारा उनकी इस बिदाई बेला को यादगार बनाते हुए उनके लिए कारपेट बिछाया गया था। इस दौरान उनका सम्मान किया गया और गीत संगीत से उनका हौसला बढ़ाया गया। फूलों की वर्षा के साथ स्वस्थ होकर घर लौट रहे मरीजों को बिदाई दी गई।

इसी बीच संस्था के भावेश बैद द्वारा अपने सुमधुर भजनों के साथ विश्व कल्याण की प्रार्थना करते हुए स्वस्थ हुए लोगों को बिदाई दी गई। इस दौरान मरीजों की आंखें नम हो गई। मरीजों ने कहा कि इस विकट परिस्थिति में संस्था द्वारा जो काम बढ़-चढ़कर उपलब्ध सेवाएं दी उसके हम बहुत ऋणी है। इस दौरान संस्था द्वारा उन्हें उपहार भेंट कर उनकी छुट्टी दी गई। संस्था से अशोक मोदी, नरेश बैद, पवन चौरड़िया, संजय बैद, दिलीप गोलछा, राजू बैद, सेजल बैद, बाबूलाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दिहाड़ी मजदूर परिवारों को सूखा राशन वितरण




**डोंगरगांव नगर।** राजनांदगाँव जिले के साहू समाज द्वारा साहू सदन भवन में कोरोना महामारी से प्रभावित परिवार, दिहाड़ी मजदूर व गरीब परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। जिला साहू संघ के महामंत्री अमरनाथ साहू ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमल किशोर साहू के मार्गदर्शन में समाज के दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित कृष्णा साहू, साहू बॉडी के सौजन्य से नगर निगम क्षेत्र के गरीब परिवार को सूखा राशन वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि गरीब परिवार को लाकडाऊन की स्थिति में घर चलाना मुश्किल हो रहा था, ऐसे परिवार, राशन का पैकेट पाकर खुश है। उन्होंने जिला साहू समाज व दानदाताओं को हृदय से धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर विवेक साहू, अंजू पूरन साहू, डी साहू, अँजोरसिंह साहू, लक्ष्मी साहू, भागवत साहू, संयोजक अधिवक्ता प्रकोष्ठ नरेश गंजीर, जागेश्वर साहू आदि प्रमुख जन उपस्थित थे।

# दो बाइकों में भिड़ंत, युवक के सिर पर गंभीर चोट

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



शराब के नशे में धुत युवक ने नगर के दाउचौरा मोड़ में एक बाइक सवार को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक के सिर पर गंभीर चोट आयी है और उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम बिजलदेही निवासी चंद्रेश पिता कन्हैया यादव उम्र तकरीबन 24 साल रविवार 16 मई को किसी काम से अपनी बाइक में खैरागढ़ की तरफ आया था और दोपहर तकरीबन 2.50 बजे उसे दाऊचौरा मोड़ के पास लक्ष्मण पिता जगदीश वर्मा उम्र 32 साल निवासी देवरी ने शराब के नशे में धुत होकर तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुये ठोकर मार दी। बताया गया कि अचानक हुई इस दुर्घटना में चंद्रेश यादव गिर गया और उसके सिर से खून बहने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने इस दुर्घटना की सूचना 112 को दी फिर पुलिस विभाग की 112 की सहायता से तकरीबन 3.5 बजे गंभीर रूप से घायल चंद्रेश और लक्ष्मण को सिविल अस्पताल लाया गया। जहाँ उस वक्त अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. संदीप भास्कर ने उनका फौरन प्राथमिक उपचार किया। इस दुर्घटना में चंद्रेश को सिर में गंभीर चोट आयी है इसलिये उसे उच्च उपचार के लिये शाम तकरीबन 4 बजे 108 की सहायता से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। वही शराब के नशे में धुत लक्ष्मण को हल्की चोट आयी है और उसका प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। खास बात ये है कि शराब के नशे में धुत युवक ने अस्पताल में अपना नाम लक्ष्मण वर्मा पिता जगदीश वर्मा और निवासी देवरी बताया लेकिन जब हमने देवरी गांव में इसकी पुष्टि के लिये वहां के ग्रामीणों से इसकी जानकारी ली तो पता चला कि ग्राम देवरी में कोई लक्ष्मण वर्मा नाम का व्यक्ति ही नहीं है।

# कोचिया सरकार, चौक-चौराहों पर शराब बेचकर संस्कारधानी की मर्यादा को कर रहा ध्वस्त : मोनू बहादुर

- कहा, कांग्रेसियों में सामाजिक-नैतिकता बची है तो सरकार का विरोध करें

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बचने-बचाने के दौर में जहां सभी चौक-चौराहों पर दवाईयां, ऑक्सीजन सिलेंडर, वैक्सीन उपलब्ध होनी चाहिए उस दौर में छत्तीसगढ़ सरकार शराब की बिक्री कर रही है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि ऑनलाईन बिक्री और होम डिलीवरी की बात करने वाली यह सरकार अब चौक-चौराहों पर शराब की पेटियां लेकर बैठ गई है। संवेदनशील समय में इस तरह की गतिविधियों से साफ हो जाता है कि इस सरकार की प्राथमिकताएं क्या हैं। लोगों के स्वास्थ्य और उनकी जान से ज्यादा जरुरी इस सरकार के लिए शराब है।

भाजयुमो अध्यक्ष मोनू ने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटरों में लोगों को वैक्सीन नहीं मिल पा रही है। लोगों में वैक्सीनेशन के रजिस्ट्रेशन को लेकर आपाधापी मची हुई है क्यूंकि सरकार ने इसके लिए बेहतर व्यवस्था तैयार नहीं की है। लोगों को बगैर टीकाकरण के लौटना पड़ रहा है। दूसरी ओर ऑक्सीजन की कमी से एक बड़ा वर्ग जूझ रहा है। दवाईयां और बहुत से जरुरी संसाधनों पर जोर लगाने के बजाए सरकार अपने बाशिंदों से चौक-चौराहों पर शराब बिकवा रही है। सरकार अब शराब विक्रेता से शराब कोचिया बन चुकी है। जिस तरह की गतिविधियां देखने को मिल रही है उससे तो यही साफ होता है।

मोनू ने कहा कि यह वक्त है जब चौक-चौराहों पर कोविड टेस्ट की सुविधा मिले, वैक्सीनेशन हो, दवाईयां मिले और हम लोगों को जागरुक करें। लेकिन भूपेश सरकार इसके उलट खतरा बढ़ा ही रही है। मोनू ने कहा कि, इस सामाजिक बुराई को खत्म करने कई संघर्ष होते रहे हैं जिसे सरकार अब दुकानों से बाहर निकालकर चौक-चौराहों तक पहुंचा रही है। जरुरी यह भी है कि कांग्रेसी भी इस मामले में सामने आएं और इस तरह की गतिविधियों का विरोध करें। यह विषय राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक है। संस्कारधानी की मर्यादा से इस तरह सरकार खिलवाड़ नहीं कर सकती। अगर, कांग्रेसियों में थोड़ी भी सामाजिक जिम्मेदारी बची हुई है तो उन्हें इसका विरोध करने सामने आना ही चाहिए।

## नगर सहित गांवों की सुरक्षा को लेकर कोई कार्य योजना नहीं

# फिलहाल दूसरी लहर से निपटने पर जोर, ग्रामीणों की लापरवाही चिंता का कारण

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

शहर में कोरोना नियंत्रण में पर गांव की स्थिति अभी भी चिंताजनक है। चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ संक्रमण की रोकथाम को लेकर लगातार मेहनत कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति कैसे सुधरे इस पर विचार करना बेहद जरूरी हो गया है। वही देश के बड़े वैज्ञानिक व एम्स दिल्ली के विशषज्ञ चिकित्सक तीसरी लहर व इससे बच्चो को नुकसान की बात कह रहें हैं जो जिक्र की बात है। वही नगर सहित गांवों में सुरक्षा की दृष्टि से क्या उपाय और प्रबंध किये जाये इन विषयों पर हमारे विशेषज्ञ चिकित्सक क्या कहते है पढ़िये...

### पीक टाइम गुजरने को है लेकिन ग्रामीणों में जागरुकता की कमी



पहले गांव की स्थिति चिंताजनक थी पर अब वहां के भी हालात सुधार रहे। हालांकि उन्होंने अफसोस जताया कि गांव के लोग अभी भी जागरूक नहीं है और दो गज दूरी, मास्क और सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं कर रहें। उन्होंने बताया कि गांव के जो लोग कोरोना पॉजिटिव हो रहे है उनमें बहुत से लोग होम आइसोलेशन का कड़ाई से पालन नहीं कर रहे अभी इसलिये हम बहुत से मरीजों को कोविड सेंटर में भर्ती कर रहे है। प्रायः सुनने में आता है कि कोरोना पॉजिटिव मरीज कुछ दिन बाद ही गांव में घूमने लगते हैं। इसलिये सरकार को गांवो में जनप्रतिनिधि व कर्मचारियों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिये। अभी हम लोग पहले दूसरी लहर से अच्छे से निपटे फिर तीसरी लहर के बारे में सोचेंगे। ये खुशी की बात है कि हमारे यहां दूसरी लहर का पीक टाइम निकल रहा पर अभी भी लॉकडौन जैसी सख्ती बरतना जरूरी है। वही तीसरी लहर से निपटने के लिये सरकार पहले से पर्याप्त बेड, ऑक्सीजन व चिकित्सा स्टॉफ की व्यवस्था करें। स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों को कोरोना काल मे सरकार प्रोत्साहन राशि दे ताकि वो प्रेरित हो। वहीं उन्होंने बताया कि वैक्सीन को लेकर अफवाह फैली है कि इससे साइड इफेक्ट्स होगा जो कि गलत बात है जबकि वैक्सीन बहुत प्रभावशाली और जीवनरक्षक है।

-**डॉ. संदीप भास्कर,** चिकित्सक सिविल अस्पताल खैरागढ़

### बाहरी राज्यों से आए लोगों के चलते बढ़ा संक्रमण



गांव में जो लोग संक्रमित हैं वो होम आइसोलेशन का ईमानदारी व कड़ाई से पालन नही कर रहे। कोई मास्क लगाता है कोई नहीं। वहीं गांव के लोग सोशल डिस्टेंस व सेनेटाइजर के जरूरी उपयोग पर भी ध्यान न देकर बेध्यानी कर रहे है। इस वजह से गांव में अभी भी संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। कुछ लोग अभी भी गांव के चौक चौराहों में बैठ जाते है। वही गांव में तेजी से संक्रमण फैलने का प्रमुख कारण पहले से क्वारंटाइन सेंटर नही बनने से बाहर राज्यो से कमाकर आये लोगो से संक्रमण फैलना है। हालांकि लॉकडाऊन और कड़ाई के बाद गांव में भी पॉजिटिव दर में कमी आयी है और अब गांव के भी लोग इस बीमारी को समझते हुये जागरूक हो रहे हैं जो सकारात्मक पहल है। अब उम्मीद है हालात सुधरेंगे। कोरोना की दूसरी लहर में बच्चो में संक्रमण की दर अभी कम है पर तीसरी लहर के लिए सभी अभी से सतर्क रहें और सभी परिजन अपने बच्चो को भी मास्क, सेनेटाइजर व हैंडवाश उपयोग करने का सही तरीका समझाते रहे तो हम कोरोना को जरूर हराएंगे।

-**डॉ. पंकज वैष्णव,** मेडिकल ऑफिसर खैरागढ़

### युवक ने किया जहर का सेवन

**खैरागढ़।** नगर के वार्ड नंबर 11 धरमपुरा निवासी एक युवक ने रविवार की दोपहर अपने घर में कीटनाशक पदार्थ (जहर ) का सेवन कर लिया। उसे आनन फानन में परिजनों ने स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती किया है। जानकारी अनुसार नगर के वार्ड नंबर 11धरमपुरा निवासी युवक टेनिस देवांगन पिता अशोक देवांगन उम्र तकरीबन 38 साल ने रविवार की दोपहर तकरीबन 1 बजे अपने घर में कीटनाशक पदार्थ ( जहर) का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद जब उसे उल्टियां होने लगी और उसकी हालत बिगड़ने लगी तो आनन फानन में उसके परिजन उसे दोपहर तकरीबन 2 बजे सिविल अस्पताल लेकर आये और भर्ती कराया। जहर का सेवन करने वाले युवक से जब अस्पताल प्रबंधन ने जहर खाने की वजह पूछी तो उसने बताया कि उसका एक हाथ फेक्चर है और उसी टैंशन में उसने जहर का सेवन कर लिया पर उसने क्या खाया है वो उसने नहीं बताया। वहीं उस युवक ने ईलाज के लिये बाहर जाने से भी इंकार कर दिया और सिविल अस्पताल में ही भर्ती है। खबर लिखे जाने तक उस युवक की हालत स्थिर बनी हुई थी और उसका सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन की देखरेख में ईलाज जारी था।

## क्विक न्यूज

### आम फलोद्यान रोपण योजना का लाभ ले सकते हैं किसान

**रायगढ़।** राज्य पोषित योजना विभागीय आम फलोद्यान (आम नवीन रोपण) वर्ष 2021-22 के क्रियान्वयन के लिए किसानों से आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए इच्छुक किसान अपने क्षेत्र के उद्यानिकी अधिकारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान डॉ.दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि रायग? जिले के लिए भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसे विकासखण्ड वार विभाजित किया गया है। उपरोक्त राज्य पोषित योजना-विभागीय आम नवीन रोपण का लाभ लेने के लिए सामान्य, अ.ज.जा. एवं अजा.मदवार लक्ष्य निर्धारण किया गया है। उक्त योजना का लाभ लेने हेतु कृषकों को न्यूनतम 0.25 हेक्टेयर से अधिकतम 2.00 हेक्टेयर रकबा तक लाभान्वित किया जा सकेगा। योजना का लाभ लेने के इच्छुक कृषक अपने भूमि संबंधित दस्तावेज बी-1, खसरा, आधार कार्ड, कृषक पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक खाता की छायाप्रति, निर्धारित आवेदन पत्र के साथ अपने विकासखण्ड में पदस्थ उद्यानिकी अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने कंटेनमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी.एस. एल्मा ने जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम परदेशीकापा के वार्ड नंबर 01 एवं वार्ड नंबर 06 में जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को देखते हुए ग्राम परदेषीकापा के वार्ड नंबर 01 एवं वार्ड नंबर 06 को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। घोषित कंटेनेमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु आधिकारियो को दायित्व सौंपे है। जारी आदेश के अनुसार कंटेनेमेंट जोन मे केवल एक प्रवेश एवं एक निकास हेतु बैरिकेटिंग के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्य पालन अभियंता, आवश्यक वस्तुओ की आपूर्ति एवं सेनेटाइज व्यवस्था के लिए संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को दायित्व दिया है।

# अरपा प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान है, नदी को प्रवाहमयी बनाने के लिए लगातार होंगे काम : भूपेश

■ **मुख्यमंत्री ने 93 करोड़ 70 लाख की लागत से अरपा नदी के दोनों और सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अरपा नदी बिलासपुर का गौरव होने के साथ साथ छत्तीसगढ़ का भी गौरव है। यह प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान है। छत्तीसगढ़ का राज्य गीत अरपा के उल्लेख से शुरू होता है। नदी को फिर से प्रवाहमयी बनाने के लिए जरूरी कदम उठाये गए है और आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 93 करोड़ 70 लाख की लागत से आज अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन कार्य का शिलान्यास करते हुए यह उदगार व्यक्त किया। शिलान्यास कार्यक्रम वर्चुअली रूप से आयोजित किया गया था। बिलासपुर के सिंचाई कार्यालय परिसर स्थित प्रार्थना सभा भवन में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल, लोक निर्माण, गृह, जेल, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया वर्चुअली शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरोना काल ने हमारे समक्ष गंभीर चुनौतियां खड़ी की। हम सबने इसका सफलतापूर्वक सामना किया और नियंत्रित करने में सफल रहे। उम्मीद है कि जल्द ही सब कुछ सामान्य होगा। बिलासपुर में भी तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी को हम सबको गंभीरता से लेकर सावधान रहना है। प्रदेश में कोविड टीकाकरण तेजी से हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी हमें मास्क पहनना है और सोशल डिस्टेंसिंग रखना है। बघेल ने कहा कि महामारी के दौरान भी आर्थिक चुनौतियों से निपटने में भी हम सक्षम हुए है। सरकार ने शुरू से ही ऐसी योजनाएं बनाई जिससे जीवन बेहतर हो। कोरोना काल में गैर जरूरी खर्चो पर लगाम लगाने के लिए मितव्यता बरती जा रही है किन्तु विकास कार्य नहीं रूकेंगे और नागरिक जरूरतों पर खर्च प्राथमिकता से किए जाएंगे। बिलासपुर में लंबे समय से अरपा को लेकर जो मांग थी और यहां के जनता से जो वादे किये गये थे वह पूरा किया जा रहा है। बघेल ने कहा कि अरपा के साथ-साथ नदी के दोनों और बनाये जा रहे सड़क भी बिलासपुर के गौरव में शामिल हो ऐसा यह सड़क बनाया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में अरपा नदी के विकास के लिए जो परिकल्पना की थी उसका शुभांरभ आज हो रहा है। अरपा शब्द हमारी संस्कृति एवं सम्मान से जु?ा है। उन्होंने कहा कि बघेल के नेतृत्व में कोरोना काल में सभी योजनाओं का संचालन करते हुए कोरोना प्रबंधन सफलतापूर्वक किया गया। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने अरपा नदी के दोनों और स?क निर्माण को गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों को दिए।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि अरपा नदी बिलासपुर की जीवनदायिनी नदी है। मुख्यमंत्री बघेल की सोच है कि राज्य की नदियों का विकास हो। इसी का परिणाम है कि अरपा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए योजनाएं बनाई गई जिससे बिलासपुर का जल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के लिए 20 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए है। पुरानी परियोजनाओं का कार्य भी शीघ्र पूर्ण हो जिससे बिलासपुर के निवासियों का इसका लाभ मिले।

# अरपा को जीवित करने कृत संकल्पित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयासों पर अफसर फेर रहे पानी

■ **93 करोड़ 70 लाख के "अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन कार्य" का सीएम करेंगे वर्चुअल शिलान्यास**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर शहर की जीवनदायिनी अरपा को जीवित करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयासों पर अफसर पानी फेर रहे है 100 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा शिवघाट व पचरीघाट बैराज व एनीकट सिंचाई विभाग में सेवानिवृत्त होने जा रहे 2 अफसरों की धन लोलुपता की भेंट चढ़ गया है आननफानन में बिना अप्रूवल किए जा रहे निर्माण से आने वाले समय मे भूपेश सरकार की किरकिरी होना तय है। इसी क्रम में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन के कार्य का 16 मई को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम वर्चुअली संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। बिलासपुर में जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जहां अतिथि के रूप में सांसद अरूण साव, संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, महापौर रामशरण यादव, विधायक शैलेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चैहान, निगम के सभापति शेख नजीरूद्दीन आदि मौजूद रहेंगे। इस योजना की लागत 93 करोड़ 70 लाख रुपये है। योजना के अंतर्गत नदी के दोनों किनारों पर इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक 1.80 किलोमीटर की फोरलेन आधुनिक स?क बनाई जायेगी। इस स?क निर्माण से शहर का यातायात सुगम तरीके से संचालित हो सकेगा। नेहरू चैक से शहर के व्यस्ततम गोल बाजार-सदर बाजार और शनिचरी बाजार की ओर जाने के लिए शहरवासियों को एक व्यवस्थित वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। इसी तरह सरकंडा की ओर भी लोगों को अतिरिक्त मार्ग की सुविधा मिलेगी।

# टीकाकरण में लापरवाही उज़ागर, कोविशील्ड लगाकर कोवैक्सीन लिख दिया

■ **नेता प्रतिपक्ष ने शिकायत की तो गरीबों से राशन कार्ड वापस मंगाकर कैसे की गई काट-पीट**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना टीकाकरण के दौरान तखतपुर में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां लोगों कोविशिल्ड का टीका लगाया गया ।लेकिन उनके राशन कार्ड में कोवैक्सीन दर्ज कर दिया गया। यह लापरवाही बीपीएल राशन कार्ड धारी गरीबों के साथ हुई है। जो जागरूक भी नहीं हैं और उनके पास सुविधाएं भी नहीं हैं। यह लापरवाही तख़तपुर नगर पालिका परिषद के पार्षद और नेता प्रतिपक्ष ईश्वर देवांगन में उजागर की। जिसके बाद जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ प्रमोद महाजन ने तखतपुर का दौरा किया और हकीकत भी उनके सामने आई। गंभीर लापरवाही पकड़ में आने के बाद जिम्मेदार विभाग ने तमाम लोगों से राशन कार्ड मंगा कर उसमें कोवैक्सीन की जगह कोविशिल्ड दर्ज किया है। मेडिकल स्पेशलिस्ट यह मानते हैं कि इस तरह की गंभीर लापरवाही अगर दूसरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रही होगी तो इससे लोगों को नुकसान हो सकता है। इन दिनों कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन का अभियान तेजी से चल रहा है। सरकारी अमला कई जगह वैक्सीनेशन सेंटर बनाकर लोगों को टीका लगा रहा है। छत्तीसगढ़ में एपीएल ,बीपीएल और अंत्योदय कार्ड धारियों को टीके लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में सावधानी बरती जा रही है। लेकिन इस बीच कुछ ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं ,जिन्हें गंभीर लापरवाही के दर्जे में गिना जा सकता है। ऐसी ही लापरवाही पिछले दिनों तखतपुर तहसील मुख्यालय में देखने को मिली। जहां तखतपुर मंडी चौक स्थित पुराना कन्या शाला में बीपीएल कार्ड धारियों कोविशिल्ड का टीका लगाया गया है। लेकिन इन बीपीएल कार्डधारियों के राशन कार्ड पर कोवैक्सीन दर्ज कर दिया गया। टीकाकरण केंद्र की व्यवस्था देखने पहुंचे तखतपुर नगर पालिका के पार्षद और नेता प्रतिपक्ष ईश्वर देवांगन की नजर में यह बात आई। ईश्वर देवांगन जिला योजना समिति के सदस्य हैं और भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर जिला इकाई के उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने इंसीडेंट कमांडर और एसडीएम तखतपुर के साथ ही तहसीलदार तखतपुर को पिछले 12 मई को एक शिकायती पत्र सौंपा था। जिसमें उन्होंने टीकाकरण केंद्र पुराना कन्या शाला में 10 और 11 मई को हुई गंभीर लापरवाही का ब्यौरा दिया था। उन्होंने अपनी शिकायत में यह बात उजागर की थी कि 10 और 11 मई को बीपीएल कार्ड धारियों कोविशिल्ड टीका लगाया गया है। लेकिन उनके कार्ड में कोवैक्सीन लगाए जाने की जानकारी दर्ज की गई है। उन्होंने यह भी लिखा था कि टीकाकरण के बाद बुखार से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने वाले लोगों को पेरासिटामोल का टेबलेट भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन 2 दिनों में यहां टेबलेट भी नहीं दिया गया। साथ ही वैक्सीन कराने वाले लोगों को बुखार आने पर रोकथाम के बारे में किसी तरह की समझाइश भी नहीं दी गई। ईश्वर देवांगन ने इस प्रकार की बदइंतजामियों को घोर लापरवाही बताते हुए आशंका जताई थी कि इससे नागरिकों के स्वास्थ्य की गंभीर क्षति हो सकती है।

# अरपा नदी के दोनों ओर सड़क निर्माण से यातायात होगा सुगम

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत अरपा नदी के दोनों और सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण योजना की लागत 93 करोड़ 70 लाख रुपये है। योजना के अंतर्गत नदी के दोनों किनारों पर इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक 1.80 किलोमीटर की फोरलेन आधुनिक सड़क बनाई जायेगी। इस सड़क निर्माण से शहर का यातायात सुगम तरीके से संचालित हो सकेगा। नेहरू चैक से शहर के व्यस्ततम गोल बाजार-सदर बाजार और शनिचरी बाजार की ओर जाने के लिए शहरवासियों को एक व्यवस्थित वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। इसी तरह सरकंडा की ओर भी लोगों को अतिरिक्त मार्ग की सुविधा मिलेगी। इससे शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। प्रोजेक्ट में नदी के दोनों ओर फोरलेन सड़क में डिवाइडर के साथ-साथ सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। सड़क की पूरी लंबाई में स्ट्रीट और सोलर लाइट भी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त आकर्षक दिशा सूचक बोर्ड एवं बैठने की व्यवस्था भी होगी। नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अजय त्रिपाठी ने बताया कि अरपा नदी में जमे सिल्ट को इस प्रोजेक्ट के तहत हटाने का भी काम शुरू किया जाएगा। इससे बिलासपुर का जल स्तर रिचार्ज होगा। अरपा के जल को दूषित होने से बचाने के लिए सड़क के दोनों ओर पेरीफेरियल नाले बनाए जाएंगे। इसके अंतर्गत शहर के गंदे पानी को नाले के जरिए पंपिग स्टेशन से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाएगा तथा साफ पानी नदी में छो?ा जाएगा। इससे अरपा को दूषित होने से बचाया जा सकेगा। इस कार्य में अरपा के उत्थान के साथ-साथ तट संवर्धन का भी कार्य शामिल है, जिसमें नदी के दोनों ओर तट पर पीचिंग कार्य एवं तट से लगे भूमि पर खूबसूरत लैंड स्कैपिंग कर उद्यान विकसित करने की भी योजना है।

# बड़े कारोबारी शहर में धड़ल्ले से परोस रहे नशा

■ **फंटरो को पकड़ अपनी पीठ थपथपा रही पुलिस**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करना छोड़ गली मोहल्ले में चिल्हर बिक्री करने वालो के खिलाफ अभियान छेड़े हुए है नशे के बड़े कारोबारी को अभयदान देने से शहर में नशे का कारोबार धड़ल्ले से जारी है फंटरो को पकड़कर पुलिस अपने कर्तव्यों की इतिकर रही है पुलिस के हत्थे न चढ़ने से नशे के बड़े कारोबारी फंटर बदल बदलकर शहर में नशा परोस रहे है । बीते कई समय से शहर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मीठा नशा यानी कॉरेक्स , नाइट्रा, एजिथ्रोमाइसिन, सिप्रोफ्लोक्सासिन, हाइड्रोक्लोराइड मोनोहाइड्रेड , कोडीन कफ सीरफ आदि नशीली दवाइयां का कारोबार जमकर पनप रहा है। यह नशीली दवाइंया किसी भी मेडिकल स्टोर्स में बगैर डॉक्टर के पर्ची के बिना देना प्रतिबंधित है । बावजूद इसके जब पुलिस मुखबिर की सूचना पर जब कार्रवाई करती है तब छुट्टे आरोपियों के पास से इन दवाइयों का बड़ा जखीरा बरामद होता है। सवाल यह उठता है आखिर इन आरोपियों को आखिर इतनी बड़ी मात्रा में दवाइयां कौन सप्लाई करता है । सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर शहर में जरहाभाटा क्षेत्र से दो गैंग पुलिस की पनाह में रहकर नशे का कारोबार धड़ल्ले से चला रहे हैं । जिनका लिंक रेलवे स्टेशन बुधवारी से लेकर चाटीडीह , तालापारा , सरकंडा सहित पूरे शहर के तमाम क्षेत्रों में नशे का कारोबार फैला हुआ है। सोचनीय विषय यह है कि पुलिस दबिश देकर केवल मोहरों को को नशीली दवाइयों के साथ गिरफ्तार करती है जो कमीशन पर काम करते है। अभीतक इतने मामलो में यही देखा गया है पुलिस पता नही कर पाई की पक?ाए आरोपियों के पास इतनी ब?ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाईया कहां से आई और किसने सप्लाई किया है? या फिर पुलिस नशे के ब? सौदागरों को बचाने और उन्हें संरक्षण देने उनके गुर्गों की गिरफ्तारी कर अपराध पंजी भरा जा रहा है।

### फंटर से साहब के नाम पर लाख रुपए मांगने वाला आरक्षक बड़ा आसामी

वर्तमान में पुलिस के क्राइम ब्रांच टीम में ऐसे सिपाही भी शामिल है जिनके कार्य पर संदेह है और शहर के कबाड़ियों से वसूली करने सहित अन्य उगाही जैसे मामलों में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने निलंबित कर दिया था , जिन्हें दुबारा इम ब्रांच में शामिल कर उन्हें रुतबा बक्शा जा रहा है । पहले की तर्ज पर यह आरक्षक अपने वसूली अभियान को बखूबी निभा रहे हैं फील्ड में घूमने वाले पुलिसकर्मियों को शहर में कहा क्या कौन कर रहा है इसकी पूरी जानकारी होती है यही जैसा चाहे वैसा इनपुट ऊपर तक पहुचाते है चूंकि फील्ड में इनकी गहरी पैठ होती है और इनपुट के लिए अफसर भी इन्ही पर आश्रित होते है इसलिए ये वर्दी का भय दिखाकर वसूली करने से नही चूकते इनका रटा रटाया डायलॉग - धंधा करना है तो साहब को महीना देना होगा नही तो निपटा दिए जाओगे।

# बेमेतरा एसपी के नेतृत्व में जिले की प्रशासनिक टीम शहर में लॉकडाउन का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन का जायजा लेने भ्रमण पर निकले बेमेतरा एसपी दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, डीएसपी रामकुमार बर्मन, डीएसपी तोमेश वर्मा, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, यातायात प्रभारी निरीक्षक सुंदरलाल बांधे, प्र. आर. अनुपम शर्मा, नगरपालिका से अशोक ठाकुर व अन्य स्टाफ के द्वारा सिग्नल चौक, गस्ती चौक, सितला मंदिर, भद्रकाली मंदिर बाजारपारा, सदर मार्केट, प्रताप चौक, नयाबस स्टैण्ड, रेस्ट हाऊस चौक मोहभट्ठा रोड, कोबिया चौक, शासकीय कन्या शाला बेमेतरा टीकाकरण केन्द्र का जायजा लिया। इस दौरान बेमेतरा एसपी ने आमजन से कहा कि वे अपने आसपास के लोगों को भी टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें बताएं कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। तथा सब्जी, फल एवं अन्य समानों को ठेलों में घुमकर बेचने दी समझाईश। तथा लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रताप चौक स्थित 02 किराना दुकानों से 500 - 500 रूपये का समन शुल्क लिया गया व बेवजह व बिना मास्क के घुमने वाले 24 लोगो से 12,000 रूपये समन शुल्क लिया गया। तथा दिनांक 14.05.2021 को समस्त थाना/चौकी व यातायात स्टाफ द्वारा बेवजह वाहन में घुमने वाले 58 वाहन चालको के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए उनसे 11,800 रूपये समन शुल्क लिया गया।

# सेवा ही संगठन अभियान के 11 दिन जरूरतमंदों को भोजन के साथ काढ़ा दिया : विकास दीवान




पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु देव साय प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी व राजेंद्र शर्मा दिशा निर्देश पर सेवा ही संगठन अभियान दो कार्यक्रम के तहत 11 वे दिन भी भाजपा जनों द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी जिला महामंत्री विकास दीवान के नेतृत्व में नवागढ़ बस स्टैंड हॉस्पिटल मुसाफिर राहगीरों के लिए दूरदराज अंचल क्षेत्र से आए हुए आम जनमानस तथा खानाबदोश एवं भिक्षा यापन कर अपना जीवन यापन करने वाले लोगों को भोजन की सेवा प्रदान की गई सुबह काढ़ा वितरण गरम पानी वितरण इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विकास दीवान भाजपा मंडल महामंत्री मिंटू ठाकुर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष गीरेंद्र महिला महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनोद साहू प्रणय दीवान वीनय गेडाम दिनेश चौहान उपस्थित थे।

**सभी सरकारी दफ्तर खुलेंगे जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों की पूर्ण उपस्थिति रहेगी**

# बेमेतरा जिले मे 31 मई सवेरे 6 बजे तक बढ़ा लॉकडाउन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधकारी शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में बेमेतरा जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 31 मई 2021 प्रातः 06.00 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

बेमेतरा जिले में व्यवसायिक गतिविधियों पर अधिरोपित प्रतिबंधों एवं सम्पूर्ण जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित करने से कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, किन्तु भीड़-भाड़ में वृद्धि होने पर कोविड-19 संक्रमण बढ़ने की आशंका अभी भी विद्यमान है। आम जनता हेतु आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ श्रमिकों, निम्न आय वर्ग एवं छोटे-बड़े व्यवसायीगण के हितों की सुरक्षा हेतु निर्बंधनों में समुचित रियायत दिया जाना भी जरूरी है। उपरोक्त परिस्थितियों में समुचित विचारोपरांत कोरोना वायरस की चेन को तोड़ने तथा सभी वर्गों के हितों की सुरक्षा हेतु युक्तियुक्त पुनरीक्षिण निर्बंधन अधिरोपित करते हुये सम्पूर्ण बेमेतरा जिले में कंटेनमेंट जोन की अवधि ब?ाया जाना व्यापक लोकहित में आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित ऐपिडेमिक एक्ट 1987 यथासंशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन मैं,शिव अनंत तायल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बेमेतरा निम्नलिखित आदेश प्रसारित करता हूं।

बेमेतरा जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र 17 मई 2021 प्रातः 06:00 से 31 मई 2021 के प्रातः 06:00 बजे तक पूर्ववत कंटेनमेंट जोन रहेगा। उपरोक्त दर्शित अवधि में बेमेतरा जिले की सभी सीमायें पूर्णतः सील रहेंगी।

उपरोक्त समयावधि में निम्नलिखित गतिविधियॉ पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। सभी व्यवसायों का संचालन प्रातः 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक होगा।

जिला अंतर्गत संचालित समस्त शराब दुकानें एवं बार बंद रहेंगे किन्तु ऑनलाईन एप्लीकेशन के माध्यम से होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी।

सभी पार्क, रिसॉर्ट तथा समूह उपस्थिति वाले सभी धार्मिक स्थल, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल आम जनता हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे।

बेमेतरा जिला अंतर्गत सभी कार्यालय विशिष्ट आदेश को छो?कर सामान्यतः आम जनता हेतु बंद रहेंगे, शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों की पूर्ण उपस्थिति रहेगी। कार्यालयीन एवं आम जनता विषयक अति-आवश्यक प्रयोजन हेतु सभी कार्यालय खोले जायेंगे। इस अवधि में शासकीय कार्यालयों में आम जनता का प्रवेश निषेध रहेगा। उप पंजीयक कार्यालय आवश्यक स्टॉफ सहित पूर्ववत टोकन/ऑनलाईन सिस्टम के साथ संचालित होगे। टेलीकॉम, रख-रखाव से जुड़े कार्यालय/वर्कशॉप, लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य, खाद्य सामग्री के थोक परिवहन, धान मिलिंग हेतु परिवहन की अनुमति पूर्ववत रहेगी।

स्कूल एवं कॉलेज विद्यार्थियों हेतु बंद रहेगे। छात्रावास में केवल परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को निवास की अनुमति होगी। शासन से अनुमति प्राप्त समस्त परीक्षाओं को छो?कर कोचिंग क्लासेंस सहित अन्य समस्त शैक्षणिक गतिविधियॉ बंद रहेंगी। सभी प्रकार के सभा, जुलूस, धरना प्रदर्शन, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक आयोजन इत्यादि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे, किन्तु विवाह कार्यक्रम वर अथवा वधू के निवास-गृह में ही आयोजित करने तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल का क?ाई से पालन की शर्त के अधीन आयोजित में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या पूर्ववत 10 रहेगी। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र, मृत्यु इत्यादि संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 रहेगी।

# कच्ची महुआ शराब बेचते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कच्ची महुआ शराब बेचते हुए 1 आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया जिनके खिलाफ अप क्र 281/21 धारा 34 (1) क ,34(2),59 क आबकारी अधिनियम अपराध दर्ज किया । आरोपी से मिला13 लीटर कच्ची महुआ शराब ,बिक्री रकम 120 रु जब्त किया। थाना कोटा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बिकने का शिकायत लोगों द्वारा किया जा रहा था ,जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर प्रशांत अग्रवाल के द्वारा निर्देशित किया गया की क्षेत्र में बिक रहे अवैध शराब पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी है जिसको गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ग्रामीण रोहित झा एवं प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा स्नेहिल साहू के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोटा शनिप रात्रे के द्वारा एक टीम क्षेत्र में बिक रहे अवैध शराब ,जुआ -सट्टा रेड कार्यवाही हेतु तैयार कर करवाई करने के लिए टीम को रवाना किया और मुखबिर को एक्टिव किया गया ,तब मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि गनियारी वर्मा मोहल्ला में अंजान वर्मा नाम का व्यक्ति अपने घर में कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है।

# भ्रष्टाचार पर गरमाई राजनीति, रमन सिंह ने भूपेश सरकार पर साधा निशाना

## सरकार के खिलाफ अधिकारी ही अनशन पर बैठने को मजबूर

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सुधाकर बोदले के अनशन पर अब सियासत हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने ट्वीट कर भूपेश सरकार पर हमला बोला है। रमन सिंह ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में इस कदर डूबी हुई है कि अब उसके अधिकारी ही सरकार के खिलाफ अनशन करने मजबूर हैं। इसके साथ ही रमन सिंह ने कन्या विवाह योजना और रेडी टू ईट वितरण योजना में भ्रष्टाचार के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है।





### कमीशनखोरी में डूबी सरकार : रमन

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि भूपेश सरकार भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में इस कदर डूबी हुई है कि अब उसके अधिकारी ही सरकार के खिलाफ अनशन करने मजबूर हैं। राहुल गांधी और पीएल पुनिया क्या अब कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे महिला बाल विकास अधिकारी को न्याय दिलाएंगे।

### खफा अफसर की गांधीगिरी से मचा हड़कंप

महासमुंद में गजब हो गया हैजएक अफसर ने कलेक्टर डोमन सिंह के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। ना सिर्फ मोर्चा, बल्कि नाराज अफसर अब धरने पर बैठ गया है। पूरा मामला भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई नहीं होने को लेकर है। महासमुंद के महिला बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले का आरोप है कि विभाग से जुड़े भ्रष्टाचार को लेकर उसने जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा था, लेकिन कलेक्टर ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। दो पेज के कलेक्टर को संबोधित पत्र में सुधाकर ने लिखा है कि महिला बाल विकास अधिकारी के पद पर रखते हुए उन्हें ज्यादा अधिकार नहीं है, लिहाजा वो कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।' सुधाकर बोदले ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना और रेडी टू ईट वितरण योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है। कन्यादान योजना के उपहार खरीदी में करीब 20 लाख और रेडी टू ईट योजना में 10 लाख का भ्रष्टाचार किया गया है, जिसका जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा गया था, लेकिन उस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।



**भ्रष्टाचार पर नहीं हुई कार्रवाई :** महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सुधाकर बोदले के अनशन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है. उन्होंने कहा कि सुधारक बोदले के कन्या विवाह योजना और रेडी टू ईट वितरण योजना में भ्रष्टाचार की रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**अनशन की मांगी थी अनुमति :** महासमुंद में महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सुधाकर बोदले ने अनियमितता को लेकर अनशन पर बैठने के लिए कलेक्टर से अनुमति मांगी थी. क्योंकि उनकी जांच प्रतिवेदनों पर कार्रवाई नहीं की गई। सुधाकर बोदले ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वर्ष 2020-2021 में स्तरहीन और घटिया उपहार सामग्री क्रय में हुई गंभीर वित्तीय अनियमितता और रेडी टू ईट वितरण योजना में किये गये भ्रष्टाचार का जांच प्रतिवेदन उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत किया था, जिस पर अद्यतन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**प्रमाणित साक्ष्यों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं :** रमन सिंह ने पत्र में लिखा है कि आपके अधीनस्थ जिला स्तर पर गंभीर भ्रष्टाचार के प्रमाणित साक्ष्यों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किये जाने की स्थिति में एक जिला स्तर के अधिकारी को भूख हड़ताल पर बैठने के लिये मजबूर होना पड़ा. यह केवल एक जिले या एक विभाग की बात नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में न केवल महिला बाल विकास विभाग बल्कि अन्य सभी विभागों में भी गंभीर वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार और लूटपाट की खूली छूट दी गई है. ऐसा प्रतीत होता है. राज्य गठन के बाद जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी ने भ्रष्टाचार और वित्तीय कदाचरण के मुद्दे पर अनशन पर बैठने की यह पहली घटना है।

### निष्पक्ष जांच कराने की मांग

रमन सिंह ने भ्रष्टाचार के प्रमाणित अनियमितता से संबंधित जांच प्रतिवेदन पर कार्रवाई के साथ ही इस विभाग की उपरोक्त दोनों और अन्य संचालित जनहितकारी योजनाओं की किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# सीएम ने जेएसपीएल के कोरोना वारियर्स की पीठ ठोंकी, नवीन जिन्दल ने जताया आभार

## कोविड19 के खिलाफ जंग में जेएसपीएल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायगढ़ में फोर्टिस-ओपी जिन्दल अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए 348 बेड जिनमें 10 आईसीयू और 116 ऑक्सीजन बेड छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और झारखंड में लगभग 2000 टन ऑक्सीजन की सप्लाई, कोविड19 पर काबू पाए जाने तक मदद का संकल्प रायपुर, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के कोरोना वारियर्स की पीठ ठोंकी जिसके लिए श्री नवीन जिन्दल ने उनका आभार एवं धन्यवाद करते हुए कोविड19 के खिलाफ जंग में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



देश में कोविड19 की पहली लहर में जिस तरह प्रवासी मजदूरों का ऐतिहासिक पलायन हुआ था और शालू जिन्दल के नेतृत्व वाले जेएसपीएल फाउंडेशन ने आगे बढ़कर दिल्ली, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड समेत अनेक राज्यों में जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था की थी और सूखे राशन के अलावा 5 लाख से अधिक पके-पकाए भोजन के पैकेट बंटवाए थे, उसी तरह कोविड19 की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की भयावह कमी को देखते हुए श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व में जेएसपीएल ने सबसे पहले देशभर के अस्पतालों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन भेजने की पहल की जो अभी भी निरंतर जारी है और कोविड19 पर काबू पाए जाने तक जेएसपीएल देश के नागरिकों की सांसों की डोर जोड़े रखने के लिए प्रयासरत रहेगा। अभी तक लगभग 2000 टन ऑक्सीजन छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और झारखंड के अस्पतालों में सप्लाई की जा चुकी है।

पिछली बार लाखों लोगों को मास्क, सैनिटाइजर और अन्य चिकित्सा व स्वच्छता संबंधी सहायता उपलब्ध कराई गई थी, उसी तरह इस बार भी जेएसपीएल फाउंडेशन ने अपने प्लांट लोकेशंस में क्वारंटीन और आइसोलेशन की सुविधा के साथ-साथ कोविड19 के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसी कड़ी में कर्मचारियों के साथ-साथ सामुदायिक सुरक्षा के संकल्प के साथ जेएसपीएल ने रायगढ़ स्थित फोर्टिस-ओपी जिन्दल अस्पताल में कोविड बेड की संख्या बढ़ाकर 348 कर दी है, जिनमें 10 आईसीयू और 116 ऑक्सीजन बेड हैं। इसके अलावा मात्र 30 बेड सामान्य रोगों के इलाज के लिए सुरक्षित रखे गए हैं। इसके अलावा रायगढ़ के पीड़ित परिवारों को सूखा राशन के अलावा कोविड हेल्थ सेंटरों में भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मानवता को समर्पित जेएसपीएल के इन्हीं प्रयासों को देखते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोविड19 से अग्रिम मोर्चे से लड़ रहे जेएसपीएल के कोरोना वारियर्स की बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में हौसला अफजाई की, मानवता पर ऐसा संकट कभी न भुलाया जा सकेगा। लेकिन साँसों की टूटती डोर को जोड़े रखने के लिए प्रयासरत सहयोगी हाथों को भी इतिहास गर्व से सलाम करेगा। संकट के इस दौर में सहयोग के लिए जेएसपीएल के कर्मचारियों, चेयरमैन नवीन जिन्दल और सभी कोरोना वारियर्स को साधुवाद एवं आभार।

# भाजपा-कांग्रेस में चल रहा वार पर पलटवार खेल

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण काल में भाजपा प्रदेश सरकार की खामियों का पुलिंदा तैयार कर रही है । प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने पिछले दिनों प्रदेश के सभी 5 संभागों के पदाधिकारियों की बैठक ली । बैठक के जरिए प्रदेश प्रभारी ने इस कोरोना संक्रमण के काल में प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण रोकने और वैक्सीनेशन की दिशा में किए कार्यों की जानकारी ली ।भाजपा नेताओं के अनुसार संभागों की बैठक में प्रदेश सरकार के इन दोनों ही मामलों में बुरी तरह फेल होने की जानकारी सामने आई है ।

प्रदेश प्रभारी इन बैठकों के जरिए मिली जानकारियों के आधार पर प्रदेश सरकार के खिलाफ एक रिपोर्ट तैयार कर रही है जिसे भाजपा हाई कमान को सौंपा जाएगा । भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का आरोप है कि कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए केंद्र सरकार ने हर राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ को भी विशेष पैकेज, वैक्सीन, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई है । इसके बावजूद प्रदेश सरकार प्रदेश की जनता को कोरोना के इलाज की उचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं करवा पा रही है । यहां के लोगों को हॉस्पिटल में बेड नहीं मिल रहा है, इंजेक्शन, दवाइयों, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी का कहना है कि भाजपा सेवा ही संगठन अभियान के तहत कोरोना पीड़ित लोगों की सेवा कर रही है, वहीं वैक्सीनेशन को लेकर भी जन जागरूकता फैलाए हुए । वहीं सरकार अपनी जिम्मेदारी का अच्छी तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है । इस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संगठन के नाम से इस आपदा के समय ओछी राजनीति कर रही है।





# डी पुरंदेश्वरी झूठे आरोप लगाकर मोदी सरकार के कारनामे पर नहीं डाल सकती पर्दा : धनंजय

- डी पुरंदेश्वरी बताये मोदी ने हमारे बच्चों का वैक्सीन विदेश क्यों भेज दिया?
- विदेश को 6 करोड़ डोज वैक्सीन की सप्लाई और सेंट्रल विस्टा के मामले में भाजपा नेताओं की बोलती बंद

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी वैक्सीनेशन के मामले में राज्य सरकार पर झूठे बेबुनियाद आरोप लगा रही है उन्हें धरातल का ज्ञान नही है।टीकाकरण के विषय मे झूठे बयानबाजी करने के बजाये डी पुरंदेश्वरी को छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ जनता को बताना चाहिए आखिर मोदी जी ने हमारे बच्चो के वैक्सीन को विदेश क्यो भेज दिया?





डी पुरंदेश्वरी झूठ बोलने अफवाह फैलाने में माहिर छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओ के फीड बैक पर बयान बाजी कर खुद की फजीहत ही करा रही है।देश में छत्तीसगढ़ फ्रंट लाइन हेल्थ वर्क को टीका लगाने में अव्वल है 99त्न हेल्थ वर्क को टीका लगाया जा चुका है टीकाकरण में राष्ट्रीय औसत 89त्न है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार राज्य के 18+एक करोड़ 30 लाख लोगों को मुफ्त में वैक्सीन लगवा रही है इसके लिए सवा करोड़ डोज वैक्सीन का ऑडर दिया गया है।जिसकी आपूर्ति नही की जा रही है।बिना वैक्सीन मोदी सरकार की टीका उत्सव भी हवा हवाई निकली।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि महामारी संकटकाल में जहां देश की जनता वैक्सीन ऑक्सीजन वेंटिलेटर बैड दवाइयों के कमी से जूझ रही है जहां महामारी के चलते देश में लगभग 3लाख लोगों की असामयिक मौत हो चुकी है ढाई करोड़ से अधिक लोग इससे प्रभावित हैं लाकडॉउन के चलते व्यापार-व्यवसाय बंद है देश रोजी रोजगार के गंभीर संकट से जूझ रहा है पेट्रोल-डीजल रासायनिक खादों की दामों पर बेतहाशा वृद्धि कर मुनाफाखोरी किया जा रहा है ऐसे समय में एक ओर जहां केंद्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है वहीं दूसरी ओर इस महामारी काल में आम जनता को मदद करने के बजाये 20हजार करोड़ का सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट बना रही है जिसका देश भर में विरोध हो रहा है। विदेश भेजे गए 6 करोड़ों वैक्सीन डोज, देश में वैक्सीन की किल्लत और सेंट्रल विस्ता प्रोजेक्ट के विषय में भाजपा नेताओं की बोलती बंद है झूठ बोलने और अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेता जनता के सवालों का जवाब देने से बच रहे है।

# प्रदेश सरकार को दर्पण दिखा रहे अधिकारी : कौशिक

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष कौशिक धरमलाल कौशिक ने कहा कि महासंमुद जिले के एक अधिकारी के धरने पर चले जाने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। यही कारण है कि अब अधिकारियों को भी भष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह के रास्ते पर जाने के विवशता है। उन्होंने कहा कि धरनारत अधिकारी प्रदेश सरकार को दर्पण दिखाने का काम कर रही है। जिस तरह से महिला बालविकास विभाग में भष्टाचार के लिये अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। यह निंदनीय है। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिये ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि कभी कांग्रेस की मंशा नहीं रही है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। हमेशा ही कांग्रेस भष्टाचार की जननी पार्टी रही है। देश की आजादी के बाद से कांग्रेस ही सत्ता में रही है लेकिन उनकी इच्छाशक्ति भष्टाचार से लड़ने की नही रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिये अधिकारियों को विवश किया जा रहा है लेकिन एक अधिकारी ने जब भ्रष्टाचार के खिलाफ अवाज बुलंद किया है तो उसके स्वर को दबाने की कोशिश की जा रही है। जिसकी हम निंदा करते हैं।



### पुष्पराज सिंह की मौत

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने जांजगीर में पदस्थ पुलिस के जवान पुष्पराज सिंह की मौत के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आखिरकार किन परिस्थितियों में जवान की मौत हुई है। उसका सच सबके सामने आना चाहिये। उनके परिजनों में मौत को लेकर कई सवाल उठाया है। जिसकी सत्यता की जांच जरूरत है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि एक कर्मयोगी पुलिस के जवान के मौत पर सब दुखी है। इस पूरे मामले की एक टीम गठित करके जांच किया जाना चाहिये।जिससे की परिवार को न्याय मिल सके। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक मदद के साथ अनुकंपा नौकरी दिया जाना चाहिये।

# शिक्षक भर्ती के पात्र युवाओं की नौकरी की फरियाद

- डीएड बीएड संघ के युवा बेरोजगारों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में 2019 सत्र में शिक्षक भर्ती के पात्र युवाओं ने नियुक्ति में हो रही लेटलतीफी को लेकर विधायक से मुलाकात की। अपनी बेरोजगारी से मानसिक परेशानी का हवाला देते हुए युवाओं ने विधायक को नियुक्ति के लिए मदद करने की मांग करते हुए ज्ञापन भी सौपा है। ज्ञापन में पूर्व में भी राज्य सरकार से अनेक दफा फरियाद करने का जिक्र करते हुए शीघ्र कदम उठाने की मांग की है।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दिनांक 09 मार्च 2019 को 14580 शिक्षकों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें व्याख्याता के 3177 पद, शिक्षक (हिन्दी माध्यम, अंग्रेजी माध्यम) के 5897 पद और सहायक शिक्षक (हिन्दी माध्यम विज्ञान, प्रयोगशाला और अंग्रेजी माध्यम) के 5506 पद शामिल थे। जिसके लिए जुलाई-अगस्त 2019 को परीक्षा आयोजित की गई थी। तथा नवंबर 2019 तक सभी वर्गों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए थे। जिसमें व्याख्याता के कुछ पदों को छोड़ कर बाकी पदों पर नियुक्ति सरकार द्वारा मार्च 2021 में की गई है तथा शेष शिक्षक व सहायक शिक्षक में चयनित अभ्यर्थी आज मई 2021 तक 2 वर्ष 2 माह गुजर जाने के बाद भी पदस्थापना से वंचित हैं। युवाओं ने पायनियर को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि एक तरफ हमारी नियुक्ति रोक दी गयी ये कह कर कि स्कूल बंद हैं तो दूसरी तरफ संविदा भर्ती के आदेश जारी किए गए हैं। स्कूल बंद होने का हवाला देकर हमें बेरोजगारी दी जा रही है। युवाओं की माने तो वे पढई तुंहर द्वार का हिस्सा बन के राज्य के ग्रामीण और पिछड़े बच्चों को बेहतर शिक्षा देना चाहते हैं, आपदा प्रबंधन के तहत हम कोरोना ड्यूटी करने को भी तैयार हैं।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और जिला प्रशासन के बीच बनी सहमति

# लॉकडाउन के बीच आज से 11 जगहों पर खुलेंगी दुकानें, ऑड-ईवन फार्मूले के तहत

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट से जारी निर्देश अनुसार जिस व्यापार को शुरू होने अनुमति है, वो शाम 5 बजे तक अपनी दुकान खोल सकते है। चिन्हांकित 11 बाजारों-कॉम्प्लेक्स को लेफ्ट राइट और ऑड ईवन के जरिए खोलने के लिए एसोसिएशन प्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन और नगर निगम से चर्चा कर तय किया गया है. इस दौरान कोरोना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ही दुकानें खोलने की अनुमति है. सभी व्यापारी कोविड-19 के निर्देशों का पालन करेंगे। इसके साथ ही ग्राहकों को भी पालन करने के लिए जागरूक करेंगे।

राजधानी में 17 मई से दुकानों को खोलने की अनुमति दे दी गई है. जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार बाजारों-कॉम्प्लेक्स को ऑड ईवन यानी लेफ्ट-राइट के तहत खोले जाएंगे. जिसके लिए 11 बाजार-कॉम्प्लेक्स को खोलने की इजाजत मिली । सभी दुकाने सप्ताह में 6 दिन और शाम 5 बजे तक खोले जा सकेंगे। इन दुकानों के लिए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और जिला प्रशासन के बीच सहमति बनी है।

**इन 11 जगहों पर खुलेंगी दुकानें**

गोल बाजार, मालवीय रोड, रवि भवन, बंजारी मार्केट, लाल गंगा कॉम्प्लेक्स, जयराम कॉम्प्लेक्स, सदर बाजार, पंडरी कपड़ा बाजार ( सभी 5), बूढ़ा तालाब से लेकर लाखे नगर, एम जी रोड, गुढियारी बाजार,

**क्या है ऑड-ईवन फार्मूला ?**

ऑड ईवन फार्मूला एक तरह का ये दुकान खोलने का सोशल डिस्टेंसिंग है. इसका मतलब एक दिन 1, 3, 5, 7, और 9 नंबर की दुकानें खुलेंगी. मतलब साफ शब्दों में एक-एक दुकान छोड़कर खोलना. सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना. जबकि दूसरे दिन 2, 4, 6, 8, 10 नंबर की दुकानों को खोलने की अनुमति होगी. स?क के एक तरफ की दुकान एक दिन और स?क की दूसरी ओर की दुकान अगले दिन खोलने को लेकर रणनीति तैयार की जा सकती है.



**क्या-क्या छूट मिली है ?**

किराना और दैनिक जरूरतों, सब्जियों और फलों से संबंधित केवल व्यक्तिगत दुकानें खोलने, होम डिलीवरी की छूट रहेगी.केवल मांस, मुर्गी पालन, अंडे, मछली, दूध, दूध उत्पाद बेचने वाली दुकानें खुलेंगीं. यहां होम डिलीवरी को प्रोत्साहित किया जाएगा. बैंक, डाकघर को ग्राहकों के लिए 50प्र कर्मचारियों के साथ और उचित सामाजिक/शारीरिक दूरी का पालन करते हुए खोलने की छूट, सभी सरकारी और निजी निर्माण गतिविधियां, श्रम सुरक्षा और कोरोना एसओपी प्रोटोकॉल की शर्त पर लागू होंगे।

**पांबदी के साथ अनुमति**

थोक अनाज की दुकानों को शाम 5.00 बजे तक अनुमति दी जाएगी।, अस्पताल, दवा की दुकानें, पीडीएस दुकानें, पेट्रोल पंप (आम जनता के लिए नहीं), ई-कॉमर्स जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट को छूट, होटल और रेस्तरां से होम डिलीवरी की अनुमति रात 10.00 बजे तक दी जाएगी.

**दूध की होम डिलीवरी, पालतू जानवरों की दुकानें :** एलपीजी, समाचार पत्र, फल, सब्जी, रात 9.00 बजे तक भोजन का ऑर्डर लिया जा सकता है। माल, थोक सब्जियों और फलों की लोडिंग और अनलोडिंग किसी भी समय रात 10.00 बजे से सुबह 6.00 बजे के बीच की जा सकती है. जिला प्रशासन स्थानीय समय तय कर सकता है, लेकिन सुबह 6.00 बजे के बाद कभी नहीं। बाजार दैनिक आधार पर खोले जा सकते हैं, लेकिन ऑड-ईवन नंबर की दुकानें वैकल्पिक दिनों में खुल सकती हैं। विवाह और अंत्येष्टि में अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति होगी।

**ये रहेंगे पूरी तरह से बंद :** मैरिज हॉल, सिनेमा हॉल, जिम पर पाबंदी मॉल, क्लब, स्विमिंग पूल, सुपर मार्केट, पार्क बंद, धार्मिक स्थल बंद रहेंगे. सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक सभा और धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध, कोचिंग कक्षाएं बंद रहेगी. स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए बंद, शराब की दुकानें बंद सिर्फ होम डिलीवरी, भोजनालय, चौपाटी, ठेला और भोजनालय बंद. सैलून और स्पा सेंटर बंद रहेंगे. बड़ी मंडी और सब्जी बाजार जनता के लिए बंद, हर रविवार को रहेगा पूर्ण लॉकडाउन।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403